


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-27 अंक : 226 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) कार्तिक शु.7, 2079 सोमवार, 31 अक्टूबर 2022

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## भगवान भास्कर को दिया पहला अर्घ्य

### 15 लाख से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे घाट

पटना, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। 28 अक्टूबर से शुरू हुए छठ महापर्व का आज बेहद खास तीसरा दिन है। व्रतियों ने डूबते हुए सूर्य को बांस की टोकरी में फल, ठेकुआ, चावल के लड्डू आदि से भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया। पटना के गंगा घाटों पर श्रद्धालु सिर पर धम्मा और दउरा लेकर छठ व्रतियों के साथ गीत गाते हुए पहुंचे। राजधानी पटना में शहर के 85 गंगा घाट और 61 तालाबों पर 15 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचे। वहीं, जिले के 427 घाट और 179 तालाबों पर 25 से 30 लाख श्रद्धालु घाट पर पहुंचे।

>14

## पूर्व मेयर को दादर पुलिस का समन

*एसआरए फ्लैट स्कैम मामले में एक्शन*



मुंबई, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। एसआरए फ्लैट स्कैम मामले में शिवसेना नेता और मुंबई की पूर्व मेयर किशोरी पेडनेकर की मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। इस मामले में अब दादर पुलिस ने उन्हें समन जारी किया है। किशोरी पेडनेकर को 31 अक्तूबर को पुलिस के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। बता दें कि किशोरी पेडनेकर को इससे पहले 29 अक्तूबर को पेश होने के लिए समन भेजा गया था, लेकिन वह हाजिर नहीं हुईं। ऐसे में दादर पुलिस ने उन्हें 31 अक्तूबर को पेश होने के लिए समन जारी किया है।

# तेलंगाना सरकार का बड़ा फैसला

## राज्य में किसी भी जांच के लिए सीबीआई को लेनी होगी सहमति

हैदराबाद, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। तेलंगाना सरकार ने 30 अगस्त को राज्य में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को दी गई सामान्य सहमति को वापस लेने का आदेश जारी किया। अब किसी भी मामले में जांच के लिए मामले के आधार पर पूर्व सहमति आवश्यक है। यह जानकारी अतिरिक्त महाधिवक्ता (एएजी) ने तेलंगाना उच्च न्यायालय में भाजपा द्वारा दायर एक याचिका पर बहस के दौरान दी, जिसमें टीआरएस विधायकों के खरीद-फरोख्त मामले की सीबीआई जांच की मांग की गई थी।
टीआरएस के चार विधायकों को कथित तौर खरीद-फरोख्त की कोशिश करने वाले तीन लोगों को शनिवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। सरकार के गृह (विशेष)



विभाग ने 30 अगस्त को एक आदेश-जीओएम नंबर 51 जारी किया था, जिसमें दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम, 1946 की धारा 6 के तहत उसके द्वारा जारी सभी पिछली सामान्य सहमति वापस ले ली गई थी। जिसके बारे में एएजी ने अदालत को सूचित किया।

***बता दें, तेलंगाना हाईकोर्ट ने शनिवार (29 अक्टूबर, 2022) को विधायकों की खरीद फरोख्त मामले में चल रही जांच पर अगले आदेश तक रोक लगा दी थी।***

तेलंगाना राष्ट्र समिति के चार विधायकों को खरीदने के कथित मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो से कराने की मांग वाली भाजपा ने याचिका दायर की थी। जिस पर तेलंगाना हाईकोर्ट की एकल पीठ ने अंतरिम आदेश पारित किया था। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति बी. विजयसेन रेड्डी ने राज्य सरकार और अन्य प्रतिवादियों को 4 नवंबर तक जवाब दाखिल करने को कहा था।

## ममता बनर्जी ने की सीजेआई से लोकतंत्र बचाने की अपील

**बोलीं- हमारी प्रतिष्ठा ही हमारी इज्जत, इसे लूट लिया तो सब खत्म हो जाएगा**



कोलकाता, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने देश में लोकतांत्रिक संस्थाओं के बिगड़ने पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने रविवार को चीफ जस्टिस यूयू ललित से लोकतंत्र को बचाने की अपील की। ममता ने कहा कि अगर यह सिलसिला जारी रहा तो देश राष्ट्रपति शासन की ओर अग्रसर होगा।
ममता रविवार को कोलकाता में स्थित राष्ट्रीय न्यायिक विज्ञान विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचीं। जस्टिस ललित भी इस कार्यक्रम में मौजूद रहे।

>14

# 370 हटने से जम्मू-कश्मीर में बढ़ा रोजगार

## पीएम मोदी बोले- 2019 के बाद 30 हजार लोगों की लगी सरकारी नौकरी



नई दिल्ली, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को वीडियो कांफ्रेंस के जरिए जम्मू-कश्मीर रोजगार मेले को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज जम्मू-कश्मीर में 20 अलग-अलग जगहों पर 3 हजार युवाओं को सरकार में काम करने के लिए नियुक्ति पत्र सौंपे जा रहे हैं। आज नियुक्ति पत्र पाने वाले सभी युवाओं को बहुत बधाई। पीएम मोदी ने कहा, 'आने वाले दिनों में दूसरे अन्य विभागों में भी 700 से ज्यादा नियुक्ति पत्र देने की तैयारी जोरों पर है। 21वीं सदी का यह दशक जम्मू-कश्मीर के इतिहास का सबसे अहम दशक है। हमें नई सोच के साथ काम करना है। जम्मू-कश्मीर अब नई व्यवस्थाओं में निरंतर विकास को आगे बढ़ा रहा है। प्रदेश में 2019 से अब तक 30,000 सरकारी पदों पर भर्ती हुई है। इनमें से करीब 20,000 नौकरियां बीते साल में दी गई हैं।'

**'नई संभावनाओं का लाभ उठाने का समय'**

नरेंद्र मोदी ने कहा कि अब समय पुरानी चुनौतियों को पीछे छोड़कर नई संभावनाओं का लाभ उठाने का है। यह हमारे युवा ही हैं जो जम्मू कश्मीर में विकास की नई गाथा लिखेंगे। आज इस प्रदेश में रोजगार मेले का आयोजन बहुत विशेष है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में जिस तरह इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास हो रहा है, कनेक्टिविटी बढ़ रही है, उसने टूरिज्म सेक्टर को भी मजबूत किया है।'

**'भ्रष्टाचार से नफरत करते हैं यहां के लोग'**

पीएम मोदी ने कहा कि यहां के लोगों ने हमेशा पारदर्शिता पर बल दिया है। आज जो नौजवान सरकारी सेवाओं में आ रहे हैं, उन्हें पारदर्शिता को अपनी प्राथमिकता बनाना है। उन्होंने कहा, 'मैं पहले जब भी जम्मू-कश्मीर के लोगों से मिलता था, उनका एक दर्द हमेशा महसूस करता था। ये दर्द था... व्यवस्थाओं में भ्रष्टाचार। जम्मू-कश्मीर के लोग भ्रष्टाचार से नफरत करते हैं।'

# राहुल ने बच्चों व कार्यकर्ताओं संग लगाई रेस

## कांग्रेस बोली- 'भारत को बिखरने नहीं देंगे'

हैदराबाद, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा रविवार को फिर से शुरू हो गई। तेलंगाना चरण के पांचवे दिन यात्रा गोलापल्ली से शुरू हुई। इस दौरान राहुल गांधी ने कार्यकर्ताओं और बच्चों संग रेस लगाकर पदयात्रियों में जोश भर दिया। कांग्रेस ने अपने ट्विटर हैंडल पर इसका वीडियो भी पोस्ट किया है, जिसमें राहुल गांधी दौड़ लगाते हुए दिख रहे हैं। इसके अलावा कांग्रेस ने आज की यात्रा की कुछ तस्वीरें भी पोस्ट की हैं। पार्टी ने लिखा है अन्याय और नफरत के खिलाफ हमें आवाज उठानी होगी। हम भारत को यूं बिखरने नहीं देंगे।

**राहुल ने तय किया 22 किलोमीटर की दूरी**

कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ राहुल गांधी रविवार को करीब 22 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे। राहुल गांधी शाम को शादनगर में सोलीपुर जंक्शन पर एक बैठक को संबोधित करेंगे। बता दें, यात्रा सात नवंबर को महाराष्ट्र में प्रवेश करने से पहले, राज्य में कुल 375 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। इस दौरान तेलंगाना की 19 विधानसभा और सात संसदीय क्षेत्रों से यात्रा गुजरेगी। चार नवंबर को भारत जोड़ो



यात्रा को एक दिन का विश्राम दिया जाएगा।

# पीएम मोदी बोले- एक भारत श्रेष्ठ भारत का उदाहरण हैं छठ पर्व

नई दिल्ली, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार (30 अक्तूबर) को देश के लोगों से 94वीं बार मन की बात की। इस दौरान उन्होंने देशवासियों को छठ पर्व की बधाई दी। साथ ही, कहा कि यह त्योहार एक भारत श्रेष्ठ भारत का अप्रतिम उदाहरण है।

**पीएम मोदी ने दीं शुभकामनाएं**

पीएम मोदी ने कहा कि आज देश के कई हिस्सों में सूर्य उपासना का महापर्व छठ मनाया जा रहा है। छठ पर्व का हिस्सा बनने के लिए लाखों श्रद्धालु अपने गांव, अपने घर, अपने परिवार के बीच पहुंचे हैं। मेरी प्रार्थना है कि छठ मइया सबकी समृद्धि, सबके कल्याण का आशीर्वाद दें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि छठ का पर्व एक भारत-श्रेष्ठ भारत का भी उदाहरण है।
आज बिहार और पूर्वांचल के लोग देश के जिस भी कोने में हैं, वहां धूमधाम से छठ का आयोजन हो रहा है। उन्होंने कहा कि पहले गुजरात में छठ पूजा नहीं होती थी, लेकिन समय के साथ आज करीब-करीब पूरे गुजरात में छठ पूजा के रंग नजर आने लगे हैं। यह देखकर मुझे भी बहुत




खुशी होती है। आजकल हम देखते हैं कि विदेशों से भी छठ पूजा की कितनी भव्य तस्वीरें आती हैं।

**सौर ऊर्जा को बताया सूर्य देव का वरदान**

मन की बात के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि सूर्य देव का वरदान है 'सौर ऊर्जा'। सोलर एनर्जी आज एक ऐसा विषय है, जिसमें पूरी दुनिया अपना भविष्य देख रही है और भारत के लिए तो सूर्य देव सदियों से उपासना ही नहीं जीवन पद्धति के भी केंद्र में रह रहे हैं।

**स्पेस सेक्टर का भी किया जिक्र**

प्रधानमंत्री ने कहा कि इसरो ने नए-नए लॉन्च करके भारत को वैश्विक कमर्शियल बाजार में मजबूत खिलाड़ी के रूप में तैयार किया। उन्होंने कहा कि एक समय था जब भारत को क्रायोजैनिक टेक्नोलॉजी देने से मना कर दिया गया था। भारत ने इस पर खुद काम किया और आज अपनी तकनीक से ही सैटेलाइट लॉन्च कर रहा है।

**सोलर एनर्जी पर गिनाईं उपलब्धियां**

पीएम मोदी ने सोलर एनर्जी पर भी देश की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने कहा कि सोलर एनर्जी पर पूरी दुनिया अपना भविष्य देख रही है। हमने अपने किसान भाइयों के लिए किसान कुसुम योजना शुरू की, जिसके तहत किसान सोलर पंप लगवा रहे हैं। सौर ऊर्जा से अब किसान कमाई भी कर रहे हैं। उन्होंने तमिलनाडु के कांचीपुरम से ताल्लुक रखने वाले एक किसान का भी जिक्र किया। इस किसान ने अपने खेत में 10 हॉर्सपॉवर का सोलर पंप सेट लगवाया है।

**पीएम मोदी ने मोढेरा गांव का किया जिक्र**

मन की बात में गुजरात के मोढेरा गांव का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इस गांव के लगभग सभी घर अपनी बिजली की जरूरतों के लिए सौर ऊर्जा का इस्तेमाल कर रहे हैं। यहां के लोग बिजली बेचकर इससे कमाई भी कर रहे हैं। मोढेरा गांव से प्रेरित होकर दूसरे गांव भी खुद को सौर गांवों में बदलने के लिए मुझे पत्र लिख रहे हैं।

# जम्मू-कश्मीर में आने वाली है अब तक की सबसे बड़ी शांति

## फारूक अब्दुल्ला के दावे ने उड़ाई दुश्मन पाकिस्तान की नींद



श्रीनगर, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। कश्मीर से अनुच्छेद 370 और धारा 35-ए हटने के बाद से ही माहौल धीरे-धीरे बदलना शुरू हो गया था, लेकिन अब इस राज्य में शांति का वह दौर आने वाला है, जो अबसे पहले कभी नहीं हुआ। यानि मतलब साफ है कि केंद्र सरकार ने विकास और लोगों के कल्याणकारी नीतियों पर फोकस करने से घाटी समेत पूरे राज्य का वातावरण काफी तेजी से बदल रहा है। अब स्थानीय लोगों को भी समझ में आने लगा है कि केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर में जो कुछ भी किया है और आगे जो कुछ भी कर रही है,वह उन लोगों की भलाई के लिए ही है।
अभी तक जम्मू-कश्मीर में दहशत और दर्द भरी जिंदगी जी रहे लोगों को अब उम्मीद की नई किरण दिखाई देने लगी है। इसी लिए नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के नेता और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर में अब तक की सबसे बड़ी शांति आने की उम्मीद जताई है।
यह बात अलग है कि अब्दुल्ला के इस भरोसे को देखकर दुश्मन पाकिस्तान और चीन की नींद भी उड़ गई है। जो कश्मीर के खिलाफ नफरत और झूठ का एजेंडा चलाते हैं। अब्दुल्ला ने कहा है कि उन्हें केंद्र-शासित प्रदेश में शांति लौटने की उम्मीद जगी है। वह अमन और शांति की कामना करते हैं, ताकि सभी समुदाय बिना किसी डर के रह सकें। 1990 के दशक में घाटी से कश्मीरी पंडितों के पलायन से पहले तत्कालीन राज्य में मौजूद सांप्रदायिक सौहार्द को याद करते हुए उन्होंने कहा, एक समय था, जब हम साथ थे और फिर एक लहर आई और हम अलग हो गए।
अब्दुल्ला ने शनिवार को कश्मीरी पंडित समुदाय से जुड़े हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.उपेंद्र कौल की लिखी पुस्तक "वेन द हार्ट स्पीक्स-मेमॉयर्स ऑफ ए कार्डियोलॉजिस्ट' का विमोचन करने के बाद यह बात कही। कार्यक्रम में नेशनल कांफ्रेंस के उपाध्यक्ष और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि उन्हें यह पुस्तक बहुच दिलचस्प लगी। इसमें डॉ.कौल की जीवन यात्रा के साथ ही घाटी से कश्मीरी पंडितों के पलायन से पहले मौजूद सांप्रदायिक सौहार्द के बारे में जानकारी दी गई है। अब्दुल्ला ने कहा कि पंडितों के पलायन के समय कश्मीरी मुसलमान मूकदर्शक बने हुए थे, क्योंकि वे खुद डरे हुए थे। उन्होंने कहा, वे संबंध अभी तक बहाल नहीं हुए हैं। कब बहाल होंगे, मुझे नहीं पता।

# पीएम ने टाटा-एयरबस प्लांट की आधारशिला रखी

## अब भारत में बनेगा भारत का बाहुबली

वडोदरा, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के वडोदरा में टाटा-एयरबस के सी-295 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट मैन्युफैक्चरिंग प्लांट की आधारशिला रखी। एयरफोर्स के लिए सी-295 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट बनाए जाएंगे। इसके लिए टाटा ने यूरोपियन कंपनी एयरबस के साथ मिलकर डील की है। खास बात है कि देश में अभी तक इस तरह के एयरक्राफ्ट नहीं बनाए जाते थे।
प्रधानमंत्री ने कहा कि ये आत्मनिर्भर बनने की दिशा में भारत की एक बड़ी छलांग है। हम एयरक्रफ्ट कैरियर, सबमरीन बना रहे हैं। यही नहीं, भारत में बनी दवाएं दुनिया में लोगों की जान बचा रही हैं। मेक इन इंडिया, मेक फॉर द ग्लोब के मंत्र पर आगे बढ़




रहा भारत, आज अपने सामर्थ्य को और बढ़ा रहा है। अब भारत, ट्रांसपोर्ट प्लेन्स का भी बहुत बड़ा निर्माता बनेगा। मैं वह दिन देख रहा हूं, जब भारत में बड़े प्लेन बनेंगे और उन पर लिखा होगा 'मेड इन इंडिया'। आज भारत में इसकी शुरुआत हो रही है।

**डिफेंस एयरोस्पेस सेक्टर पहली बार बड़ा इन्वेस्टमेंट**

पीएम् ने कहा- ये पहली बार है कि भारत के डिफेंस एयरोस्पेस सेक्टर में इतना बड़ा इन्वेस्टमेंट हो रहा है। वडोदरा में बनने वाले ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट हमारी सेना को तो ताकत ही नहीं देंगे, बल्कि इससे एयरक्राफ्ट मैन्युफैक्चरिंग के लिए नए इकोसिस्टम का विकास होगा। दुनिया का सबसे तेजी से विकसित होता एविएशन सेक्टर आज भारत में है। वहीं, एयर ट्रैफिक के मामले में हम दुनिया के टॉप तीन देशों में पहुंचने वाले हैं।

**हर हफ्ते बनेगा एक विमान**


एयरबस के चीफ कमर्शियल ऑफिसर क्रिश्चियन शेरर ने कहा- टाटा और एयरबस मिलकर एक ऐसा विमान बनाएंगे, जो इंडियन एयरफोर्स को मजबूत करेगा और प्रधानमंत्री के "आत्मनिर्भर भारत' के सपने को पूरा करेगा। हम अगले 10 सालों के लिए हर हफ्ते औसतन 1 से ज्यादा विमान बनाएंगे।

>14

# जयराम रमेश का आरोप: बीजेपी विचारक ने मुझसे कहा

## नेहरू को बदनाम करना एक बात, पर हरि सिंह को ऊंचा दिखाना बेवकूफी

नई दिल्ली, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। पूर्व प्रधानमंत्री जवारहर लाल नेहरू और जम्मू-कश्मीर पर टिप्पणी करने के बाद से केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू लगातार विवादों में हैं। इस बीच, रविवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने कहा कि इसको लेकर उन्होंने भाजपा के एक विचारक से बात की और उन्होंने (भाजपा नेता) कहा कि नेहरू को बदनाम किया जाना एक बात है, लेकिन तत्कालीन शासक हरि सिंह को परोपकारी नायक के रूप में पेश



करना स्वार्थ सिद्ध करने जैसा है। रिजिजू ने कहा था कि नेहरू की 'गलतियों' में अनुच्छेद 370 लागू करना और पाकिस्तान के साथ पैदा हुए विवादों को संयुक्त राष्ट्र में ले जाना शामिल था। उन्होंने कहा था कि इन गलतियों ने देश के संसाधनों को खत्म कर दिया और आतंकवाद ने हजारों सैनिकों और नागरिकों की जान ले ली। रमेश ने ट्वीट कर कहा, मैंने आज सुबह भाजपा के एक विचारक से किरेन रिजिजू के बारे में बात की, जिनका 'डिस्टोरियंस' (तथ्यों को तोड़ने-मरोड़ने वाले) क्लब में नया प्रवेश है। कांग्रेस नेता ने नाम लिए बिना कहा, उन्होंने (भाजपा के विचारक) मुझे ये संदेश भेजा- हैरान करने वाली बात यह है कि नेहरू को बदनाम किया जाना एक बात है, लेकिन हरि सिंह को ईमानदार और परोपकारी नायक के रूप में पेश किया जाना मूर्खतापूर्ण और स्वार्थ सिद्ध करने जैसा है।
हरि सिंह, जम्मू और कश्मीर रियासत के अंतिम शासक थे। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के भारत में विलय के दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए थे। रिजिजू ने एक लेख में 'पांच नेहरूवादी भूलों' का हवाला देते हुए लेख लिखा था। इन पांच भूलों में जनमत संग्रह के विचार को आगे बढ़ाना, जम्मू-कश्मीर के विलय को अस्थायी करार देना शामिल है।

# बसवलिंगेश्वर सुसाइड केस में फंसाने वाली 21 साल की इंजीनियरिंग स्टूडेंट अरेस्ट

***एक आरोपी बसवलिंगेश्वर का चचेरा भाई है***

रामनगर, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। कंचुगल मठ के मुख्य पुजारी बसवलिंगेश्वर की सुसाइड के लिए जिम्मेदार महिला को पुलिस ने बेंगलुरु से पकड़ लियाा है। उसके साथ दो लोग और पकड़े गए हैं। इनमें से एक मृत्युंजय स्वामी सुसाइड करने वाले बसवलिंगेश्वर का चचेरा भाई है। महिला सहित दोनों आरोपियों से बसवलिंगेश्वर को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में पूछताछ की जा रही है।



पकड़े गए तीसरे आरोपी वकील महादेवैया ने अश्लील वीडियो की सीडी बनाकर कुछ नेताओं को बांट दी थीं।
मठ के पुजारी को हनीट्रैप करने वाली महिला 21 साल की नीलांबिका है, जिसने मृत्युंजय स्वामी के कहने पर बसवलिंगेश्वर के अश्लील वीडियो बनाए थे। यह लड़की डोड्डाबल्लापुर की रहने वाली है और तुमकुर अपनी दादी के घर आती-जाती थी, तभी यह कन्नूर मठ के स्वामी के संपर्क में आई थी। कन्नूर मठ के स्वामी मृत्युंजय, बसवलिंगेश्वर के चचेरे भाई हैं। इन दोनों के बीच जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। जो कोर्ट में विचाराधीन है। मठ के मुख्य पुजारी ने अपने सुसाइड नोट में लिखा था कि उन्हें कुछ निजी वीडियो पर ब्लैकमेल और परेशान किया जा रहा था। 45 साल के स्वामी बसवलिंगेश्वर ने 24 अक्टूबर को रामनगर जिले में कंचुगल बंदे मठ के पूजा कक्ष में बनी खिड़की की ग्रिल में फांसी लगा ली थी। कन्नूर मठ, कंचुगल मठ से 6 किमी दूर है, जिसका मठाधीश आरोपी मृत्युंजय स्वामी है।
पुलिस के मुताबिक इस महिला ने अपने और बसलिंगेश्वर के 4 अश्लील वीडियोज को फोन के स्क्रीन-रिकॉर्डिंग फंक्शन के जरिए रिकॉर्ड कर लिया था।

>14

# 'मैं डिप्टी सीएम होता तो इस्तीफा दे देता'

## आदित्य ठाकरे का देवेंद्र फडणवीस पर तीखा हमला

मुंबई, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। शिवसेना नेता आदित्य ठाकरे ने एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार पर टाटा-एयरबस प्रोजेक्ट के हाथ से जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र उनके (शिंदे) विश्वासघात और अपवित्र महत्वाकांक्षा के कारण पिछड़ने लगा है। उन्होंने कहा, 'जब हम डबल इंजन सरकार के बारे में बात करते हैं तो महाविकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार के समय केंद्र के साथ हमारे डबल इंजन ने काफी अच्छा काम किया।' आदित्य ठाकरे ने उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अगर वह (आदित्य ठाकरे) वर्तमान सरकार में डिप्टी सीएम के पद पर होते तो उन्होंने इस्तीफा दे दिया होता,



क्योंकि फडणवीस की छवि दांव पर लग गई है। ठाकरे ने उद्योग मंत्री उदय सामंत के इस्तीफे की मांग की और कहा कि में नए सिरे से चुनाव का विकल्प चुनता। शिवसेना नेता ने आगे कहा कि सुभाष देसाई अपने कार्यकाल के दौरान 6.6 लाख करोड़ रुपये का निवेश महाराष्ट्र में लाए। उन्होंने आरोप लगाया कि इस असंवैधानिक सरकार के सत्ता में आने के बाद एक इंजन फेल हो गया और जो निवेश महाराष्ट्र में आना था, वह दूसरे राज्यों में जा रहा है। ठाकरे ने यह भी दावा किया कि तत्कालीन एमवीए सरकार ने मौजूदा सरकार की तुलना में केंद्र के साथ मिलकर बेहतर तरीके से काम किया।

**महाराष्ट्र में आएंगे कुछ बड़े निवेश: सीएम शिंदे**

वहीं, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने राज्य से कुछ निवेश परियोजनाओं के गुजरात चले जाने पर विपक्ष की तरफ से की जा रही आलोचना पर कहा कि महाराष्ट्र को आने वाले समय में कुछ बड़े निवेश मिलने वाले हैं। उन्होंने कहा, 'इस समय महाराष्ट्र में उद्योगों की स्थिति को लेकर एक चर्चा चल रही है और इस मुद्दे पर उद्योग मंत्री लगातार अपनी बात रख रहे हैं। मैं इस पर कुछ नहीं कहना चाहता लेकिन सरकार युवाओं के लिए रोजगार पैदा करने के मामले में पीछे नहीं रहेगी।'

हाल ही में टाटा समूह और एयरबस के गठजोड़ ने अपनी विमान विनिर्माण परियोजना को महाराष्ट्र से हटाकर गुजरात ले जाने की घोषणा की है। इसके पहले वेदांता और फॉक्सकॉन ने भी संयुक्त उद्यम में लगने वाली अपनी सेमीकंडक्टर इकाई को अचानक महाराष्ट्र से गुजरात ले जाने का ऐलान कर दिया था। इन घटनाओं को लेकर विपक्षी दल लगातार महाराष्ट्र सरकार की आलोचना कर रहे हैं। विपक्ष का कहना है कि राज्य सरकार महाराष्ट्र के हितों की रक्षा नहीं कर पा रही है।

## पत्नी के छोड़कर जाने से परेशान चचेरे भाई ने युवक पर चलाई कुल्हाड़ी, हालत गंभीर

छिंदवाड़ा, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। छिंदवाड़ा जिले में शनिवार के दिन हरिओम ने रिश्ते के भाई के खेत में जाकर विवाद किया और पहले से अपने पास रखी कुल्हाड़ी मारकर उसे घायल कर दिया। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्जकर लिया है, जबकि घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। उमरेठ पुलिस ने बताया, मानकादेही निवासी 40 वर्षीय लेखराम पिता गंगाराम यादव शनिवार की सुबह आठ बजे के आसपास अपने खेत में काम करवा रहा था। इस दौरान उसका रिश्ते का भाई 40 वर्षीय हरिओम पिता माखन यादव आया और विवाद करने लगा। दरअसल, हरिओम मानसिक रूप से कमजोर है और हर खेत को अपना करार देता है।

## गुजरात के चुनाव की घोषणा जल्द कर सकता है निर्वाचन आयोग




नई दिल्ली, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। निर्वाचन आयोग इस सप्ताह गुजरात के आगामी विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा कर सकता है। 2017 में अपनाई गई परंपरा का हवाला देते हुए निर्वाचन आयोग ने इस महीने की शुरुआत में हिमाचल प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनावों की तारीखों के साथ गुजरात के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा नहीं की थी। हिमाचल में 12 नवंबर को एक चरण में मतदान होगा, जबकि वोटों की गिनती आठ दिसंबर को की जाएगी। आयोग ने हिमाचल प्रदेश के लिए मतगणना की तारीख को मतदान के करीब एक महीने बाद रखते हुए स्पष्ट संकेत दिया था कि गुजरात चुनाव के वोटों की गिनती भी आठ दिसंबर को होगी। 2017 में दोनों राज्यों में अलग-अलग तारीखों पर चुनाव की घोषणा की गई थी, लेकिन मतगणना 18 दिसंबर को एक साथ हुई थी।

दरअसल, गुजरात में बाढ़ के चलते निर्वाचन आयोग को राज्य में हिमाचल चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद मतदान कराना पड़ा था। निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के मुताबिक, गुजरात और हिमाचल प्रदेश में साल 1998, 2007 और 2012 में एक साथ चुनाव हुए थे। 182 सदस्यीय गुजरात विधानसभा का कार्यकाल 18 फरवरी 2023 को समाप्त हो रहा है।

## महिलाओं के प्रजनन अधिकारों पर आयु प्रतिबंध मामले में केंद्र सरकार को नोटिस



नई दिल्ली, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान परीक्षण करने के लिए महिलाओं के प्रजनन अधिकारों पर 35 वर्ष के आयु प्रतिबंध के खिलाफ याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा है। जस्टिस एसके कौल और जस्टिस एएस ओका की पीठ ने वकील मीरा कौरा पटेल की याचिका पर केंद्र व अन्य को नोटिस जारी किया। याचिका में गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक (लिंग चयन निषेध) अधिनियम, 1994 की धारा 4(3)(आई) में 35 वर्ष की आयु सीमा महिलाओं के प्रजनन अधिकारों पर प्रतिबंध का हवाला दिया गया है। अधिनियम के अनुसार, जब तक गर्भवती महिला की आयु 35 वर्ष से अधिक न हो, प्रसव पूर्व निदान तकनीक का उपयोग या संचालन नहीं किया जाएगा।

**गर्भपात पर पहले आया था फैसला**

महिलाओं के प्रजनन अधिकारों पर एक महत्वपूर्ण फैसले में, शीर्ष अदालत ने पहले माना था कि सभी महिलाएं गर्भावस्था के 24 सप्ताह तक सुरक्षित और कानूनी गर्भपात की हकदार हैं और वैवाहिक स्थिति के आधार पर कोई भेद करना संवैधानिक रूप से अस्थिर है।

# 'सत्येंद्र जैन तिहाड़ जेल में कराते हैं मसाज

## खाते हैं घर का खाना, अक्सर मिलने आती हैं पत्नी' : ईडी की कोर्ट में शिकायत

नई दिल्ली, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। तिहाड़ जेल में आम आदमी पार्टी के मंत्री सत्येंद्र जैन ऐश की जिंदगी काट रहे हैं। इस बारे में ईडी ने कोर्ट से शिकायत की है। ईडी ने तिहाड़ जेल में सत्येंद्र जैन के ऐशो आराम की सीसीटीवी फुटेज कोर्ट में सौंपी। शिकायत में ईडी ने बताया कि तिहाड़ जेल में सत्येंद्र जैन को हेड मसाज, फुट मसाज और बैक मसाज जैसी तमाम सुविधाएं मुहैया हो रही है। फुटेज के मुताबिक, जेल सुपरिटेंडेंट हर रोज नियमों के विरुद्ध सत्येंद्र जैन से मुलाकात करते हैं ताकि सलाखों के पीछे मंत्री साहेब को कोई दिक्कत न हो। सत्येंद्र जैन के लिए कोर्ट के



आदेश की अवेहलना करते हुए घर का बना खाना जेल में मुहैया करवाया जाता है। जेल मैनुअल के विरुद्ध सत्येंद्र जैन की पत्नी पूनम जैन उनसे सेल में अक्सर मिलने आती हैं जो कि गलत है। सीसीटीवी फुटेज के मुताबिक, इस केस के अन्य आरोपी अंकुश जैन और वैभव जैन जो कि तिहाड़ में ही मौजूद हैं उनसे सत्येंद्र जैन अक्सर अपनी सेल में घंटो मीटिंग करते हैं, जो कि केस की जांच के लिए ठीक नहीं। ईडी ने अपने एफडेविट में ये भी लिखा कि सत्येंद्र जैन जेल मंत्री भी है जिसका वो गलत फायदा उठा रहे हैं। तिहाड़ प्रशासन के मुताबिक ईडी ने सत्येंद्र जैन के सेल और जिस वार्ड में वो है उसकी फुटेज की मांग की थी। जिसके बाद तिहाड़ प्रशासन ने उन्हें मुहैया कराया। तिहाड़ प्रशासन का कहना है कि सत्येंद्र जैन के सेल में कोई बाहर से नही आया। हालांकि जब सुबह गिनती खुलती है उस वक्त वार्ड में मौजूद सभी कैदी एक दूसरे से बात कर सकते है। इस मामले में जिस सह आरोपी की बात कही जा रही है वो भी उसी वार्ड में है जिस वार्ड में सत्येंद्र जैन है लिहाजा वो आपस मे बात कर सकते है। गिनती के बाद जब सभी अपने अपने सेल में चले जाते है तब एक दूसरे के सेल में नही जा सकते। तिहाड़ प्रशासन किसी भी तरह के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट से इनकार कर रही है।

## दिल्ली कैंट में तमंचा दिखाकर बदमाशों ने लूटी फॉर्च्यूनर कार

नई दिल्ली, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। दिल्ली के सबसे सुरक्षित इलाकों में से एक दिल्ली कैंट से लूट की वारदात का सनसनीखेज सीसीटीवी वीडियो सामने आया है। इस फुटेज में बेखौफ बदमाश सरेआम पिस्टल दिखाकर एक शख्स से उसकी फॉर्च्यूनर गाड़ी लूटकर फरार हो गए। इतना ही नहीं जब इस वारदात को अंजाम दिया जा रहा था तो आसपास मौजूद लोगों ने कोई एक्शन नहीं लिया। यह घटना शनिवार (29 अक्टूबर) की बताई जा रही है। वीडियो में दिख रहा है कि एक ही बाइक पर तीन बदमाश सवार होकर आते हैं और एक फॉर्च्यूनर कार के रुकने पर तीनों में से एक कार के ड्राइवर को बंदूक दिखाकर कार लेकर मौके से फरार हो जाते हैं। 10 कदम की दूरी पर ही एक दुकान पर कुछ लोग भी खड़े थे लेकिन, बदमशों को किसी का कोई खौफ नहीं था. बदमाश आसानी से फॉर्च्यूनर कार को लूटकर फरार हो गए.

**पुलिस ने दर्ज की एफआईआर**

वीडियो के सामने आने के बाद पुलिस ने एफआईआर (एफआईआर) दर्ज कर ली है। दिल्ली कैंट इलाके में 24 घंटे पुलिस की तैनाती और पेट्रोलिंग होती रहती है। ऐसे सुरक्षित इलाके से इस तरह की घटना का सामने आना आम लोगों की सुरक्षा और कानून व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है।

# मायावती ने गुजरात में यूनिफॉर्म सिविल कोड पर

## कमेटी गठित करने को लेकर बीजेपी पर साधा निशाना, बोलीं- बीजेपी की हालत वास्तव में खराब

नई दिल्ली, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। बसपा सुप्रीमो मायावती ने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा है। दरअसल गुजरात में बीजेपी सरकार ने उत्तराखंड की तर्ज पर समान नागरिक संहिता (यूनिफॉर्म सिविल कोड) के लिए कमेटी बनाने का ऐलान किया है। माना जा रहा है कि गुजरात चुनाव से पहले यह बीजेपी का बड़ा दांव है। वहीं अब इस मुद्दे को लेकर बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि यूसीसी का मुद्दा उठाने से पता चलता है कि बीजेपी की हालत गुजरात में वास्तव में ठीक नहीं है। मायावती ने ट्वीट करते हुए



लिखा कि बीजेपी विभाजनकारी मुद्दों को लेकर ही आगे बढ़ती है। उन्होंने लिखा, "यूपी व अन्य राज्यों में भी रोजगार व विकास के बजाय बीजेपी द्वारा विवादित एवं विभाजनकारी मुद्दों को तरह समान नागरिक संहिता को चुनावी मुद्दा बनाना खास बात नहीं। किन्तु गुजरात में इसको चुनावी मुद्दा बनाने से इस आमचर्चा को बल मिलता है कि वहाँ बीजेपी की हालत वास्तव में ठीक नहीं है।" मायावती ने कुल 3 ट्वीट किए और कहा कि बीजेपी विचलित हो गई है और झुक रही है। उन्होंने अगले ट्वीट में लिखा, "जबकि केन्द्र ने अभी हाल में स्वयं माननीय सुप्रीम कोर्ट में कहा है कि यूनिफार्म सिविल कोड के मामले पर कोई निर्णय अभी न किया जाए, क्योंकि इसे वह 22वें लॉ कमीशन को सौंपेगी। तो फिर गुजरात विधानसभा चुनाव में ऐसा क्या होने जा रहा है, जिससे बीजेपी विचलित है व झुक रही है?"

मायावती ने गुजरात और हिमाचल विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों की फंडिंग को लेकर भी सवाल उठाया। मायावती ने ट्वीट कर पूछा, "चुनाव को प्रभावित करने के लिए जनता की नजर से अज्ञात श्रोतों से प्राप्त अकूत धन का इस्तेमाल कितना उचित है? ताजा आँकड़े बताते हैं कि गुजरात व हिमाचल विधानसभा आमचुनाव से पहले चुनावी बॉन्ड की गुप्त फंडिंग की मार्फत 545 करोड़ रुपये के चन्दे दिए गए हैं।यह धन कहाँ जा रहा है?"

बता दें कि गुजरात सरकार ने शनिवार को यूनिफॉर्म सिविल कोड के कार्यान्वयन के लिए एक पैनल बनाने के अपने फैसले का ऐलान किया है। विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा सरकार की कैबिनेट बैठक में यह फैसला लिया गया। इस कमेटी की अध्यक्षता हाईकोर्ट के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश करेंगे और इसमें चार सदस्य होंगे। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल समिति के सदस्यों का चयन करेंगे। गुजरात के गृहमंत्री हर्ष सांघवी ने इसका ऐलान किया।

# हुक्का लाउंज में पुलिस की रेड

## बिना लाइसेंस के चलते मिला रेस्टोरेंट, पुलिस ने बरामद किया तंबाकू वाला हुक्का



भोपाल, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। सीएम के सख्त निर्देश के बाद भी रेस्टोरेंट संचालक हुक्का परोसने से बाज नहीं आ रहे हैं। पिपलानी इलाके में एक रेस्टोरेंट में ग्राहकों को तम्बाकू वाला हुक्का पिलाते हुए मामला सामने आया है। पुलिस ने छापा मारकर रेस्टोरेंट संचालक को हिरासत में लिया। जांच में सामने आया कि हुक्का परोसने का उसके पास लाइसेंस नहीं था, न ही रेस्टोरेंट में हुक्का पिलाने की कोई अलग व्यवस्था थी। पुलिस को देखकर भागे हुक्का पी रहे ग्राहक टीआई अजय नायर ने बताया कि मानक विहार कॉलोनी, आनंद नगर पिपलानी का रहने वाला विशाल राय (21) का राज श्री पान मसाला नाम का रेस्टोरेंट हथाईखेड़ा रोड आनंद नगर में है। रात को पुलिस को सूचना मिली कि विशाल अपने रेस्टोरेंट में ग्राहकों को अवैध रूप से तम्बाकू वाला हुक्का पिला रहा है। इस पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए रेस्टोरेंट पर छापा मारा। जिस पर मौके से रेस्टोरेंट के अंदर लोग हुक्का पीते हुए मिले। जो पुलिस को देखकर भाग गए। रेस्टोरेंट संचालक से हुक्का पिलाने का लाइसेंस मांगा गया तो उसने लाइसेंस होने से इनकार कर दिया। साथ ही रेस्टोरेंट में हुक्का पिलाने के लिए कोई अलग से व्यवस्था भी नहीं थी। मौके से पुलिस ने 2 सेट हुक्का, दो तंबाकू युक्त फ्लेवर जब्त किया। आरोपी के खिलाफ अपराध कायम कर विवेचना में लिया। टीआई नायर ने बताया कि आरोपी गुपचुप तरीके से हुक्ला पिलानी का धंधा करता था।

# 'गुजरात में चुनावी जीत के लिए समान नागरिक संहिता का सहारा ले रही बीजेपी'- ओवैसी



अहमदाबाद, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। गुजरात में किसी भी दिन आगामी विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान हो सकता है. चुनाव से पहले सभी राजनीतिक पार्टियां जोरो-शोरो से तैयारियों में जुटी हुई हैं। इसी के साथ गुजरात में राजनीतिक सरगर्मियां भी तेज हो गई है। इस बीच गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने राज्य में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के कार्यान्वयन के विभिन्न पहलुओं का अध्ययन करने के लिए एक समिति गठित की हैं। राज्य सरकार के इस फैसले से कांग्रेस समेत तमाम पार्टियां बीजेपी पर हमलावर हैं। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि बीजेपी गुजरात विधानसभा चुनाव में वोट हासिल करने और अपने हिंदुत्व के एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए समान नागरिक संहिता का मुद्दा उठा रही है.

**'यूसीसी लागू करना केंद्र का अधिकार, न कि राज्यों का'**

औवेसी ने बनासकांठा जिले के वाडगाम में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, भाजपा गुजरात विधानसभा चुनाव में वोट हासिल करने और अपने हिंदुत्व के एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए समान नागरिक संहिता का मुद्दा उठा रही है। चुनाव नजदीक आते ही ऐसे मुद्दे उठाना भाजपा की पुरानी आदतों में शामिल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने उच्चतम न्यायालय को बताया था कि यूसीसी को लागू करना केंद्र का अधिकार है, न कि राज्यों का तो फिर अब ये सिर्फ चुनावी वोट हासिल करने के लिए यूसीसी का मुद्दा उठाया गया है।

**'चुनावी वोट बैंक का जरिया है यूसीसी'**

औवेसी ने भाजपा को निशाना साधते हुए कहा कि क्या यह सच नहीं है कि बाबासाहेब आंबेडकर ने कहा था कि समान नागरिक संहिता स्वैच्छिक होना चाहिए और अनिवार्य नहीं. उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा केवल अपने हिंदुत्व के एजेंडे के साथ आगे बढ़ना चाहती है और वोट पाने के लिए चुनाव से पहले ऐसे मुद्दों को उठाने की उसकी आदत है।

**यूसीसी समिति गठन के प्रस्ताव को मिली मंजूरी**

बता दें, गुजरात सरकार ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने के लिए समिति गठित की है। राज्य मंत्रिमंडल की शनिवार को हुई बैठक के दौरान समिति के गठन के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। इसे मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व वाली कैबिनेट की आखिरी बैठक माना जा रहा है, क्योंकि राज्य चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा अगले सप्ताह होने की उम्मीद है।

## छठपूजा से पहले कालिंदी कुंज पहुंचे दिल्ली जल बोर्ड के डायरेक्टर यमुना के जल से किया स्नान, बीजेपी एमपी ने दी थी चुनौती

नई दिल्ली, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। आज छठ महापर्व है। दिल्ली में बड़ी संख्या में लोग यमुना में छठपूजा कर अर्घ्य चढ़ा रहे हैं। इसी बीच सफेद झाग से प्रदूषित यमुना और उसके कारण हो रहे राजनीतिक आरोप प्रत्यारोपों के बीच दिल्ली जल बोर्ड के डायरेक्टर (क्वालिटी कंट्रोल) संजय शर्मा ने यमुना के पानी में रसायन मिलाकर स्नान किया। साथ ही कहा कि नदी का पानी साफ है और जहरीला नहीं है। दरअसल, बीजेपी सांसद परवेश वर्मा ने संजय शर्मा को यमुना के जल में नहाने की चुनौती दी थी।

**यमुना के प्रदूषित जल पर बीजेपी सांसद ने लगाई थी फटकार**



बीजेपी सांसद से मिली चुनौती के बाद दिल्ली जल बोर्ड के डायरेक्टर संजय शर्मा ने यमुना नदी के जल से स्नान किया है। दरअसल, शुक्रवार को बीजेपी सांसद परवेश ने जल बोर्ड के अधिकारी संजय शर्मा को फटकार लगाई थी और चुनौती दी थी कि प्रदूषित यमुना के जल में नहाकर दिखाएं।

**हानिकारक रसायन छिड़कने का आरोप**

यही नहीं, बीजेपी की ओर से लगातार आरोप लगाए जा रहे हैं कि यमुना नदी में जहरीले केमिकल का छिड़काव किया जा रहा है। संजय शर्मा ने स्नान करने के बाद कहा कि पानी का बीओडी लेवल 12-13 है। जबकि टीएसएस 20 के नीचे है, फास्फेट 0.1 और डिसोल्वड ऑक्सीजन 7.0 से ज्यादा है। यमुना नदी का पानी स्वच्छ है। लोग बेझिझक होकर यहां आकर डुबकी लगा सकते हैं। गौरतलब है कि बीजेपी सांसद परवेश साहिब सिंह ने दिल्ली सरकार पर यमुना को साफ करने के नाम पर पांच हजार करोड़ रुपये बर्बाद करने का आरोप लगाया है। साथ ही दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल पर यमुना में सफाई के नाम पर 'जहर' मिलाने का आरोप भी लगाया है। उन्होंने कहा कि आजकल यमुना में झाग भरी हुई है और उसका पानी काला बना हुआ है। इससे पहले बीजेपी सांसद मनोज तिवारी ने भी दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल पर आरोप लगाया था कि केजरीवाल यमुना में जहरीला केमिकल डालकर झाग खत्म कर अपनी कमजोरियों और नाकामियों को छिपाने का काम कर रहे हैं।

# तमिलनाडु में 2 नवंबर तक भारी बारिश का अनुमान



चेन्नई, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। दक्षिण-पश्चिम मानसून में सामान्य से अधिक बारिश हुई और ये ज्यादा समय तक रुका भी रहा. जून से सितंबर तक चार महीने के दौरान मानसून से तमिलनाडु में 45% अधिक बारिश हुई. जबकि अब तमिलनाडु में पूर्वोत्तर मानसून ने दस्तक दी है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बंगाल की खाड़ी और दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत के ऊपर उत्तर-पूर्वी मानसून की बारिश शुरू होने की बात कही है। अगले कई दिनों तक और संभवतः आगे भी दक्षिण भारत के कई हिस्सों में बारिश जारी रहेगी। आईएमडी ने शनिवार से अगले बुधवार से 2 नवंबर) तक पूरे तमिलनाडु में छिटपुट से लेकर भारी बारिश और गरज के साथ बिजली गिरने का अनुमान लगाया है. आईएमडी ने इस दौरान तमिलनाडु सहित कई जगहों पर येलो अलर्ट जारी किया है. एक एडवाइजरी में विशेष रूप से राज्य के उत्तरी हिस्से में रहने वालों से निवासियों से स्थानीय मौसम की स्थिति के बारे में 'सचेत' रहने का आग्रह किया गया है. इसके अलावा अगले हफ्ते बहुत भारी बारिश की संभावना के कारण आईएमडी के चेन्नई स्थित क्षेत्रीय मौसम केंद्र ने सोमवार और मंगलवार को तिरुवल्लूर, कांचीपुरम और रानीपेट जिलों में मौसम के खराब होने की आशंका के कारण ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. मंगलवार के लिए वेल्लोर और तिरुप्पत्तूर जिले में भी ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है. आईएमडी के मुताबिक तमिलनाडु को अपनी वार्षिक वर्षा का कम से कम 48% (औसतन) पूर्वोत्तर मानसून से हासिल होता है, जो आमतौर पर अक्टूबर से दिसंबर तक रहता है. इसकी तुलना में, इसकी वार्षिक वर्षा का केवल 36 प्रतिशत ही दक्षिण-पश्चिम मानसून से मिलता है. इसलिए, राज्य की कृषि गतिविधियों और जलाशय प्रबंधन पर इसका बड़ा असर पड़ता है. मौसम विभाग के मुताबिक रविवार (30 अक्टूबर) को तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल और केरल और माहे में अलग-अलग जगहों पर भारी वर्षा होगी. इस बीच एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ के 31 अक्टूबर से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित करने की संभावना है. इसके कारण 31 अक्टूबर से 2 नवंबर तक जम्मू, कश्मीर, लद्दाख, गिलगित, बाल्टिस्तान और मुजफ्फराबाद और हिमाचल प्रदेश में हल्की से लेकर मध्यम बारिश हो सकती है. इसके साथ ही मौसम विभाग ने कम से कम नवंबर की शुरुआत तक ट्रांस हिमालय और पश्चिम हिमालय के अधिकांश हिस्सों में दिन और रात दोनों का तापमान सामान्य से अत्यधिक या काफी अधिक रहने की संभावना जताई है.

सुविचार

महान लोग महान उदारता के कार्य करने में सक्षम होते हैं।

# आस्था के महापर्व छठ पर तेलंगाना में बिखरी बिहार जैसी छटा

## सभी घाटों पर व्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को दिया अर्घ्य

### लाखों की संख्या में घाट पर पहुंचे श्रद्धालु



हैदराबाद, 30 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। आस्था के महापर्व छठ पर तेलंगाना में बिहार जैसी छटा बिखरी दिखी। 28 अक्टूबर से शुरू हुए छठ महापर्व का आज बेहद महत्वपूर्ण तीसरा दिन है। भारी संख्या में व्रतियों ने डूबते हुए सूर्य को बांस की टोकरी में फल, ठेकुआ, चावल के लड्डू आदि से भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया। विभिन्न घाटों पर श्रद्धालु सिर पर धम्मा और दउरा लेकर छठ व्रतियों के साथ गीत गाते हुए पहुंचे। तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में हुसैन सागर, शमीरपेट आदि के साथ सैकड़ों तालाबों पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। तेलंगाना के मुख्य सचिव सोमेश कुमार, नगरीय प्रशासन व विकास विभाग के प्रधान मुख्य सचिव अरविन्द कुमार, विशेष मुख्य सचिव अधर सिंह, मुख्य निर्वाचन अधिकारी विकास राज, एसीबी के अतिरिक्त डीजी अंजनी कुमार ने छठ के अवसर पर हुसैन सागर पहुंचकर डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया। उन्होंने अर्घ्य देते हुए देश व बिहारवासियों की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। घाटों पर छठी मैया की गीत बज रहे है। इस दौरान तेलंगाना पुलिस से हर घाटों पर सुरक्षा के तगड़े इंतजाम किया है। चौथे और आखिरी दिन उगते हुए सूर्य को दूसरा अर्घ्य दिया जाएगा और अर्घ्य देने के बाद व्रत का पारण किया जाएगा। शनिवार की रात खरना का प्रसाद खाने के बाद से व्रती निर्जला उपवास कर रहे हैं। 31 अक्टूबर को सूर्योदय का समय सुबह 5:46 बजे से 6:02 बजे के बीच होगा। गौरतलब है कि छठ व्रत हिंदुओं का अत्यंत महत्वपूर्ण त्योहार है। इस महापर्व पर भगवान भास्कर और छठी मैया की पूजा-अर्चना होती है। सूर्य की उपासना का यह सबसे महत्वपूर्ण पर्व है। प्रत्येक मास की सप्तमी तिथि विशेषकर शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि सूर्य भगवान की तिथि मानी जाती है और इस दिन इनकी उपासना का विधान है। इसके साथ ही कार्तिक मास शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि सबसे पावन तिथि मानी जाती है। इसी कारण सूर्य भगवान की पूजा कार्तिक शुक्ल पक्ष में सप्तमी के दिन उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा की जाती है।

# गुजरात में ब्रिज टूटा, 91 लोगों की मौत

## मृतकों में 25 से ज्यादा बच्चे; रेस्क्यू के लिए वायुसेना के गरुड़ कमांडो रवाना

मोरबी, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। गुजरात के मोरबी में रविवार शाम करीब 6.30 बजे केबल सस्पेंशन ब्रिज टूटने से करीब 400 लोग मच्छु नदी में गिर गए। मोरबी के पूर्व भाजपा विधायक कांति अमृतिया ने दावा किया है कि हादसे में अब तक 91 लोगों के शव निकाले जा चुके हैं। इनमें 25 से ज्यादा बच्चे भी शामिल हैं। गुजरात सरकार के मंत्री बृजेश मेरजा ने पहले 55 लोगों की मौत की बात कही थी, बाद में उन्होंने भी 91 मौतों की पुष्टि की। रेस्क्यू के लिए वायुसेना के गरुड़ कमांडो रवाना हो गए हैं। पीएम नरेंद्र मोदी इस समय केवड़िया में हैं, बताया जा रहा है कि वे भी मोरबी जाएंगे।

बता दें कि यह पुल पिछले 6 महीने से बंद था। हाल ही में करीब 2 करोड़ रुपए की लागत से इसके मरम्मत का काम पूरा किया गया था। दिवाली के एक दिन बाद यानी 25 अक्टूबर को इसे आम लोगों के लिए खोला गया था। जिला प्रशासन ने हेल्पलाइन नंबर (02822243300) जारी किया है। इसके अलावा घायलों के इलाज के लिए मोरबी और राजकोट हॉस्पिटल में इमरजेंसी वार्ड बनाया गया है।

ब्रिज की क्षमता करीब 100 लोगों की थी, लेकिन रविवार को छुट्टी होने के चलते इस पर करीब 500 लोग जमा थे। यही हादसे की वजह बना। मोरबी के भाजपा सांसद मोहन कुंडारिया ने बताया कि ब्रिज टूटने से जहां लोग गिरे, वहां 15 फीट तक पानी था। कुछ लोग तैरकर बाहर निकल आए, लेकिन कई लोग झूले पर अटके रहे। इन्हें बाहर निकाला जा रहा है।

मोरबी का 765 फीट लंबा यह सस्पेंशन ब्रिज 140 साल से भी ज्यादा पुराना है। इस पुल पर जाने के लिए 15 रुपए फीस लगती थी।

हादसे पर प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने दुख जताया है। उन्होंने सीएम भूपेंद्र पटेल से घटना की जानकारी ली और मृतकों के आश्रितों को दो लाख और घायलों को 50 हजार रुपए की सहायता देने का ऐलान किया है। सीएम पटेल ने बताया कि राहत और बचाव कार्य जारी है। पटेल ने भी मृतकों के आश्रितों को 4 लाख और घायलों को 50 हजार देने की घोषणा की।

घटनास्थल पर रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें मौके पर मौजूद हैं। इसके अलावा कच्छ और राजकोट से तैराकों और दमकल की 7 टीमें रवाना की गई हैं। कंट्रोल रूम और हेल्प लाइन नंबर भी जारी किए गए हैं। सीएमभूपेंद्र पटेल खुद मोरबी के लिए रवाना हो गए हैं।

देर शाम रेस्क्यू के लिए जामनगर से वायुसेना के 50 गरुड़ कमांडो रवाना हो गए हैं। उनके साथ 50 रेस्क्यू बोट भी भेजे गए हैं। ये गरुड़ कमांडो रात में रेस्क्यू ऑपरेशन चलाएंगे।

हादसे के वक्त पुल पर काफी लोग थे। कुछ लोग यहां सफर के लिए तो कुछ पर्यटन के लिए आए थे।

मोरबी का यह सस्पेंशन ब्रिज 140 साल से भी ज्यादा पुराना है और इसकी लंबाई करीब 765 फीट है। यह सस्पेंशन ब्रिज गुजरात के मोरबी ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए ऐतिहासिक धरोहर है। इस ब्रिज का उद्घाटन 20 फरवरी 1879 को मुंबई के गवर्नर रिचर्ड टेम्पल ने किया था। यह उस समय लगभग 3.5 लाख की लागत से बनकर तैयार हुआ था। उस समय इस पुल को बनाने का पूरा सामान इंग्लैंड से ही मंगाया गया था। इसके बाद इस पुल का कई बार रेनोवेशन किया जा चुका है। हाल ही में दिवाली से पहले इसके मरम्मत का काम 2 करोड़ की लागत से किया गया था।

7 से 8 एंबुलेंस भी मौके पर पहुंच गई हैं। तैराक भी बड़ी संख्या में पानी में उतर रहे हैं और लोगों को बाहर निकाल रहे हैं।

सड़क एवं भवन विभाग मंत्री जगदीश पांचाल ने भास्कर से हुई बातचीत में कहा कि यह पुल नगर निगम के स्वामित्व में है। निगम के अधिकारियों ने बताया कि ब्रिज की क्षमता करीब 100 लोगों की है, लेकिन रविवार की छुट्टी होने के चलते हादसे के वक्त ब्रिज पर 400 से 500 लोग जमा थे। इसी के चलते ब्रिज बीच से टूट गया।

# स्वतंत्रता सेनानी पंडित गंगाराम स्मारक मंच ने की बैठक



हैदराबाद, 30 अक्तूबर (स्वतंत्र वार्ता)। स्वतंत्रता सेनानी पं. गंगाराम स्मारक मंच की बैठक आर्य कन्या विद्यालय, सुल्तान बाजार में की गयी। मंत्री श्रुतिकांत भारती ने बताया कि बैठक में सर्वप्रथम अध्यक्ष भक्तराम, उपाध्यक्ष डॉ. राजनारायण एवं सोमनाथ आर्य, मंत्री श्रुतिकांत भारती, सहमंत्री राजन्ना तथा प्रेमचंद मनोत, कोषाध्यक्ष प्रदीप जाजू, कार्यकारिणी सदस्य पं. प्रियदत्त शास्त्री, सुबोध अंबेसंगे, रणधीर सिंह, संतराम, मीरा, ऋषिराम, श्रीमता उमा तिवारी, प्रदीप दत्त एवं रामचंद्र राजू सभी निर्विरोध चुने गये। इसमें यह भी जोडा गया कि, गत 15 सितंबर 2022 के अमृत महोत्सव कार्यक्रम में हरियाणा के राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय जोकि मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे एवं इस दौरान 15 महानुभावों को सम्मान पुरस्कार दिया गया था। साथ ही इस बैठक में यह भी महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया कि, आगामी समय में महर्षि दयानंद सरस्वती की पुण्यतिथि एवं सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर खास कार्यक्रम आयोजित किया जाये, ताकि इन महात्माओं के सुविचारों से सभी को अवगत किया जाये।

# पति की मौत के बाद भी लोन ऐप अधिकारी पत्नी को कर रहे हैं परेशान

हैदराबाद, 30 अक्तूबर(स्वतंत्र वार्ता)। लोन ऐप्प से लोन लेकर सताये जाने से हैदराबाद व्यक्ति ने आत्महत्या करने के दो साल बाद भी पीडित पत्नी को लोन एप्प आयोजक बार बार परेशान करने का भयानक मामला प्रकाश में आया। इस बारे में स्थानीय पुलिस ने मिली जानकारी के मुताबिक, पीडित पंडित सुनिल जो हैदराबाद में साफ्टवेयर डेवलपर के रूप में कार्यरत थे तथा वे शादीशुदा थे एवं उनकी पत्नी का नाम श्रीमती रम्यश्री है। पर गत दो वर्ष के पहले कोरोना महामारी के चलते पीडित पंडित सुनिल की नौकरी चली गयी। इसके चलते वे आर्थिक तंगी में फंस गये। उन्होंने लोन एप्प द्वारा लिया तथा इसकी खबर किसी को भी नही दी। पर लोन लेने के केवल एक सप्ताह बाद ही उन्हें लोन चुकाने के लिए लोन एप्प आयोजकों से मेसेज आने शुरु हुए।इसके चलते पीडित पंडित सुनील नामक युवक ने लोन एप्प से लोन लेकर बार बार सताये जाने से दिसंबर 2020 में फांसी लगाककर आत्महत्या की थी। पर इस मामले में कुछ दिन चुप रहने के बाद लोन एप्प के आयोजकों ने पीडित व्यक्ति की पत्नी को फोन कर लोन एप्प से लिये गये लोन को चुकाने की मांग की।

# उत्तर भारती नागरिक संघ द्वारा छठ पूजा का भव्य आयोजन





हैदराबाद, 30 अक्तूबर, (स्वतंत्र वार्ता)। उत्तर भारती नागरिक संघ द्वारा 4 दिवसीय छठ पूजा का भव्य आयोजन कर्मनघाट हनुमान मंदिर में किया गया। इसमें छठ पूजा के तीसरे दिन भगवान सूर्य को डूबते सूरज को अर्घ्य दिया।

इस शुभावसर पर काफी संख्या में व्रतधारी महिलाएं एवं पुरुष भक्तगण उपस्थित हुए। इस अवसर पर छठ भजन का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में कर्मनघाट हनुमान मंदिर के चेयरमैन पी. ईश्वर अम्मा उपस्थित हुई। ईश्वर अम्मा इस पूजा से काफी प्रभावित हुई एवं उत्तर भारती नागरिक संघ की बहुत प्रशंसा की। इस शुभावसर पर उपस्थित समाजसेवी गोविंद राठी की महत्ती उपस्थिति रही। गणमान्य व्यक्तियों में, चेयरमैन एनके सिंह, श्रावण दीपावली, मनोहर सिंह, नंदकिशोर सिंह, अमरजीत सिंह, भरतलाल मानसिंह, गजानंद चौधरी, विष्णु यादव, एनके अगरवाल, राजकुमार पांडे, टीएन तिवारी, संतोष दुबे, राजेंदर प्रसाद तिवारी, सुभाष सिंह, राजु वर्मा, एचके ओझा, सतीश व अन्य शामिल हैं।

# बिहार एसोसिएशन द्वारा छठ पर अस्ताचलगामी सूर्य को दिया गया अर्घ्य







हैदराबाद, 30 अक्तूबर, (स्वतंत्र वार्ता)। प्रवासी उत्तर भारतीयों द्वारा आज सायं महापर्व छठ पर अस्ताचल सूर्य देव को अर्घ्य देकर अपने और अपनों के सुखमय जीवन हेतु प्रार्थना की गई। पिछले चार दिनों से चला आ रहा यह त्योहार आज शहर के सभी छठ घाटों पर सायं काल का पूजा विहंगम भव्यता के साथ संपन्न हुआ।

एसोसिएशन के महासचिव प्रभास कुमार ने बताया कि बिहार एसोसिएशन हैदराबाद इस बार शहर के 20 से अधिक बतुकम्मा घाट पर पूजा का चाक-चौबंद व्यवस्था कराया था। इसका केंद्रीय कार्यकारी पदाधिकारी के द्वारा संचालित किया जा रहा है। एसोसिएशन अध्यक्ष हरेराम सिंह, उपाध्यक्ष उत्तम यादव, बिहार फाउंडेशन चैप्टर हैदराबाद के अध्यक्ष मानवेन्द्र मिश्रा एवं उनके टीम के माध्यम से शहर के सभी घाटों पर बारीकी से क्रियान्वयन किया जा रहा है, जिसमें चिल्ड्रन पार्क टैंकबंड मुख्य घाट भरत सिंह, उप्पल घाट रविशंकर सिंह, दिलीप कुमार, नागौल घाट पर एके मौर्य एवं रामविनोद झा, शमीरपेट घाट पर विनोद गुप्ता, हसमतपेट घाट पर उत्तम यादव, पटनचेरु घाट पर किशन प्रसाद, शमशाबाद घाट पर नंदलाल चौहान एवं संजय कुमार यादव, मियांपुर घाट पर प्रेम शंकर सिंह, सुराराम घाट पर दिनेश सिंह, जीड़िमेटला घाट सौरव सिंह, नालगंदला घाट राजीव रंजन, बोलाराम घाट अखिलेश सिंह अमीनपुर छठ घाट गोपाल शाह, हफीजपेट एवं गंगाराम बतुकम्मा घाट इत्यादि छठ घाटों पर राज्य सरकार के स्थानीय प्रशासनिक विभाग एवं जीएचएमसी के सहयोग से छठ महापर्व का सुंदर एवं भव्यता से आयोजन कराया गया। मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार ने बताया सभी छठ घाटों पर छठ व्रतियों, श्रद्धालुओं एवं आगंतुकों को बिहार एसोसिएशन हैदराबाद के क्षेत्रीय आयोजकों द्वारा भव्य स्वागत किया।



श्री कनकदुर्गा श्री महालक्ष्मी मंदिर, बशीरबाग के 30वें वार्षिकोत्सव पर दर्शन लाभ प्राप्त करते हुए मंदिर कमेटी के चेयरमैन एम. रामराजू, महेश बैंक के चेयरमैन रमेश कुमार बंग, निदेशक गोविंद राठी, प्रेमकुमार बजाज, पार्षद शंकर यादव, पूर्व पार्षद एम. वैकुण्ठम, सुधीर कुमार तथा अन्य।

# अरुणा का सीएम से सवाल, सीबीआई से क्यों डर रहे हैं केसीआर?



हैदराबाद, 30 अक्तूबर (स्वतंत्र वार्ता)। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डीके अरुणा ने आज मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव से सवाल किया कि अगर उन्होंने कोई अपराध नहीं किया तो वे सीबीआई से क्यों डरते हैं? रविवार को मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, जीओ नंबर 51 की रिहाई का जवाब देने के बाद, भाजपा नेता ने मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव से सवाल किया कि उन्होंने सीबीआई को राज्य सरकार की अनुमति के बिना राज्य में नहीं आने के लिए कहते हुए जीओ नंबर 51 क्यों जारी किया। यह कहते हुए कि दो महीने पहले जीओ जारी किया गया था, उन्होंने मुख्यमंत्री से पूछा कि उन्होंने जीओ को गुप्त क्यों रखा। उसने चेतावनी दी कि जहाँ भी तुम छिपोगे, हम तुम्हें उस छेद से बाहर निकालेंगे।



# राजद उम्मीदवार के खिलाफ कोर्ट जाने की तैयारी

## भाजपा प्रत्याशी का प्रचार करने उतरेंगे चिराग



पटना, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। बिहार में मोकामा और गोपालगंज विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में चिराग पासवान भाजपा की तरफ से चुनाव प्रचार करते नजर आएंगे। शुक्रवार को बिहार भाजपा अध्यक्ष संजय जायसवाल ने कहा, तीन नवंबर को होने वाले चुनाव में चिराग पासवान भाजपा प्रत्याशियों के लिए 31 अक्तूबर से एक नवंबर तक प्रचार करेंगे।

**बिहार पहुंचे चिराग**

दिल्ली से बिहार पहुंचे चिराग पासवान ने रविवार को कहा कि वह यहां मोकामा और गोपालगंज में होने वाले उपचुनावों में भाजपा के उम्मीदवारों के लिए प्रचार करेंगे।

**सहयोगी दलों का सम्मान करती है भाजपा**

संजय जायसवाल ने एक प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि जिन दलों ने हमारे साथ गठबंधन में चुनाव लड़ा है, उन सभी सहयोगी दलों का हम सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा, चिराग पासवान की पार्टी ने राष्ट्रपति चुनाव में भी हमारा समर्थन किया था।

**राजद उम्मीदवार का नामांकन रद्द करने की मांग**

इस दौरान भाजपा नेता ने कहा कि उनकी पार्टी राजद उम्मीदवार के खिलाफ उच्च न्यायालय में याचिका दायर करने जा रही है। याचिका में गोपालगंज से राजद प्रत्याशी मोहन गुप्ता का नामांकन रद्द करने की मांग की जाएगी। इससे पहले भाजपा की ओर से चुनाव आयोग को भी एक ज्ञापन सौंपा गया था, भाजपा का आरोप है कि राजद प्रत्याशी मोहन गुप्ता ने झारखंड में उनके खिलाफ दर्ज शराब तस्करी के एक मामले से संबंधित जानकारी छुपाई है।

# कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मिले डा. अमरेंद्र

## कहा- 2024 में कांग्रेस फिर से लहराएगी अपना परचम



संतकबीर नगर, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। जिले के खलीलाबाद सदर विधानसभा से कांग्रेस पार्टी से प्रत्याशी रहे डॉ. अमरेंद्र पाण्डेय ने नई दिल्ली पहुंचकर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मिलकर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनका आशीर्वाद लिया।

कांग्रेस नेता डॉ. अमरेंद्र पाण्डेय ने कहा कि ने कहा कि खड़गे के कांग्रेस अध्यक्ष बनने से कार्यकर्ताओं में जोश और उत्साह का संचार हुआ है। निश्चित ही 2024 में कांग्रेस पार्टी दोबारा केंद्र में मजबूती के साथ लौटेगी। उन्होंने कांग्रेस पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए कहा कि एक जन नेता को पार्टी की कमान सौंपने से दिशा और दशा दोनों बदलेगी, जिनके भरोसे पार्टी एक नया कीर्तिमान स्थापित करेगी।

**खलीलाबाद सीट से लड़े थे चुनाव**

2022 में खलीलाबाद सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार रहें डॉ. अमरेंद्र पाण्डेय ने बताया कि सरल स्वभाव एवं अपने बातों पर अडिग रहने वाले जन नेता मल्लिकार्जुन खड़गे से 23 मिनट तक के मुलाकात हुई। इस दौरान आभास हुआ कि कांग्रेस निश्चित ही 2024 में विजय हासिल करेगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में सभी कार्यकर्ता 2024 की तैयारी में जुट जाएं। कार्यकर्ताओं के सम्मान के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

**अमरेंद्र बोले-बड़े स्तर पर होगा कार्यक्रम**

डॉ. अमरेंद्र ने बताया कि जल्द ही बड़े स्तर पर चरण अनुसार कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही उन्होंने पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने एवं वर्तमान में किसान, व्यापारी, रोजगार विरोधी केंद्र व राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों का विरोध एवं जनता के हित में समर्पित रहने के लिए निर्देशित किया है।

# नवादा में सिलेंडर ब्लास्ट

## पांच लोग गंभीर रूप से घायल



नवादा, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। नवादा में गैस सिलेंडर फटने से 2 मासूम बच्चे समेत 5 लोग झुलस गए। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। घटना में हिसुआ थाना क्षेत्र हिसुआ डीह, मुंशी टोला के एक मकान में यह हादसा हुआ था।

दरअसल आलोक कुमार गया के टेकारी से छठ महापर्व मनाने अपने पैतृक घर आए थे। रविवार की सुबह में अपने बंद घर में खाना बनाने के लिए दो साल से रखे गैस सिलेंडर खोलकर लाइटर से स्टोव जलाया तो आग लग गई और ब्लास्ट कर गया। घर के लोग इसकी चपेट में आ गए।

घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। इधर, सूचना मिलते ही ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया।

घायलों की आलोक कुमार, उनकी पत्नी अनुराधा, उनके बेटे मिथुन कुमार (5), बेटी ब्यूटी कुमारी (4) और पिंटु कुमार शामिल हैं। पीएचसी में इलाज के बाद इनसभी को पावापुरी रेफर कर दिया।

घटना के बाद पूर्व विधायक अनिल सिंह हिसुआ पीएचसी पहुंचे और पावापुरी के मुख्य चिकित्सक से बात की। बेहतर सुविधा अविलंब देने की आग्रह की। इधर, सूचना मिलने पर हिसुआ थानेदार दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस का कहना है कि मामले में आगे की कार्रवाई चल रही है।

# कन्नौज में ट्रेन से कटकर किसान की मौत

## खाद लेने के लिए जा रहे थे बाजार ट्रैक पार करते समय हुआ हादसा



कन्नौज, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। कन्नौज में ट्रेन की चपेट में आकर एक किसान की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया गया कि वह बाजार से खाद खरीदने जा रहे थे, तभी ट्रेन की चपेट में आ गए।

गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के जलालाबाद कस्बा निवासी 60 वर्षीय रघुवीर पाल खेत में खाद डालने के लिए बाजार से लेने जा रहे थे। जैसे ही उन्होंने लाइन पार कर ज ला ला बा द बाजार की ओर जाने का प्रयास किया, तभी अचानक से ट्रेन आ गई। इससे पहले कि वह कुछ समझ पाते, तब ट्रेन उनके ऊपर से गुजर गई। जसोदा चौकी इंचार्ज मौके पर पहुंच। शिनाख्त के बाद परिजनों को जानकारी दी गई।

परिजन मौके पर पहुंचे तो चीख--पुकार मच गई। पुलिस ने उनसे जानकारी लेने के बाद पोस्टमार्टम के लिए शव कन्नौज भेज दिया। बताया गया कि घटना जलालाबाद कस्बे में एसबी डिग्री कालेज के सामने घटित हुई। घटना के बाद मौके पर भीड़ जुट गई।

# लालू यादव ने छठ पर केंद्र को घेरा, हुए ट्रोल

## कहा-रेलभाड़ा बढ़ाने और रेलवे को निजी हाथों में बेचने से पेट नहीं भरा सरकार का



पटना, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद ने छठ के मौके पर ट्वीट कर केंद्र सरकार की खिंचाई की है। उन्होंने लिखा है कि 'छठ पर्व पर भी केंद्र अपनी ठगी से बाज नहीं आ रहा। राजधानी का किराया लेकर साधारण ट्रेन से यात्रा कराई जा रही है। ट्रेनों में कुव्यवस्था और गंदगी का साम्राज्य है। रेल भाड़ा, प्लेटफॉर्म, टिकट बढ़ाने और रेलवे को निजी हाथों में बेचने के बाद भी इनका पेट नहीं भरा है।'

लालू प्रसाद ने यह ट्वीट राजधानी ट्रेन की कुव्यवस्था को लेकर किया है। छठ मनाने के लिए बिहार आने वाले लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। उसी पर लालू प्रसाद ने अपनी तीखी प्रतिक्रिया सोशल मीडिया पर दी है। हालांकि लालू प्रसाद अपने इस ट्वीट पर खूब ट्रोल भी होते दिखे।

एक यूजर संदीप ने लिखा- ' लालू जी अपनी सेहत पर ध्यान दें, इस उम्र में फर्जी बातें शोभा नहीं देती हैं, ठगी तो आपने करी थी जब आप सत्ता में थे, परिवारवाद, घोटाले और गुंडाराज आपकी पहचान है, कोई हक नहीं बनता आपको नरेंद्र मोदी सरकार पर ऊंगली उठाने का..आप जैसे दलालों से अच्छा है निजी क्षेत्र में बेच देना।' अल्का निरंजन ने राजद का घोषणा पत्र को सामने रखते हुए कहा है कि इस पर ध्यान दें। सुरेश पांडेय ने लिखा- 'आप रेलमंत्री बनने से रहे, आपकी संतानों के भाग्य में नीतीश की चाकरी से अधिक कुछ नहीं है। आपके समय में बिहार के गरीब किस तरह से ट्रेनों में भरकर जाते थे, देश भूला नहीं है।'

वहीं सुमित राज ने लिखा- ' इतने बिहारी बाहर क्यों हैं भ्रष्ट नेता जी? आपके कार्यकाल में ऐसा कोई उद्योग नहीं नहीं आया बिहार में? गरीबों के सबसे बड़े दुश्मन तो आप लोग हैं और बेशर्मी से बोल रहे हैं।' राकेश साह ने लिखा- ' बिहार को 30 साल से आप भी ठग रहे हो, शर्म आनी चाहिए बिहार की किसी भी पार्टी के नेताओं को जो अपनी जनता को नौकरी नहीं दे सकते, कुव्यवस्था साम्राज्य के राजा आप सभी हो।' झा पारितोष ने लिखा- '15-16 साल तक तो आप भी मुख्यमंत्री रहे ना... उसके बाद 17 साल से आपके नीतीश भाई मुख्यमंत्री रहे। 32 साल हो गए श्रीमान, बिहार की जनता बाहर जाती क्यों है, बाहर की जनता बिहार क्यों नहीं आती ?'

**मोदी सरकार को कोसने वालों की भी कमी नहीं**

लालू प्रसाद के पक्ष और भाजपा के विरोध में बोलने वालों की ट्वीटर पर कमी नहीं है। रितेश विश्वकर्मा ने लिखा है- ' रेल भाड़ा थर्ड एसी में 500-800 रुपए और सेकेंड एसी में 1000 रुपए तक की वृद्धि कर दी गई है। हालांकि कोई भी जानकारी बीजेपी सरकार द्वारा औपचारिक रूप से साझा नहीं किया गया। वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाली छूट को हमेशा के लिए खत्म कर दिया गया।' राजेन्द्र यादव ने लिखा- ' फेकू सरकार का हर चीज फेकू है, समय भी फेकू है स्वच्छता भी फेकू है।'

# एसिड अटैक और रेप पीड़ितों की आर्थिक मदद करेगी बिहार सरकार

## 7 लाख से अधिक की सहायता



पटना, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। बिहार में एसिड अटैक और रेप पीड़िताओं को बिहार सरकार आर्थिक मदद उपलब्ध कराती है। बिहार विक्टिम कंपनसेशन योजना के तहत सरकार पीड़िताओं को 7 लाख रूपये से अधिक की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराती है। योजना का उद्देश्य पीड़ितों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है ताकि अपराधी के खिलाफ कार्रवाई करने में वो पीछे न हटें और साथ ही साथब उनके जीवन यापन की व्यवस्था भी की जा सके।

बिहार सरकार की इस योजना का क्रियान्वयन सामाजिक न्याय विभाग और जान कल्याण विभाग द्वारा किया जा रहा है। योजना में सभी धर्म और वर्ग की रेप और एसिड अटैक पीड़िताओं को सम्मिलित किया गया है। योजना के तहत जल्द से जल्द मदद उपलब्ध करवाई जाती है। 14 साल से कम उम्र की पीड़िताओं को 7 लाख से ऊपर की धनराशि दी जाती है। एसिड अटैक में आंख और चेहरा जल जाने या 80 फीसदी शरीर प्रभावित होने पर आजीवन प्रतिमाह 10 हजार की पेंशन की भी व्यवस्था की जाती है।

इस योजना के लाभ के लिए कोर्ट द्वारा मामले में जारी किया गया अनुमोदन पत्र जिला क्राइम कंपेसशन बोर्ड में जमा कराना होगा। घटना के 48 घंटे के भीतर नजदीकी पुलिस थाने में मामले को दर्ज कराकर भी सहायता के लिए आवेदन किया जा सकता है। आर्थिक सहायता जिला स्तरीय कार्यालय द्वारा कराई जाती है। नजदीकी पुलिस थाने से भी जानकारी ली जा सकती है।

बिहार सरकार की इस योजना का उद्देश्य पीड़िताओं को आर्थिक मदद उपलब्ध करना है। आवेदन की प्रक्रिया को पूर्ण रूप से आसान बनाया गया है। विभाग अपने स्तर पर भी पीड़िताओं को चिन्हित कर योजना का लाभं उपलब्ध करवाता है।

# 'सपा की नहीं, भाजपा की सरकार है'

## मेरठ में 400 लोगों के धर्म परिवर्तन पर भाजपा के पूर्व विधायक बोले- यह इंटरनेशनल मामला है



मेरठ, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। मेरठ के ब्रह्मपुरी क्षेत्र में झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले 400 लोगों के धर्म परिवर्तन मामले में मेरठ पुलिस ने 8 नामजद आरोपियों को अरेस्ट कर लिया है। दिल्ली निवासी एक आरोपी की तलाश में क्राइम ब्रांच भेजी गई है।

वहीं इस मामले में रविवार को भाजपा के फायर ब्रांड नेता और सरधना के पूर्व विधायक संगीत सोम ने बयान देते हुए कहा कि धर्म परिवर्तन के मामले में मेरी अधिकारियों से बात हो रही है। जो नामजद आरोपी हैं उन्हें गिरफ्तार किया जा रहा है। यह मामला इंटरनेशनल से जुड़ा हुआ है।

**सपा की सरकार नहीं भाजपा की सरकार है**

संगीत सोम ने कहा कि धर्म परिवर्तन के मामले में बड़ी कार्रवाई हो रही है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। यह सपा की सरकार नहीं है, यह सपा सरकार तो है नहीं जो धर्म परिवर्तन कराने वालों को संरक्षण देती थी। अब भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। इसमें ऐसी कार्रवाई होगी कि दोबारा से उत्तर प्रदेश में कोई धर्म परिवर्तन की कोशिश करेगा भी नहीं है। उन्होंने आगे बोलते हुए कहा कि यह यहीं का मामला नहीं है, यह इंटरनेशनल मामला है। यह बाहर तक जुड़ा हुआ मामला है।

**रासुका लगाने की मांग**

संगीत सोम ने मांग करते हुए कहा जिन लोगों ने यह मामला किया है। कुछ लोगों का धर्म परिवर्तन हुआ है। पूर्व विधायक ने कहा कि इसमें चाहे कोई पादरी हो या कोई भी हो। कोई कितना भी भाग ले, लेकिन बचेगा नहीं है। इसमें रासुका लगनी चाहिए और रासुका लगेगी भी।

**9 लोगों के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा**

मेरठ में तीन दिन पहले भाजपा नेता दीपक शर्मा मंगतपुरम के कुछ लोगों को लेकर एसएसपी से मिले। जिसमें कहा की लॉकडाउन में कुछ लोगों ने राशन, भोजन और अन्य मदद करने के बाहने धर्म परिवर्तन कराया। आरोपी लोग चर्च ले जाने लगे और वहां ईसा मसीह को मानने की बात कहकर धर्म परिवर्तन कराया। इसमें दिल्ली का एक पादरी भी शामिल है।

पीड़ित लोगों ने पुलिस से कहा कि हमें पता नहीं था, अब दीपावली पर कहा कि तुम दीपावली नहीं मना सकते, अब तुम हिंदू नहीं हो हमारे ईसा मसीह की प्रार्थना करो। जिसके बाद ब्रहमपुरी थाने में छबीली उर्फ शिवा, बिनवा, अनिल, सरदार, निक्कु, बसंत, प्रेमा,तितली, रीवा के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

# यूपी में लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी कांग्रेस

## पार्टी ने उत्तर प्रदेश में प्रांतीय अध्यक्षों को बांटे क्षेत्र, नसीमुद्दीन सिद्दकी के हिस्से आया मेरठ



मेरठ, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के साथ ही लोकसभा चुनाव की तैयारियां शुरू हो चुकी है। पार्टी ने उत्तर प्रदेश में प्रांतीय अध्यक्षों में क्षेत्रों का बंटवारा कर दिया है। नसीमुद्दीन सिद्दकी को मेरठ सहित पश्चिमी यूपी के जिलों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। गोरखपुर का जिम्मा विधयक विरेंद्र चौधरी को दिया गया है।

**6 प्रांतों के प्रभारियों में बांटा प्रदेश**

यूपी कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अभिमन्यु त्यागी के अनुसार पार्टी निकाय चुनाव और लोकसभा चुनाव पूरी ताकत से लड़ेगी। इसलिए कार्यकर्ता से लेकर ऊपर स्तर पर काम शुरू है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव/प्रभारी उत्तर प्रदेश प्रियंका गांधी की संस्तुति पर तथा उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद बृजलाल खाबरी के निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रांतीय अध्यक्षों के कार्यक्षेत्र बांटे गए है।

# राज्यपाल ने किया नमो वन का लोकार्पण

## गुजरात की तर्ज पर प्रदेश का पहला पार्क राज्यपाल ने रोपा रुद्राक्ष का पौधा



कानपुर, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। रविवार को प्रदेश के पहले नमो वन का राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने लोकार्पण किया। कानपुर नगर निगम द्वारा जापानी पद्धति मियावाकी से जंगल को तैयार किया गया है। विजय नगर स्थित चिल्ड्रेन पार्क में करीब 1.80 लाख पौधे लगाए गए हैं। 2 साल में यहां पौधे 10 गुना तेजी से बढ़े हैं।

**राज्यपाल ने की सराहना**

नमो वन के लोकार्पण के मौके पर राज्यपाल ने कानपुर नगर निगम के इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अर्बन जंगल शहरों के लिए बेहद जरूरी हो गए हैं। कम समय में इतना बड़ा जंगल तैयार करना सराहनीय प्रयास हैं। वहीं राज्यपाल छठ पर्व की सभी को बधाई भी दी। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने इसे कानपुर की बड़ी उपलब्धि बताया।

**प्रदेश का पहला पार्क**

सांसद सत्यदेव पचौरी ने कहा कि ये कानपुर के लिए बड़ी बात है कि प्रदेश में पहला शहर के अंदर ऐसा वन तैयार किया गया है। बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिए इस प्रकार के वन मिशाल बनेंगे। कार्यक्रम में महापौर प्रमिला पांडेय, सांसद देवेंद्र सिंह भोले भी मौजूद रहे।

**राज्यपाल ने रोपे पौधे**

नमो वन के लोकार्पण के मौके पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने रुद्राक्ष का पौधा रोपा। इसके साथ ही विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने आम, महापौर ने चंदन, सांसद सत्यदेव पचौरी ने मौलश्री, सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने कटहल और कमिश्नर डा. राज शेखर ने मौलश्री का पौधा लगाया।

**अर्मापुर में उतरा हेलिकॉप्टर**


राज्यपाल लखनऊ से सीधे अर्मापुर इस्टेट में बने हेलिपैड पर उतरीं। यहां से वे विजय नगर स्थित नमो वन पहुंचीं। यहां से कार्यक्रम खत्म होने के बाद राज्यपाल हेलिकॉप्टर से ही सीएसए स्थित हेलिपैड पर उतरेंगी। इसके बाद सीएसए में आयोजित श्रीमदभागवत ज्ञान यज्ञ में शामिल होंगी। आध्यात्मिक गुरु रमेश भाई ओझा के प्रवचनों को भी राज्यपाल सुनेंगी।

**2 साल में बनकर तैयार हुआ अर्बन जंगल**

नगर निगम उद्यान अधीक्षक डा. वीके सिंह ने बताया कि विजय नगर में जापानी मियावाकी पद्धति से करीब 1.80 लाख पौधे लगाए गए हैं। जो 2 साल बाद घने जंगल के रूप में तैयार हो गए हैं। इन अर्बन जंगलों से शहर में पॉल्यूशन का स्तर कम हो रहा है और ऑक्सीजन की मात्रा में भी बढ़ रही है।

# गाजियाबाद में मासूम से डिजिटल रेप

## बच्ची बोली- पड़ोस वाले अंकल ने गंदी हरकत की, ड्यूटी पर गई थी मां




गाजियाबाद, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। गाजियाबाद में 6 साल की मासूम बच्ची से 'डिजिटल रेप' का मामला सामने आया है। आरोप है कि मां की गैर मौजूदगी में पड़ोसी शख्स उसके घर में घुस आया और बच्ची से गंदा काम किया। मां घर लौटी, तो बच्ची लिपट कर रो पड़ी। काफी पूछने के बाद बड़ी बेटी ने बताया कि पड़ोसी वाले अंकल आए थे और छोटी बहन से गंदी हरकत करके गए हैं। छोटी बेटी ने इशारे से मां को सारी बात बताई। घटना इंदिरापुरम थाना के कनावनी गांव की है।

SP सिटी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि महिला की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ रेप का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। बच्ची को मेडिकल टेस्ट के लिए भेजा गया है। आरोपी अभी फरार है। उसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

इंदिरापुरम की रहने वाली एक महिला हॉस्पिटल में जॉब करती है। उसके पति की मौत हो चुकी है। उसके 3 बच्चे हैं। इसमें सबसे बड़ी बेटी 14 साल, बेटा 9 साल और सबसे छोटी बेटी 6 साल की है। शनिवार देर शाम घर पर तीनों बच्चे मौजूद थे। जबकि महिला काम पर गई थी।

रात करीब 9 बजे महिला ड्यूटी से घर लौटी, तो तीनों बच्चे मां से लिपट कर रोने लगे। तीनों बच्चे दहशत में थे और कुछ भी बोल नहीं पा रहे थे। काफी पूछने के बाद बड़ी बेटी ने मां को पूरी बात बताई।

SP सिटी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया, ₹रविवार सुबह यूपी-112 कंट्रोल रूम की सूचना पर इंदिरापुरम थाने की पुलिस पहुंची। इसके बाद महिला ने पुलिस को सारा घटनाक्रम बताया।

# पूर्णिया में छठ घाट पर एक ही परिवार के तीन बच्चे, कोसी नदी में डूबे



पूर्णिया, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। पूरा देश खासकर बिहार में जहां लोग इस समय लोग छठ का पर्व धूमधाम से मना रहे हैं। वहीं, बिहार के ही पूर्णिया जिले में दर्दनाक हादसा हो गया। यहां, के कसबा के मदरसा चौक में कोसी नदी में डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गई। तीनों बच्चे एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं। घटना आज यानी रविवार सुबह करीब 11 बजे की बताई जा रही है। कहा जा रहा है कि तीनों बच्चे कोसी नदी धार में बने छठ घाट को देखने गए थे।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, आज सुबह तीनों बच्चे मदरसा चौक स्थित कोसी नदी धार में बनें घाट को देखने के लिए गए थे। इसके बाद जब काफी देर होने के बाद भी बच्चे वापस घर नहीं लौटे तो परिजनों ने उनकी खोज करनी शुरू कर दी। खोज के सिलसिले में जब परिजन घाट पर पहुंचे तो उन्हें घाट पर बच्चों की चप्पल पड़ी मिली। जिसके बाद उन्हें आशंका हुई कि ऐसा तो नहीं कि बच्चे नदी में डूब गए हों, इसके बाद जब गोताखोरों और स्थानीय लोगों ने नदी में खोज की तो बच्चों के शव नदी में मिले। वहीं, घटना की सूचना पाकर मौके पर कसबा थानाध्यक्ष अमित कुमार, अंचलाधिकारी मु. फहीमुद्दीन अंसारी घटना स्थल पर पहुंचे और उन्होंने सारी जानकारी और साक्ष्य जुटाए। वहीं, मृतक बच्चों के परिजनों ने बच्चों के पोस्टमार्टम से इनकार कर दिया है।

मृतक बच्चों की पहचान नगर परिषद कसबा के वार्ड संख्या 13 के दोगच्छी गांव के अरविंद चौरसिया के पुत्र 14 वर्षीय बॉबी कुमार, मुकेश कुमार चौरसिया के 13 वर्षीय इकलौते पुत्र हिमांशु राज तथा तीसरे मृतक बच्चे की पहचान मधुबनी जिले के गंगद्वार गांव के संजीव भगत के 11 वर्षीय पुत्र ऋतिक राज के रूप में हुई है। तीनो बच्चे फुफेरे और चचेरे भाई थे।

# कमलनाथ का शिवराज सरकार पर हमला

## बोले चुनाव आते ही सीएम राइज स्कूल के झूठे सपने दिखा रहे

भोपाल, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव में एक साल का समय बचा है। दोनों ही पार्टियों ने चुनावी तैयारी तेज कर दी है। इसमें आरोप-प्रत्यारोप भी तेज हो गए है। पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने शिवराज सरकार पर हमला किया है। कमलनाथ ने अपने एक बयान में आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा की 18 वर्ष की सरकार में मध्यप्रदेश स्कूली शिक्षा के मामले में निरंतर गर्त में गया है, इसके गवाह खुद आंकड़े हैं और अब चुनावी वर्ष में जनता को गुमराह करने के लिए सीएम राईज विद्यालयों के झूठे सपने दिखाए जा रहे है। नाथ ने मध्य प्रदेश के सरकारी स्कूलों की खस्ताहाल स्थिति पर सवाल उठाते हुए कहा है कि मध्यप्रदेश में पिछले 18 वर्ष से भाजपा की सरकार है, यदि बात करें तो पिछले 18 वर्ष में मध्य प्रदेश स्कूली शिक्षा के मामले में निरंतर गर्त में गया है। यदि देशभर के आंकड़े उठाकर देखे जाएं तो स्कूली शिक्षा में मध्यप्रदेश का नंबर बेहद नीचे है



और वही आज चुनावो को देखते हुए जनता को गुमराह करने के लिए उच्च स्तरीय बुनियादी संरचना वाले व स्मार्ट कक्षाएं, डिजिटल लर्निंग, सर्व सुविधा युक्त प्रयोगशाला, पुस्तकालय वाले सीएम राइज विद्यालयों के सपने दिखाए जा रहे हैं। नाथ ने कहा कि यदि सरकार को शिक्षा के स्तर की व स्कूलों की इतनी चिंता है तो क्या कारण है कि उनकी पिछली 18 वर्ष की सरकार में सरकारी स्कूल खस्ताहाल स्थिति में पहुंच गए हैं, वहां आज भी सुविधाओं का अभाव है, जिसके कारण हजारों बच्चों ने सरकारी स्कूल छोड़े हैं, इसके गवाह खुद आंकड़े हैं, प्रदेश के सरकारी स्कूलों की स्थिति सुधारने के लिये सरकार ने कदम क्यों नहीं उठाये? जो सरकार पिछले 18 वर्षों में प्रदेश के सरकारी स्कूलों की स्थिति नहीं सुधार पाई है, आवश्यक सुविधाएं तक मुहैया नहीं करा पाई, वो आज किस आधार पर इतने बड़े-बड़े सपने दिखा रही है? नाथ ने सरकारी स्कूलों की वर्तमान स्थिति पर सवाल उठाते हुए पूछा है कि मध्यप्रदेश में तकरीबन एक लाख 23 हजार सरकारी स्कूल है लेकिन आज भी मध्यप्रदेश में करीब 36 हजार स्कूलों में बिजली का अभाव है, इसी से डिजिटल लर्निंग ,स्मार्ट कक्षाएं व कम्प्यूटर शिक्षा की स्थिति की कल्पना की जा सकती है? वही बात करें तो आज भी मध्यप्रदेश में शिक्षकों के करीब एक लाख पद खाली हैं और पिछले कई वर्षों से शिक्षकों की भर्ती नहीं हुई है। प्रदेश में करीब 18 हज़ार स्कूल ऐसे है जो सिर्फ एक शिक्षक के भरोसे चल रहे हैं। प्रदेश में 14 हज़ार स्कूल ऐसे हैं ,जिनमें पीने के पानी की सुविधा तक नहीं है। प्रदेश में 40 हजार के करीब ऐसे स्कूल हैं जिनके भवन जर्जर हैं ,क्षतिग्रस्त हैं और इनमें से कई तो आज भी पेड़ों के नीचे चल रहे हैं ,कईयो की छत बारिश में टपकती है ,कईयों में बारिश में पानी भरा जाता है। प्रदेश में करीब 18 हज़ार स्कूल ऐसे हैं, जहां शौचालय नहीं है, है तो बदहाल स्थिति में है। हजारों स्कूलों में लड़कियों के लिए अलग से टायलेट नहीं है। 34 हजार के करीब स्कूलों में तो हैंड वाश तक नहीं है। 8 हज़ार के करीब स्कूलों में लाइब्रेरी नहीं है। 33 हजार के करीब स्कूलों में खेल मैदान नहीं है। आज भी हज़ारों स्कूलों का अपना खुद का भवन नहीं है, एक-एक कमरों में स्कूल चल रहे हैं।

# सिद्धू की गवाही के लिए जेड प्लस सुरक्षा का खर्च नहीं उठाएगी सरकार

## हाईकोर्ट ने दी वीसी की अनुमति



चंडीगढ़, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने पंजाब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू को लुधियाना की अदालत में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये पेश होने की इजाजत देते हुए कहा कि उनकी जेड प्लस सुरक्षा के खर्च का बोझ सरकार पर नहीं डालना चाहिए। हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के उस फैसले की भी आलोचना की, जिसमें कोर्ट ने कहा था कि सुरक्षा सरकार मुहैया करवा देगी। पूर्व मंत्री भारत भूषण आशु के खिलाफ बर्खास्त डीएसपी बलविंदर सिंह सेखों द्वारा दाखिल मानहानि के मामले में पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने विस्तृत आदेश जारी किया है। कोर्ट ने कहा कि लुधियाना की अदालत ने वीसी के माध्यम से पेश होने की अनुमति न देकर बड़ी गलती की है। याची को जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा मिली है और वह पटियाला की सेंट्रल जेल में बंद है। याची को लुधियाना जेड प्लस सुरक्षा के साथ ले जाने और वापस लौटने में बहुत अधिक खर्च आएगा।

लुधियाना की अदालत का यह आदेश कि तो क्या, खर्च सरकार कर लेगी। यह आदेश उचित नहीं है। हाईकोर्ट ने कहा, एक निजी विवाद में सरकारी खर्च पर किसी को गवाह की तरह लेकर जाना भी उचित नहीं है। वीसी से केस के निपटारे में तेजी आती है और सिद्धू की मांग किसी भी तरह केस को लटकाने या उसे प्रभावित करने का प्रयास नहीं लगता। शिकायतकर्ता ने भी कभी यह पेशकश नहीं की है कि वह सिद्धू को जेड प्लस सुरक्षा में पेश करवाने का भारी खर्च उठाने को तैयार है। ऐसे में हाईकोर्ट ने सिद्धू की मांग मंजूर करते हुए उन्हें वीसी से पेश होने की अनुमति दे दी है।

# दिग्विजय सिंह का कमलनाथ को पत्र

## बोले भारत जोड़ो यात्रा के पोस्टर में मेरी तस्वीर न लगाई जाए



भोपाल, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा नवंबर के अंत तक महाराष्ट्र से मध्य प्रदेश के बुरहानपुर में प्रवेश करने की संभावना है। इस यात्रा को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष से भारत जोड़ो यात्रा के ऑफिशियल बैनर पोस्टर में अपनी तस्वीर न लगाने को कहा है।

**यह पत्र 22 अक्टूबर को लिखा गया है।**

दिग्विजय सिंह ने पत्र में लिखा है कि मध्य प्रदेश कांग्रेस के किसी पोस्टर में मेरी तस्वीर न लगाए जाए। मुझे यात्रा के द्वारा लगाए जाने वाले बैनर और होर्डिंग पोस्टर से दूर रखा जाए। उन्होंने आगे लिखा क यात्रा के पोस्टर में सिर्फ सोनिया गांधी, राहुल गांधी, खड़गे और कमलनाथ की तस्वीरें ही हो। उन्होंने कामना करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश में यह यात्रा सफलता के नए आयाम स्थापित करे और कार्यकर्ताओं में एक नय जोश और उमंश का संचार करें। दिग्विजय सिंह ने आगे लिखा कि जहां कहीं भी मेरे सहयोग की आपको आवश्यकता हो, मैं सदैव आपके साथ हूं। मैं अपनी ओर से मध्य प्रदेश में यात्रा की सफलता के लिए शुभकामनाएं देता हूं। राहुल गांधी की भारत जोड़ा यात्रा सितंबर माह से कन्याकुमारी से कश्मीर तक निकाली जा रही है। उन्होंने लिखा कि प्रदेश में यात्रा को सफल बनाने के लिए बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं से संपर्क किया जा रहा है। कमलनाथ को संबोधित करते हुए लिखा कि आपने जिला स्तर पर यात्रा की तैयारियों के लिए जिला यात्रा प्रभारियों को तैनात कर जवादारी दी है।

# भारतीय सीमा में दिखा पाक ड्रोन, बीएसएफ की चौकसी देख वापस लौटा

श्रीनगर, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के सांबा में रामगढ़ इलाके में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर देर रात एक पाकिस्तानी ड्रोन भारतीय क्षेत्र में देखा गया, जिसके बाद सुरक्षाबलों ने घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन शुरू किया. पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक देर रात एक पाकिस्तानी ड्रोन रामगढ़ सेक्टर में भारतीय क्षेत्र के भीतर कुछ मिनट तक रहा और फिर वापस पाकिस्तान की ओर निकल गया. सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को सील कर सर्च ऑपरेशन शुरू किया है कि कहीं यह ड्रोन ड्रग्स या विस्फोटक व हथियार न गिरा कर गया हो. पहली बार 2019 में पाकिस्तानी आतंकियों ने ड्रोन से भारत में हथियारों की खेप गिराने का सिलसिला शुरू किया और यह अब भी जारी है. बीएसएफ जवान अधिकतर बार सीमा पार से आने वाले ड्रोन्स को मार गिराते हैं. इससे पहले शुक्रवार को राजस्थान के श्रीगंगानगर में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ ) के जवानों ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को ढेर कर दिया था.

यह घुसपैठिया अनूपगढ़ इलाके में अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर जबरदस्ती भारतीय क्षेत्र में घुसने की कोशिश कर रहा था. इस पाकिस्तानी घुसपैठिए को बीएसएफ के जवानों ने सेरपुर चौकी नंबर 272 के पास मार गिराया. बीएसएफ जवानों ने पहले पाकिस्तानी घुसपैठिए को कई बार चेतावनी दी कि वह आत्मसमर्पण कर दे, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया. बीएसएफ ने घुसपैठिए का शव



अनूपगढ़ पुलिस को सौंप दिया. हाल के दिनों में सीमा पार से घुसपैठ की वारदातें बढ़ी हैं. गत सितंबर में बीएसएफ ने राजस्थान के श्रीगंगानगर में ही भारत-पाक सीमा से तहरीक-ए-लब्बैक के एक घुसपैठिए को पकड़ा था. पाकिस्तान की ओर से ड्रोन के जरिए नशीले पदार्थों की तस्करी की घटनाएं भी बार-बार सीमा से सटे इलाकों से सामने आ रही हैं.

बीएसएफ ने पंजाब को दहलाने की पाकिस्तानी साजिश नाकाम कर दी थी. आतंकियों ने सीमा पार से घातक आधुनिक हथियारों से भरा बैग भारतीय सीमा में भेजने की कोशिश की. मगर भारतीय सीमाओं की निगहबानी कर रहे बीएसएफ के जवानों ने हथियारों का यह जखीरा पकड़ लिया. बीएसएफ को एक बैग में 3 एके-47 राइफल, 3 पिस्तौल, 3 मिनी एके-47 राइफल, 18 मैगजीन व 200 कारतूस मिले. यह घटना पंजाब के फिरोजपुर बीएसएफ सेक्टर की बीओपी जगदीश के नजदीक की है. सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों ने बताया कि कुछ दिन पहले पाकिस्तानी ड्रोन की मूवमेंट देखी गई थी. उसके बाद से इलाके में सर्च अभियान चल रहा था. उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व 28 सितंबर को पाकिस्तानी ड्रोन ने एके-47 राइफल गांव आरिफके में और 23 अगस्त को ममदोट स्थित बीओपी जोगिंदर के नजदीक 2 एम-3 राइफल, 4 मैगजीन, 3 एके-47 राइफल, 6 मैगजीन, 2 पिस्तौल की खेप गिराई थी.

# मध्य प्रदेश में चोर ने मंदिर से चुराए छत्र को माफीनामे के साथ लौटाया, कहा- चोरी के बाद टूटा दुखों का पहाड़

बालाघाट, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में एक दिलचस्प वाकया सामने आया है। मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में एक चोर ने किसी मंदिर से चुराए गए चांदी और पीतल के सामान को माफी पत्र के साथ लौटा दिया। पुलिस ने रविवार को बताया कि चोर ने अपने माफीनामे में कहा है कि चोरी के बाद उसे बहुत नुकसान हुआ और काफी पीड़ा हुई। पुलिस ने चोरी का सामान जब्त कर लिया है। चोर की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय डाबर ने बताया कि अज्ञात चोर ने 24 अक्टूबर को लमता थाना क्षेत्र के शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर से छत्र समेत चांदी के 10 सजावटी टुकड़े और पीतल के तीन सामान चुरा लिए थे। मंदिर में चोरी की वारदात के बाद पुलिस शिद्दत से चोर की तलाश कर रही थी। इसी बीच चोरी का सामान बरामद कर लिया गया। विजय डाबर ने बताया कि जैन परिवार के सदस्यों ने लमटा में पंचायत कार्यालय के पास गड्ढे में एक बैग पड़ा देखा, जिसके बाद उन्होंने पुलिस और समुदाय के अन्य लोगों को सूचित किया। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो बैग से चोरी का माल चोर के माफीनामे के साथ बरामद कर लिया गया। चोर के माफीनामे का वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है।

# पंजाब सरकार के दावे धरे रह गए

## पंजाब में एक दिन में 1898 जगह जली पराली

**दो साल का रिकार्ड टूटा, अब तक 30 फीसदी की वृद्धि**

पटियाला (पंजाब), 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। पंजाब सरकार के दावों के विपरीत 29 अक्टूबर को प्रदेश में एक ही दिन में पराली जलाने के 1898 मामले सामने आए, जिसने पिछले दो सालों का रिकार्ड तोड़ दिया। यही नहीं 15 सितंबर से लेकर शनिवार (29 अक्टूबर) तक पंजाब में पराली जलाने के कुल मामलों ने भी पिछले साल का रिकार्ड तोड़ दिया है। पिछले साल जहां 15 सितंबर से लेकर 29 अक्टूबर तक पंजाब में



पराली जलाने के 8856 मामले सामने आए थे, वहीं इस साल अब तक कुल 12112 मामले सामने आ गए हैं। यह पिछले साल के मुकाबले 30 फीसदी ज्यादा हैं। खास तौर से दिवाली के दिन से पंजाब में पराली जलाने के मामलों में लगातार इजाफा हो रहा है। माहिरों के मुताबिक धान की कटाई में तेजी के साथ पराली जलाने के मामले बढ़ रहे हैं। प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक साल 2020 में 29 अक्तूबर के दिन ही पराली जलाने के 1541, तो साल 2021 में 1353 मामले सामने आए थे। जबकि इस साल 2022 में पिछले दो सालों का रिकार्ड तोड़ते हुए 29 अक्तूबर यानी शनिवार को पंजाब में पराली जलाने के 1898 मामले सामने आए। इनमें सबसे अधिक 286 मामले संगरूर जिले में सामने आए, जबकि दूसरे नंबर पर 268 मामलों के साथ पटियाला जिला रहा और वहीं तरनतारन में 192, फिरोजपुर में 104, लुधियाना में 105, बठिंडा में 108, बरनाला में 109, जालंधर व कपूरथला में 99-99 पराली जलाने के मामले पाए गए। दिवाली के दिन से पंजाब में पराली जलाने के मामलों में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। 24 अक्तूबर को जहां दिवाली के दिन पराली जलाने के 1019 मामले सामने आए, तो 25 अक्तूबर को 181, 26 अक्तूबर को 1238, 27 अक्तूबर को 1111, 28 अक्तूबर को 2067 पराली जलाने के मामले सामने आए थे।

# गुरुग्राम में प्रॉपर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या

## परिजनों ने पुलिस को शव देने से किया इनकार

गुरुग्राम, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। दिल्ली से सटे गुरुग्राम में 42 साल के एक प्रॉपर्टी डीलर की गोली मार कर हत्या कर दी गई। रविवार की सुबह अज्ञात अपराधियों ने प्रॉपर्टी डीलर को गोली मार मौत के घाट उतारा है। इस मामले में मृतक के परिजनों ने मृतक का शव पुलिस को देने से इनकार कर दिया है और अभी तक परिजनों की तरफ से थाने में शिकायत भी दर्ज नहीं करवाई गई है। पुलिस के मुताबिक, डुंडाहेरा गांव के रहने वाले धर्मेश यादव सेक्टर 22 स्थित अपने निर्णाधीन घर में सो रहे थे।

तब ही सुबह करीब 2 बजे मकान में घुसे दो हथियारबंद बदमाशों ने उन्हें गोली मार दी। डीसीपी दीपक साराहन ने बताया कि प्रॉपर्टी डीलर की हत्या के बाद आरोपी मौके से फरार हो गये। वहां सो रहे एक वर्कर ने शोर मचाया और परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और जब पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेने की कोशिश की तो परिजनों ने शव देने से इनकार कर दिया। परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस हत्या की वजह का अब तक खुलासा नहीं हो पाया है।

# दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




| ग्रह स्थिति | |
|---|---|
| सूर्य- | तुला में |
| चंद्र- | धनु में |
| मंगल | मिथुन में |
| बुध- | तुला में |
| गुरु- | मीन में |
| शुक्र- | तुला में |
| शनि- | मकर में |
| राहु- | मेष में |
| केतु- | तुला में |

| लग्नारंभ समय | |
|---|---|
| कन्या... | 03-25 बजे |
| तुला- | 05-20 बजे |
| वृश्चिक | 07-30 बजे |
| धनु--- | 09-45 बजे |
| मकर- | 11-50 बजे |
| कुंभ- | 14-40 बजे |
| मीन... | 15-18 बजे |
| मेष-- | 16-54 बजे |
| वृष-- | 18-38 बजे |
| मिथुन.. | 20-40 बजे |
| कर्क... | 22-52 बजे |
| सिंह... | 01-04 बजे |

विक्रम श्री नल नाम संवत्- **2079**
शक संवत् **-1944,** कलियुग अवधि-**432000**
भोग्य कलि वर्ष-**426878**
कलियुग संवत् **-5123** वर्ष सूर्य-दक्षिणायने
कल्पारंभ संवत् **-1972949123**
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-**1955885123**
महावीर निर्वाण संवत् **-2549,**हिजरी सन् **-1443**
ऋतु-हेमन्त दिशाशूल- पूर्व -कांच मे मुंह देखकर घर से निकले
तिथि- सप्तमी - **01-11** राततक उपरान्त, अष्टमी
मास - कार्तिक शुक्ल पक्ष ,सोमवार, **31 Oct**
नक्षत्र -उतराषाढा - **04 -15** - तक उपरान्त, श्रवण
योग - धृति **-16 - 11** - तक उप- शूल
करण- गर - **14 - 18** - तक,उप- वणिज
विशेष:- सहस्त्रार्जुन जयंती
व्रत -त्योहार - सरदारपटेल ज.

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 07:41 से 09:07 तक**

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र Hyd,Sec**

| दिन का चौघड़िया | | |
|---|---|---|
| अमृत | **06:17 - 07:41** | शुभ |
| काल | **07:41 - 09:07** | अशुभ |
| शुभ | **09:07 - 10:33** | शुभ |
| रोग | **10:33 - 11:59** | अशुभ |
| उत्पात | **11:59 - 13:26** | अशुभ |
| चंचल | **13:26 - 14:52** | शुभ |
| लाभ | **14:52 - 16:18** | शुभ |
| अमृत | **16:18 - 17:41** | शुभ |

| रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|
| चंचल. | **17:44 - 19:18** | शुभ |
| रोग. | **19:18 - 20:52** | अशुभ |
| काल. | **20:52 - 22:26** | अशुभ |
| लाभ. | **22:26 - 23:59** | शुभ |
| उत्पात | **23:59 - 01:34** | अशुभ |
| शुभ | **01:34 - 03:08** | शुभ |
| अमृत. | **03:08 - 04:42** | शुभ |
| चंचल. | **04:42 - 30:17** | शुभ |

# आपका राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ) — हालाँकि आपको अपने कार्य स्थल पर हास्य और आनंद लेने की कला आती है परन्तु अब आप पूरी तरह से अपने काम पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। आप आज एक गैर जरुरी कार्य में भी गंभीर मुद्रा में रहेंगे ।एक सहयोगी की सुस्ती और लापरवाही के कारण आप उसका काम अपने लिए कर सकते है ।

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो) — आप सावधान और व्यवस्थित है पर किसी दूसरे के कार्यभार के लिए आप जवाबदेह होंगे । अपने और अपने काम के तरीको पर विश्वास रखे ।एक बार में एक काम को सुव्यस्थित तरीके से करे और अगले सप्ताह तक आप चीजों को आकार में वापस पायेंगे ।उस समय तक अपने सहकर्मियों के साथ किसी बहस में संलिप्त न हो।

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा) — अलग कार्य करने के अवसर आज आपके रास्ते में आएंगे । आज नए ग्राहक और विभिन परियोजनाए आपके पास आ सकती है और कुछ में तो इतनी संभावना होगी की वो आपकी सपनो की या महत्वपूर्ण परियोजना बन सकती है ।इस अवसर का फायदा उठाने के लिए, आपको आज अतिरिक्त मेहनत करनी होगी।

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो) — रोजगार और आय के नए अवसर आज आपको मिल सकते है ।आपको आगे बढ़ने के काफी अवसर मिलेंगे जिसको लेकर आप समझ नहीं पाएंगे की कौन सा विकल्प आपके लिए अच्छा है जिसे लेकर आप आगे बढ़ सकते है। आज परिवार और कार्य क्षेत्र में संतुलन बिठाना मुश्किल हो सकता है।

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे) — आपके कार्य क्षेत्र या करियर में परिवर्तन आने के संकेत हैं। अगर आप अपनी नौकरी बदलने के बारे में सोच रहे है, तो आज आपके अंतिम कदम उठाने की संभावना है।हो सकता है की आप अपना प्रशिक्षण संस्थान भी खोले जो की आप लंबे समय से करना चाहते थे ।इस प्रक्रिया में आपको कुछ जोखिम भी लेने पड़ सकते है।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) — आज के दिन आपकी प्रतिभा को आपके उच्च अधिकारी पहचानेगें और आपके कार्य क्षेत्र में आपकी काफी प्रशंसा होगी और साथ ही साथ आपको घर में उपहार भी मिल सकता है जो आपके दिन को प्रज्जवलित करेगा और आप इस के हक़दार भी है ।आपने अपने करियर को उठाने के लिए बहुत प्रयास किए है।

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते) — आज आप एक साथ कई परियोजनाओं के बोझ तले दबा हुआ सा महसूस कर सकते हैं। आप अपने कार्य को कुछ देर से शुरू कर पायेंगे क्यों की काम के बोझ से आप अपने को थका हुआ महसूस करेंगे ।आप एक के बाद एक काम के कारण अपने आपको एक दुष्चक्र में फंसा हुआ महसूस करेंगे ।

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू) — आज आपके लिए एक भाग्यशाली दिन है।आप किसी भी बैठक या बातचीत में शीर्ष पर रहेंगे।आप बहुत आसानी से किसी भी घुमावदार स्थिति से बाहर आ जाएंगे ।आपके प्रयासों की सराहना की जाएगी।अगर आप एक संपत्ति में आज निवेश करने की योजना बना रहे हैं,तो आपको एक अच्छा सौदा मिल सकता है।

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे) — आज आपको नौकरी की संभावनाओं के बारे में कुछ अच्छी खबर प्राप्त हो सकती है।आपको अपनी पसंद की कंपनियों में एक साक्षात्कार के लिए बुलाया जा सकता है। आज उभरते हुए लेखकों के लिए यह एक महान दिन हो सकता है क्यों की आपके लेख या आपकी पुस्तक प्रसिद्ध प्रकाशक के द्वारा प्रकाशित हो सकती है।

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी) — एक गाइड के माध्यम से छात्रों को एक नया करियर विकल्प मिल सकता है और आप अपने करियर के रूप में इसे चुन सकते हैं पर आपको एक गहन अनुसंधान की सलाह दी जाती है।आज पेशेवरों में नयी उर्जा का संचार हो सकता है ।यह किसी भी परियोजना को शुरू करने के लिए एक अच्छा दिन है।

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा) — अगर आप अपने कार्यक्षेत्र या अपने आर्थिक लक्ष्यों के लिए किसी पारंगत व्यक्ति या अपने निकट जानने वाले व्यक्ति से परामर्श लेते है तो ये सुझाव आपको काफी लाभ दे सकता है ।आज का दिन इंजीनियरों और कंप्यूटर में प्रवीण व्यक्तियों के लिए काफी अछा रहेगा । आपको दूसरी नौकरी का प्रस्ताव भी मिल सकता है।

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची) — हालाँकि आप ईमानदार और मेहनती हैं पर आज सफलता आपकी पहुंच से दूर रह सकती है ।कुछ मामूली गलतियाँ आपको परेशान कर सकती है । आप अपने कार्यस्थल पर किसी भी विवाद से बचे ।आज का दिन निवेश के लिए उपयुक्त नहीं है।हालांकि, ये दिन अपने दोस्तों के साथ आराम करने के लिए काफी ठीक रहेगा ।

पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654,8309517693

# रोहतक में सेफ हाउस से दूल्हा लापता

## दुल्हन करती रह गई इंतजार, 15 दिन पहले की थी लव मैरिज; पुलिस ढूंढ रही

रोहतक, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। हरियाणा के रोहतक के सेफ हाउस में ठहरा दूल्हा लापता हो गया। वहीं दुल्हन अपने पति का इंतजार करती रह गई। दोनों ने करीब 15 दिन पहले आर्य समाज में शादी की थी। जिन्हें 21 अक्टूबर से 2 नवंबर तक सेफ हाउस में सुरक्षा दी गई थी। इसी बीच प्रेमी किसी को बिना बताए ही सेफ हाउस से लापता हो गया। रोहतक के गांव सुंडाना निवासी प्रदीव व झज्जर के गांव खुंगाई निवासी सविता ने 14 अक्टूबर को शादी की थी। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार प्रदीप के खिलाफ पोक्सो एक्ट सहित दो मामले दर्ज हैं। सिटी पुलिस थाना रोहतक में दर्ज पोक्सो एक्ट के मुकदमे में आरोपी से जांच अधिकारी द्वारा पूछताछ की गई थी। जिसके बाद वह सेफ हाउस से लापता हो गया।

**मांगी थी सुरक्षा**

लव मैरिज के बाद दोनों ने न्यायालय से सुरक्षा भी मांगी थी। इसलिए न्यायालय द्वारा दोनों (पति-पत्नी) को रोहतक सेफ हाउस में भेजा गया था। जहां पर करीब 9 दिन तक दोनों रहे, लेकिन इसके बाद दूल्हा सेफ हाउस से अचानक लापता हो गया। जिसके बाद दुल्हन ने मामले की शिकायत पुलिस को दी।

**14 अक्टूबर को हुई थी शादी**

जिला झज्जर के गांव खुंगाई निवासी सविता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने रोहतक के गांव सुंडाना निवासी प्रदीप कुमार के साथ 14 अक्टूबर को आर्य समाज विवाह मंडल में शादी की थी। इसके बाद दोनों ने रोहतक अदालत में जाकर सुरक्षा की मांग की। जिसके बाद दोनों को 21 अक्टूबर से 2 नवंबर के लिए सेफ हाउस रोहतक में भेजा गया।

**पुलिस ने मामला किया दर्ज**

उन्होंने बताया कि रविवार को उसका पति प्रदीप कहीं नहीं मिला। अपने स्तर पर तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। उसका पति बिना बताए कहीं पर चला गया। जिसकी शिकायत पुलिस को दी गई है। पुलिस ने प्रदीप के लापता होने का मामला दर्ज करके उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# क्यों बद्रीनाथ धाम में नहीं बजाया जाता है शंख? जानिए इसके पीछे का गहरा राज





हिंदू मान्यताओं के हिसाब से 4 धामों में से एक बद्रीनाथ की खास महिमा है। प्रभु श्री हरि विष्णु स्वयं यहां विराजते हैं। इसलिए इसे धरती का बैकुंठ भी बोला जाता है। बद्रीनाथ धाम में यदि आपको दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ होगा तो आपने ध्यान दिया होगा वहां मंदिर में शंख नहीं बजाया है जबकि शंख ध्वनि के फायदों एवं उसे बजाने से होने वाले लाभों को विज्ञान भी अपनी मान्यता देता है। दरअसल, बद्रीनाथ धाम में शंख नहीं बजाए जाने की कई वजह हैं जिसमें पौराणिक, धार्मिक मान्यताओं के अतिरिक्त वैज्ञानिक कारण भी है। ऐसे में आइये आपको बताते है बद्रीनाथ मंदिर में शंख न बजाने का क्या कारण है।।।

**धार्मिक मान्यता:-**

यहां शंख नहीं बजाने के पीछे कुछ धार्मिक मान्यताएं भी हैं। शास्त्रों के वर्णित एक कथा के अनुसार, एक बार मां लक्ष्मी बद्रीनाथ धाम में ध्यान में बैठी थीं। उसी समय प्रभु श्री विष्णु ने शंखचूर्ण नाम के एक राक्षस का वध किया था। तथा सनातन धर्म की मान्यताओं में जीत पर शंखनाद अवश्य किया जाता है, मगर विष्णु जी लक्ष्मी जी के ध्यान में विघ्न नहीं चाहते थे, इसलिए उन्होंने शंख नहीं बजाया। ऐसी ही एक अन्य पौराणिक कथा के अनुसार, एक मुनि इसी क्षेत्र में कहीं राक्षसों का नाश कर रहे थे। तभी अतापी एवं वतापी नाम के राक्षस वहां से भाग गए। अतापी जान बचाने के लिए मंदाकिनी नदी की शरण में गया तो वतापी अपने प्राण बचने के लिए शंख के भीतर छिप गया। ऐसे में बोला जाता कि यदि उस वक़्त कोई शंख बजाता, तो असुर उससे निकलकर भाग जाता, इस कारण बद्रीनाथ धाम में शंख नहीं बजाया जाता है।

**वैज्ञानिक कारण:-**

यहां पर पूरे वर्ष ठंड का अहसास होता है। कुछ महीनों को छोड़ दिया जाए तो यहां अक्सर बर्फ देखने को मिलती है। विज्ञान के मुताबिक, प्रत्येक जीवित शख्य या कोई ऑब्जेक्ट सबकी अपनी एक फ्रीक्वेंसी होती है। ऐसे हालातों में यदि यहां शंख बजाया जाए तो उसकी ध्वनि पहाड़ों से टकराकर प्रतिध्वनि पैदा करती है। इस कारण बर्फ में दरार पड़ने या फिर बर्फीले तूफान आने की आशंका बन सकती है। वहीं एक्सपर्ट्स का कहना है कि विशेष आवृत्ति वाले साउंड पर्यावरण को नुकसान पहुंचाते हैं। ऐसा होने पर पहाड़ों में भूस्खलन का संकट बढ़ जाता है। ऐसे में संभव है कि इसी कारण इस धाम में शंख नहीं बजाया जाता हो।

# ये संकेत बताते हैं कब शुरू होगा आपका अच्छा वक्त, ऐसे करें पहचान

**अच्छे समय के शुभ संकेत**

**अगर घर के बाहर सफेद या पीले रंग की गाय आती है तो यह बेहद शुभ माना जाता है। हमें गाय को रोटी खिलानी चाहिए, जिससे हमें पुण्य प्राप्त होता है।**

**घर से बाहर निकलते समय हरी सब्जियां, हरी घास दिखाई दे तो इसका मतलब आपके अटके कार्य पूर्ण होने वाले हैं।**

**यदि घर में चिड़िया बैठी चहचहाती है और साथ ही घौंसला बना कर रहने लगती हैं तो यह किसी अच्छी ख़बर मिलने का संकेत है।**

**घर से बाहर जाते समय अगर किसी स्त्री या पुरुष के हाथ में जल से भरा पात्र दिखाई देता है तो यह भी हमारे लिए शुभ माना जाता है।**

**कभी-कभी हमारी हथेली में खुजलाहट होती हैं तो आने वाले दिनों में धन लाभ हो सकता है।**

**सोते समय यदि आपके सपने में माता लक्ष्मी जी दर्शन देती हैं तो समझ लीजिए आपको आर्थिक लाभ प्राप्त होने वाला है।**

**अचानक से किसी मंदिर की पूजा या आरती सुनाई दे तो भी ये शुभ संकेत है। इसी तरह सफेद कबूतर का घर मे दिखना भी आने वाले अच्छे समय का शुभ संकेत है।**



जीवन में कई बार ऐसी घटनाएं होती हैं, जो हमारे अच्छे और बुरे दिन के संकेत देती हैं। परंतु हम उन संकेतों को पहचान नहीं पाते या फिर नजरअंदाज कर देते हैं। शास्त्रों में बताया गया है कि भगवान हमें आने वाले कल के लिए पहले से ही संकेत दे देते हैं। चाहे हमारे जीवन में खुशियां आने वाली हो या फिर बुरे दिन शुरू होने हो।

इन शुभ संकेतों को जानने से पहले इनके पीछे की पौराणिक कथा के बारे में जानना जरूरी है।

क्या है पौराणिक कथा

ग्रन्थों के अनुसार, एक समय नारद मुनि श्रीकृष्ण भगवान से भेंट के लिए गये। नारद जी ने कहा हे भगवन! मनुष्य कैसे जान पायेगा कि उसके अपने जीवन में अच्छा समय आने वाला है। तब श्री कृष्ण कहते हैं कि हे नारद! जब किसी मनुष्य का अच्छा वक्त आने वाला होता है तो मैं कुछ शुभ संकेत भेजता हूं, जिसे कुछ समझ जाते हैं और कुछ इन संकेतों से अनजान रहते हैं। आइये जानते हैं वो कौन से संकेत हैं, जो हमारे अच्छे समय के सूचक हैं।

# मोक्ष तक पहुंचाता है बुद्ध का अष्टांगिक मार्ग



बौद्ध धर्म आध्यात्मिक साधना के लिहाज से लचीला धर्म है। जो ना तो शरीर को नष्ट करने वाले कठोर तप पर बल देता है और ना ही सांसारिक जीवन को पूरी तरह छोडने पर। ये तो कठोर तपस्या और भोग विलास दोनों के बीच का मार्ग सुझाता है। जिसे साधना का मध्यमा प्रतिपद् यानी मध्यम मार्ग कहा गया है।

जिसमें आगे बढने के लिए गौतम बुद्ध ने सीढ़ी के रूप में अष्टांगिक मार्ग का प्रतिपादन किया है। आज हम आपको उसी अष्टांगिक मार्ग के बारे में बताने जा रहे हैं।

ये है अष्टांगिक मार्ग

**1. सम्यक दृष्टि:** इसका अर्थ है कि हमें हमेशा सही सही दृष्टि और दृष्टिकोण रखना चाहिए। चार आर्य सत्य को समझते हुए सुख और दुख में यथार्थ दृष्टि रखें।

**2. सम्यक संकल्प:** जीवन में आर्य मार्ग पर चलने का संकल्प लें। तभी दुखों से छुटकारा व निर्वाण की प्राप्ति होगी।

**3. सम्यक वाक:** मीठा, पवित्र और सत्य बोलें। ऐसा नहीं करने पर दुख जरूर आएगा।

**4. सम्यक कर्मांत:** शुद्ध आचरण के साथ अच्छे कर्म करना। हिंसा, झूठ, चोरी, पर-स्त्रीगमन जैसे कार्यों से दूर रहना।

**5. सम्यक आजीविका:** धर्म पूर्वक कार्यों से आजीविका प्राप्त करना। दूसरों को हानि पहुंचाने वाले शस्त्र, पशु, मांस, नशा और विष जैसे व्यापार से दूर रहें।

**6. सम्यक व्यायाम:** ऐसी क्रिया व अभ्यास करना जिससे पापमय विचारों की समाप्ति और शुभ विचारों का उदय हो।

**7. सम्यक स्मृति:** राग-विवेक और सावधानी से काम करने की स्मृति रखना। स्मृति के चार रूप कायानुपश्यना यानी शरीर के कार्य व चेतना के प्रति जागरुक रहना, वेदानुपश्यना यानी सुख व दुख के प्रति सचेत रहना, चितानुपश्यना यानी चित्त के राग-द्वेष को पहचानना और धर्मानुपश्यना यानी शरीर, मन और वचन की चेष्टा को समझना।

**8. सम्यक समाधि:** ध्यान और चेतना के माध्यम से निर्वाण की प्राप्ति। बौद्ध दर्शन में अष्टांगिक मार्ग को बहुत उपयोगी माना गया है। जो साधना का मध्यम मार्ग होने के साथ दुखों को दूर करने का उपाय भी है। गौतम बुद्ध के अनुसार अष्टांगिक मार्ग पर चलकर निर्वाण को प्राप्त किया जा सकता है।

# समुद्र मंथन से कौन से 14 रत्न निकले?



सनातन धर्म ग्रंथों के अनुसार, सृष्टि (संसार) की रचना होने पर समुद्र को भी मथा गया था। यह समुद्र-मंथन देव-दानवों द्वारा किया गया था। समुद्र मंथन का काम ईश्वर की त्रिमूर्ति श्रीविष्णु, ब्रह्मा और महेश (शिव) के निर्देशन में संपन्न हुआ था। सृष्टि की रचना को व्यवस्थित करने में इसका विशेष योगदान माना जाता है। समुद्र मंथन से 14 प्रकार रत्न निकले थे, जिन्हें आधुनिक भाषा में द्रव्य कहा जा सकता है।

रत्नों के उत्पन्न होने पर, उनके बंटवारे को लेकर देव-दानवों में महासंग्राम हुआ था। जिसे देवासुर संग्राम के तौर पर जाना गया। आइए जानते हैं कि समुद्र मंथन से आखिर क्या-कुछ प्राप्त हुआ था।

**1. हलाहल (विष):** समुद्र मंथन शुरू होने के एक हजार वर्षों के उपरांत सबसे पहले कालकूट विष निकला था। जिसकी ज्वाला से देव-दानव, मनुष्यों समेत सभी प्राणियों में हाहाकार मच गया था। सृष्टि जलने लगी थी। तब सबको बचाने के लिए शिवजी ने उसका पान किया। जिसे उन्होंने कण्ठ में धारण किया। इसलिए महादेव को "नीलकण्ठ" कहा गया।

**2. कामधेनु:** एक दिव्य गाय, जिसे ब्रह्मऋषियों ने ग्रहण किया।

**3. उच्चैःश्रवा-** यह घोड़ों का राजा कहा जाता है

**4. ऐरावत-** यह एक हाथी था, जिसे देवराज इंद्र ने अपना वाहन बनाया।

**5. कौस्तुभ मणि-** भगवान विष्णु को मिली।

**6. कल्पवृक्ष-** "कल्पद्रूम" एवं "कल्पतरू" भी कहते हैं, इच्छापूर्ति वाला दिव्य वृक्ष था।

**7. रंभा-** यह एक अप्सरा, जो ब्रह्मांड में सबसे सुंदर नारी मानी गई। अविवाहित रही।

**8. देवी लक्ष्मी-** क्षीर सागर से प्रकट हुईं, उन्होंने भगवान विष्णु का वरण किया।

**9. वारूणी अर्थात मदिरा-** मदिरा की उत्पत्ति समुद्र मंथन से ही हुई थी, दैत्यों ने इसे ग्रहण किया।

**10. चंद्रमा**

**11. पारिजात पुष्प**-वृक्ष

**12. पांचजन्य शंख-** विजय का प्रतीक, श्री विष्णु को मिला

**13. धन्वन्तरि-** भगवान विष्णु के अंशावतार, आयुर्वेद का जनक, यही अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे।

**14. अमृत-** समुद्र मंथन से प्राप्त हुआ अंतिम रत्न "अमृत" ही था। इसके निकलते ही देव-दानवों में झगड़ा हो गया था। अंत में भगवान विष्णु ने देवताओं को अमृत पिलाकर अमर कर दिया।

# देवउठनी एकादशी पर गन्ने की पूजा

**जानिए इससे जुड़ी मान्यता**

मान्यताओं के अनुसार इस दिन भगवान विष्णु अपनी चार महीने की नींद से उठते हैं। हिंदू परंपरा के अनुसार इस दिन से सभी शुभ कार्य शुरू किए जाते हैं। देवउठनी एकादशी को तुलसी विवाह की रुप में भी जाना जाता है। इस दिन तुलसी और भगवान विष्णु का विवाह गन्ने के मंडप के नीचे करवाया जाता है। उत्तर प्रदेश के झांसी और बुंदेलखंड में इस दिन गन्ने की पूजा भी की जाती है।

हिंदू पंचांग के अनुसार कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की ग्याहरवें दिन या ग्यारस को देवउठनी एकादशी या देव प्रबोधिनी ग्यारस के नाम से जाना जाता है। मान्यताओं के अनुसार इस दिन भगवान विष्णु अपनी चार महीने की नींद से उठते हैं। हिंदू परंपरा के अनुसार इस दिन से सभी शुभ कार्य शुरू किए जाते हैं। देवउठनी एकादशी को तुलसी विवाह की रुप में भी जाना जाता है। इस दिन तुलसी और भगवान विष्णु का विवाह गन्ने के मंडप के नीचे करवाया जाता है। उत्तर प्रदेश के झांसी और बुंदेलखंड में इस दिन गन्ने की पूजा भी की जाती है।

**एकादशी के बाद ही गन्ना काटते हैं किसान**

झांसी के जाने माने इतिहासकार हरगोविंद कुशवाहा ने बताया कि देवउठनी एकादशी के दिन किसान गन्ने की नई फसल की कटाई का काम शुरू करते हैं। इस दिन से पहले कोई भी किसान गन्ने के एक भी पौधे को हाथ तक नहीं लगाता है। मौसम बदलने की वजह से इस दिन से लोग गुड़ का सेवन करना शुरू करते हैं। गुड़ को गन्ने के रस से बनाया जाता है इसलिए इस दिन गन्ने की पूजा का महत्व और अधिक बढ़ जाता है। गन्ने को मीठे का शुभ स्त्रोत माना जाता है। साथ ही यह माना जाता है कि अगर हम भी अपने व्यवहार में गन्ने जैसी मिठास रखेंगे तो घर में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहेगी।

**जलाने होता है शुभ**

इस वर्ष देवउठनी एकादशी तीन नवंबर की शाम 7.30 बजे से शुरू हो जायेगी और चार नवंबर की शाम 6.08 बजे समाप्त हो जायेगी। जो लोग व्रत रखना चाहते हैं वो चार नवंबर को व्रत और पूजा कर सकते हैं। पूजा करने से पहले घर की महिलाएं चूना और आटे से रंगोली बनाती हैं। इसके बाद गन्ने का मंडप तैयार कर भगवान विष्णु के शालिग्राम रूप की पूजा होती है। इस पूजा में विशेष रूप से 11 दीए जलाए जाते हैं।

# अनमोल वचन

**मिली थी जिंदगी,
किसी के काम आने के लिए,
पर वक़्त बीत रहा है,
कागज़ के टुकड़े कमाने के लिए।**

**भरोसा जितना कीमती होता हैं,
धोखा उतना ही महंगा हो जाता हैं।**

**अपने आप की तुलना किसी से मत करो,
यदि आप ऐसा कर रहे है तो,
आप स्वयं अपनी बेइज़्ज़ती कर रहे है।।।**

**कुछ मजबूत रिश्तें,
बड़ी ख़ामोशी से बिखर जाते हैं।
जितना बड़ा संघर्ष होगा,
जीत उतनी ही शानदार होगी।**

**मनुष्य जितना अपने अंदर से करुणा,
दयालुता और प्रेम से भरा होगा,
वह संसार को भी उसी तरह पायेगा।**

**हम जो बोते हैं वो काटते हैं।
हम स्वयं अपने भाग्य के निर्माता हैं।**

# महज 7 दिन में अधूरी इच्छा पूरी करने के लिए अपनाएं ये उपाय

हर व्यक्ति चाहता है कि उसकी जो भी मनोकामना है वह जल्द से जल्द पूरी हो। कुछ लोग अपनी इच्छा को पूरी करने के लिए जी तोड़ मेहनत करते हैं। तो वहीं कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जो सोचते हैं कि मनोकामना पूर्ति किसी करिश्मे की तरह हो जाए। लेकिन सोच लेने घर से अगर इच्छा पूरी होने लगती तो आज हर व्यक्ति सुखी और संपन्न होता। कई लोग ऐसे हैं जो कड़ी मेहनत करने के बाद भी अपनी कोई भी इच्छा पूरी नहीं कर पाते हैं।

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार भगवान शिव की पूजा का सर्वोत्तम दिन सोमवार है। परंतु भगवान शिव को सबसे ज्यादा प्रदोष का दिन पसंद है। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार जिस दिन प्रदोष होता है उस दिन व्रत रख कर शाम को भगवान शिव की विधि विधान से पूजा अर्चना करें तो जातक की हर समस्या का समाधान होता है। साथ ही हर इच्छा पूरी होती है।




हिंदू पंचांग के अनुसार प्रदोष हर माह शुक्ल पक्ष और कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को होता है।

धार्मिक शास्त्रों के अनुसार जो व्यक्ति प्रदोष का व्रत रखता है उसे घर में या शिवालय में जाकर भगवान शिव की विधि विधान से पूजा अर्चना करना चाहिए। भगवान शिव की पूजा अर्चना करने से भक्तों पर भगवान भोलेनाथ अपनी विशेष कृपा बनाए रखे हैं, और उनकी हर समस्या का समाधान करते। जो व्यक्ति अपनी मनोकामना पूरी करना चाहता है वह प्रदोष काल में यानी सूर्यास्त के बाद शाम के समय रुद्राक्ष की माला से एक हजार बार नीचे दिए मंत्र का जाप करता है तो उसकी मनोकामना जल्द ही पूरी हो जाती है। प्रदोष वाले दिन भगवान शिव की पूजा का सर्वोत्तम समय सूर्यास्त के बाद ही माना गया है।

**मंत्र-ॐ तत्पुरुषाय विद्महे महादेवाय धीमहि तन्नो रुद्रः प्रचोदयात**

# बिग बॉस हाउस से बाहर लाए जाएंगे साजिद खान? शर्लिन चोपड़ा की पुलिस कंप्लेंट दर्ज

साजिद खान केस में एक्ट्रेस-मॉडल शर्लिन चोपड़ा का बयान आखिरकार जुहू पुलिस द्वारा दर्ज कर लिया गया है। शर्लिन चोपड़ा ने हाल ही में मीडिया के सामने आकर भावुक होते हुए कहा था कि पुलिस साजिद खान के खिलाफ एक्शन नहीं ले रही है क्योंकि उनके ऊपर सलमान खान का हाथ है। अब जब साजिद के खिलाफ शर्लिन चोपड़ा की शिकायत पुलिस द्वारा ले ली गई है तो शर्लिन के वकील सुहेल श्रॉफ ने इस पूरे मामले पर विस्तार से प्रतिक्रिया दी है।



**जल्द ही साजिद को भेजा जाएगा समन**

श्रॉफ ने बताया, 'उस वक्त (जब शिकायत नहीं ली गई थी) वहां पर जि म मे दा र अधिकारी मौजूद नहीं थे। शर्लिन चोपड़ा ने उनका बयान दर्ज किए जाने के लिए एक लेडी ऑफिसर की डिमांड रखी थी। जब शर्लिन चोपड़ा ने इस बारे में सोशल मीडिया पर पोस्ट किया तो हमारी ऑफिसर के साथ बातचीत हुई और उन्होंने बयान दर्ज करने के लिए शर्लिन चोपड़ा को बुलाया। बयान दर्ज कर लिया गया है और अब जल्द ही बयान देने के लिए साजिद खान को भी समन भेज दिया जाएगा।'



**साजिद खान पर लगे थे कई गंभीर आरोप**

श्रॉफ ने बताया कि इस पूरी प्रक्रिया के बाद पुलिस तय करेगी कि किन धाराओं के तहत FIR दर्ज किया जाना है। कल शर्लिन चोपड़ा ने भावुक होते हुए बताया था कि पुलिस ने उनसे कहा है कि वह उन्हें कॉल करके बताएगी कि कब उन्हें मामला दर्ज करवाने के लिए आना है। बता दें कि शर्लिन चोपड़ा ने #MeToo कैंपेन के दौरान साजिद खान पर कई गंभीर आरोप लगाए थे। दूसरी लड़कियां भी साजिद पर हैरासमेंट के आरोप लगा चुकी हैं।

**साजिद खान के सिर पर सलमान का हाथ?**

बात करें शिकायत दर्ज करने से मना करने पर शर्लिन चोपड़ा द्वारा दिए गए बयान की तो उन्होंने हाल ही में कहा था कि साजिद खान के सिर पर सलमान खान सर का हाथ है। उनके होते साजिद खान का कोई बाल तक बांका नहीं कर सकता। शर्लिन ने यह भी दावा किया कि उन्हें बस पुलिस स्टेशन में यहां से वहां घुमाया जा रहा है।

# केआरके ने रितेश देशमुख पर किया कटाक्ष, बोले- करण जौहर और आदि चोपड़ा को बॉलीवुड का बाप मानते हो





**बॉलीवुड में शायद** ही कोई स्टार या निर्माता निर्देशक हो जो केआरके के निशाने पर न आया हो। कमाल आर खान अपने यूट्यूब चैनल पर बॉलीवुड की फिल्मों की सेल्फ समीक्षा तो करते ही हैं। इसके साथ ही वह कलाकारों से लेकर अन्य सेलेब्स पर भी तंज कसने का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं। फिलहाल इस समय केआरके के निशाने पर अभिनेता रितेश देशमुख हैं। इसी के साथ उन्होंने करण जौहर के साथ आदि चोपड़ा को लेकर भी तीखा व्यंग्य किया है। अभिनेता रितेश देशमुख इस समय अपनी फिल्म 'मिस्टर मम्मी' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में वह कॉमेडी करते दिखाई देंगे, साथ ही एक बार फिर से जेनेलिया और रितेश स्क्रीन स्पेस साझा करेंगे। ये फिल्म 11 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। अब केआरके ने इसी को लेकर कटाक्ष किया है। केआरके ने अपने ट्वीटर हैंडल से ट्वीट कर लिखा- जब रितेश देशमुख की फिल्में 'लय भारी' और 'एक विलेन' रिलीज हुई, तो लोग उनमें भविष्य का एक बड़ा सुपरस्टार देख रहे थे। आज वह 'मिस्टर मम्मी' जैसी फिल्म कर रहे हैं, जो सात अन्य फिल्मों के साथ रिलीज हो रही हैष ये होता है, जब आप आदि चोपड़ा और करण जौहर को बॉलीवुड का बाप मानते हो। केआरके ने मजाकिया लहजे में एक और ट्वीट किया और चुटकी लेते हुए लिखा- रितेश देशमुख और भाभी जेनेलिया ने हजारों रीलों को रिलीज किया है। इसलिए मैं उनकी फिल्म 'मिस्टर मम्मी' के बजाय उन रीलों को देखना पसंद करूंगा। रितेश भाई जीतना दिखोगे उतने ही जल्दी बड़ा सुपर स्टार बनोगे किसी ने कह दिया। तो वह टीवी शो, अमेजन का फ्री शो, रील्स आदि में हैं।



# हैलोवीन पार्टी में जान्हवी कपूर ने लूटी सारी लाइमलाइट, राजकुमारी के लुक में पहुंचीं शनाया कपूर

हैलोवीन एक खास त्योहार है, जिसकी चमक विदेशों में देखने को मिलती है। लेकिन अब भारत में भी इस मजेदार त्योहार को मनाया जाता है। बॉलीवुड स्टार्स हर साल हैलोवीन पार्टी में अपने यूनिक लुक से फैंस को इंप्रेस कर देते हैं और इस बार भी कुछ ऐसा ही हुआ। बीती रात बॉलीवुड स्टार्स ने मिलकर हैलोवीन का त्योहार मनाया। इस दौरान तमाम अभिनेत्रियों ने अपने लुक से सबका दिल जीत लिया। लेकिन जो सबसे ज्यादा लाइमलाइट में रहीं, वह जान्हवी कपूर थीं। आइए आपके सबके लुक्स के बारे में बताते हैं।

दरअसल, बीती रात हैलोवीन पार्टी में जान्हवी कपूर ब्लैक कलर की खूबसूरत बॉडीकोन ड्रेस में पहुंचीं। जान्हवी इस फुल स्लीव ऑफ शोल्डर ड्रेस में कयामत ढा रही थीं। अभिनेत्री ने अपना लुक ब्राइट मेकअप से पूरा किया। उन्होंने ब्लैक ड्रेस के साथ डार्क ब्राउन कलर की लिपस्टिक लगाई थी और स्मोकी आईज रखी थीं।

सारा अली खान इस पार्टी में ब्लैक मिनी स्कर्ट में पहुंचीं, जिसके साथ अभिनेत्री ने सिल्वर कलर का खूबसूरत टॉप पेयर किया था। अभिनेत्री ने अपने बालों को कर्ली रखे थे और साइड में एक बैग कैरी किया था, जिसमें वह कहर ढा रही थीं। वहीं, अनन्या पांडे इस पार्टी में करीना कपूर के 'पू' वाले लुक में नजर आईं। अनन्या ने पिंक कलर का टॉप और गोल्डन मिनी स्कर्ट कैरी की थी।

शनाया कपूर ने प्रिंसेस वाला लुक कैरी किया था, जिसमें वह काफी सुदंर लगीं। शनाया ने शॉर्ट ड्रेस के साथ बालों का बन बनाया हुआ था, जिसमें उन्होंने क्राउन पहना था। वह अपने ओवरऑल लुक में काफी प्यारी लग रही थीं। इन अभिनेत्रियों के बीच शाहरुख खान के लाडले आर्यन ने भी सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। आर्यन खान इस पार्टी में ओवर ऑल ब्लैक लुक में नजर आए। उन्होंने अपनी आंखों में मोटा-मोटा काजल लगाया हुआ था। इन स्टार्स के अलावा, हैलोवीन की पार्टी में अरबाज खान की गर्लफ्रेंड जॉर्जिया एंड्रियानी भी नजर आईं।

# कांतारा ने केजीएफ -1 को छोड़ा पीछे पार किया 250 करोड़ का आंकड़ा

**कन्नड़ इंडस्ट्री की दूसरी सबसे बड़ी फिल्म बनी**



कांतारा आए दिन नए नए रिकार्ड्स बना रही है। अब ये हाल ही में केजीएफ चैप्टर 1 को पीछे छोड़ते हुए कन्नड़ इंडस्ट्री की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली मूवी बन गई है। हाल ही में फिल्म ने 250 करोड़ का वर्ल्डवाइड कलेक्शन कर लिया है। कांतारा के पहले सिर्फ केजीएफ चैप्टर 1 और केजीएफ चैप्टर 2 ने ही 250 करोड़ की कमाई की थी। अब ओवरआल कमाई की बात की जाए तो कांतारा के आगे सिर्फ केजीएफ चैप्टर 2 ही है। हालांकि केजीएफ चैप्टर 2 का रिकार्ड तोड़ना लगभग नामुमकिन होगा लेकिन फिर भी एक छोटे बजट की फिल्म होने के बावजूद इतना बड़ा कलेक्शन करना अपने आप में एक रिकार्ड है।

**पार किया 250 करोड़ का आंकड़ा**

ऋषभ शेट्टी स्टारर इस फिल्म ने हाल ही में 250 करोड़ का आंकड़ा पार लिया है,अब फिल्म की कुल कमाई 251 करोड़ के आस पास हो गई है जो केजीएफ चैप्टर 1 से थोड़ा ज्यादा है। कांतारा जब रिलीज हुई थी तो इसकी कमाई की शुरुआत काफी स्लो हुई थी लेकिन धीरे धीरे जबरदस्त वर्ड ऑफ माउथ की वजह से फिल्म ने आगे चलकर कमाई के झंडे गाड़ दिए।

**हिंदी भाषा में भी की फिल्म की अच्छी कमाई**

कन्नड़ भाषा में फिल्म के जबरदस्त प्रदर्शन को देखकर फिल्म के मेकर्स ने इसे अन्य भाषाओं में रिलीज किया जिसका रिजल्ट सबके सामने है। सिर्फ हिंदी लैंग्वेज में फिल्म ने अब तक 31.7 करोड़ रुपए कमा लिया है। ये आंकड़े हाल फिलहाल में रिलीज कई सारी हिंदी फिल्मों के कलेक्शन से ज्यादा है। हिंदी के अलावा इसकी डबिंग तमिल और तेलुगु में भी की गई है।

# फिर लौट रही है "स्त्री 2', इस बार 'भेड़िए' के ट्विस्ट के साथ होगा डबल हॉरर!

**श्रद्धा कपूर** और राजकुमार राव की जोड़ी एक बार फिर हिट हॉरर-कॉमेडी फिल्म स्त्री की दूसरी कड़ी के साथ बड़े पर्दे पर लौट रही है। लेकिन इस बार 'स्त्री' एक नए ट्विस्ट के साथ दर्शकों की धड़कने तेज कर सकती है। इस बार स्त्री 2 में एक नए एक्टर की एंट्री भी हो सकती है। कौन है ये एक्टर आइए जानते हैं।



**'स्त्री' मूवी फैन्स के लिए गुड न्यूज**

साल 2018 में रिलीज हुई ब्लॉकबस्टर हिट फिल्म 'स्त्री' के फैंस के लिए गुड न्यूज है। जल्द ही इस फिल्म के मेकर्स फिल्म के दूसरे पार्ट को फिल्माने के लिए तैयार है। इस फिल्म से जुड़े सूत्रों ने स्त्री की दूसरी कड़ी को लेकर कई अपडेट्स दिए हैं। सूत्रों के मुताबिक, जल्द ही इस फिल्म के डायरेक्टर अमर कौशिक दूसरे पार्ट की तैयारी में जुट सकते हैं। डायरेक्टर अमर कौशिक की हालिया फिल्म भेड़िया रिलीज के लिए तैयार है। खबरें हैं कि इस फिल्म के बाद अब वे 'स्त्री 2' की तैयारी में जुट गए हैं।

**इस बार 'स्त्री 2' में होगा ये खास ट्विस्ट**

हाल ही में अमर कौशिक की अपकमिंग फिल्म 'भेड़िया' का नया गाना 'ठुमकेश्वरी' रिलीज हुआ है। इस गाने को वरुण धवन और कृति सैनन पर फिल्माया गया है लेकिन गाने में श्रद्धा कपूर की स्त्री लुक वाली एंट्री ने दर्शकों को हैरान कर दिया है। 'भेड़िया' में श्रद्धा की स्पेशल अपीयरेंस स्त्री 2 की ओर इशारा कर रही है। और अब फिल्म के सूत्रों के मुताबिक ये जानकारी भी चर्चा में है कि स्त्री 2 में वरुण धवन का कैमियो के ट्विस्ट को भी शामिल किया गया है। चर्चा है कि जल्द ही वरुण स्त्री 2 के लिए शूटिंग करने जा रहे हैं। तो इस बार श्रद्धा और राजकुमार राव के अलावा स्त्री 2 की कहानी में एक खास ट्विस्ट के साथ लौट रहे हैं। खबर है कि 'भेड़या' और 'स्त्री' 2 के बाद बड़े पर्दे पर वैम्पायर वर्ल्ड के रोमांच को भी फिल्म के जरिए दर्शकों के समक्ष लाने की तैयारी है। प्रोड्यूसर दिनेश विजन हिन्दी सिनेमा के हॉरर यूनिवर्स में वैंम्पायर वर्ल्ड की फैंटसी को भी शामिल करने की तैयारी हैं। जानकारी के मुताबिक, डायरेक्टर अमर कौशिक एक वैम्पायर बेस्ड मूवी प्रोजेक्ट की टीम के साथ जुड़े हैं। इस फिल्म में आयुष्मान खुराना और साउथ टॉप एक्ट्रेस सामंथा को लीड रोल के लिए कास्ट करने की बात कही जा रही है।

**स्त्री 2 में श्रद्धा का हॉरर किरदार?**

साल 2018 में रिलीज हुई 'स्त्री 2' के हॉरर-कॉमेडी कंटेंट को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। ये फिल्म साल की ब्लॉकबस्टर हिट फिल्मों में से एक थी। फिल्म का बजट 14 करोड़ से 25 करोड़ बताया गया था और इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 180 करोड़ रुपये की कमाई की थी। फिल्म स्त्री के क्लाइमैक्स में एक चौंकाने वाला ट्विस्ट भी नजर आया था। ये ट्विस्ट था गांववालों को 'स्त्री' से छुटकारा दिलाने वाली श्रद्धा का खुद 'डायन' होने की ओर इशारा। अब देखना है कि फिल्म की दूसरी कड़ी में श्रद्धा किस अंदाज में लौटती हैं?

# खतरनाक बीमारी से जूझ रही हैं साउथ एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु



साउथ की सुपरस्टार एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु के फैंस को उस समय बड़ा झटका लगा, जब एक्ट्रेस ने अस्पताल के बिस्तर से एक फोटो पोस्ट की. सामंथा ने बताया कि वो एक रेयर बीमारी से जूझ रही हैं, जिससे ठीक होने के लिए उन्हें थोड़ा और समय लग सकता है. वहीं सामंथा की पोस्ट के बाद से फैंस उनके लिए दुआएं कर रहे हैं. एक्ट्रेस सामंथा ने शनिवार को अपने प्रशंसकों और फॉलोअर्स को सूचित किया कि उन्हें मायोसिटिस नामक एक ऑटो इम्यून कंडीशन का पता चला है, उन्होंने कहा कि उनके डॉक्टरों को भरोसा है कि वह बहुत जल्द पूरी तरह से ठीक हो जाएंगी.

सामंथा ने इंस्टाग्राम पर लिखा, "यशोधा' के ट्रेलर के लिए आपकी प्रतिक्रिया जबरदस्त थी. यह प्यार और कनेक्शन है जो मैं आप सभी के साथ साझा करता हूं, जो मुझे जीवन में आने वाली अंतहीन चुनौतियों से निपटने की ताकत देता है. कुछ महीने पहले मुझे मायोसिटिस नामक एक ऑटोम्यून्यून स्थिति का निदान किया गया था. मैं ठीक होने के बाद इसे साझा करने की उम्मीद कर रही थी. लेकिन मुझे उम्मीद से थोड़ा अधिक समय लग रहा है."

एक्ट्रेस ने आगे कहा, मैं धीरे-धीरे महसूस कर रही हूं कि हमें हमेशा एक मजबूत मोर्चा बनाने की जरूरत नहीं है. इस भेद्यता को स्वीकार करना कुछ ऐसा है जिससे मैं अभी भी संघर्ष कर रही हूं. डॉक्टरों को भरोसा है कि मैं बहुत जल्द पूरी तरह से ठीक हो जाऊंगी. मेरे अच्छे दिन और बुरे दिन रहे हैं .. शारीरिक और भावनात्मक रूप से. और यहां तक कि जब ऐसा लगता है कि मैं इसका एक और दिन नहीं संभाल सकती, किसी तरह वह पल गुजरता है. मुझे लगता है कि इसका मतलब केवल यह हो सकता है कि मैं ठीक होने के करीब एक और दिन हूं. आई लव यू.. यह समय भी बीत जाएगा."

# आरआरआर मूवी ने जीता जापान के लोगों का दिल जापान के बॉक्स ऑफिस पर बनाया बड़ा रिकॉर्ड

जुनियर एनटीआर और राम चरण स्टारर ब्लॉकबस्टर फिल्म आरआरआर दुनियाभर में ताबड़तोड़ कमाई करने के बाद जापान के लोगों का दिल जीतने में भी कामयाब साबित हो रही है। 21 अक्टूबर को जापान में रिलीज हुई आरआरआर ने जापान बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया है।

दुनियाभर में 1200 करोड़ रुपये की कमाई कर चुकी साउथ इंडस्ट्री की ब्लॉकबस्टर फिल्म आरआरआर को जापान में रिलीज किया गया है। फिल्म को जापान के दर्शकों की खूब सराहना मिल रही है। राम चरण और जुनियर एनटीआर स्टारर इस फिल्म की जापान में भी अच्छी कमाई जारी है। ये फिल्म इस हफ्ते बॉक्स ऑफिस पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाली विदेशी फिल्म बन चुकी है। हाईएस्ट ग्रोसर ऑफ द वीक बनी इस फिल्म की जापान में प्रोमोशन भी जोरो शोरो से की गई है। रिलीज से पहले डायरेक्टर एसएस राजामौली के साथ एक्टर जुनियर एनटीआर और राम चरण फिल्म को जापाना में प्रमोट करते नजर आए थे।




**जापान के 44 शहरों में हुई रिलीज**

जापान में अच्छी कमाई कर रही आरआर फिल्म को 44 शहरों में रिलीज किया गया है। ये फिल्म जापान में रिलीज हुई सबसे बड़ी इंडियन फिल्म बन चुकी है। इस फिल्म को 209 स्क्रीन्स और 31 मैक्स स्क्रीन्स पर रिलीज किया गया है। वैरायटी की रिपोर्ट के मुताबिक, आरआरआर ने जापान में 73 मिलियन ($495,000) JPY (जापानी करंसी) की कलेक्शन कर ली है। इस तरह से आरआरआर जापान में हाईएस्ट ग्रॉसर विदेशी फिल्म बन चुकी है।

राजामौली के निर्देशन में बनी आरआअरआर एक पीरियड़ ड्रामा फिल्म है। फैंटसी वर्ल्ड की मदद से फिल्म की इमोशनल कहानी को बयां किया गया है। इस साल 25 मार्च को देशभर में रिलीज हुई इस फिल्म ने रिलीज के महज तीन दिनों में 450 करोड़ की कमाई कर ली थी। ये फिल्म इस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों की टॉप लिस्ट में है। इस फिल्म में बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट भी अहम किरदार में नजर आईं थीं। इस फिल्म का बजट 550 बताया गया है।

# तुम बिना शादी मां बनीं तो ऐतराज नहीं :जया बच्चन

जया बच्चन ने कहा है कि उन्हें इस बात से कोई समस्या नहीं है कि उनकी नातिन शादी के पहले ही कभी मां बन जाए। उनका कहना है कि किसी भी रिलेशनशिप को लंबे समय तक चलाने के लिए फिजिकल अट्रेक्शन और फिजिकल रिलेशन बहुत जरूरी है। जया ने अपनी नातिन नव्या नवेली नंदा के पॉडकास्ट में जिंदगी से जुड़े कई पहलुओं पर बात की। उन्होंने कहा, 'हो सकता है कि लोगों को मेरी इस बात से आपत्ति हो, लेकिन मेरा मानना है कि किसी भी रिश्ते को लंबा चलाने के लिए फिजिकल रिलेशनशिप और फिजिकल अट्रेक्शन बहुत जरूरी है। हमारी जेनरेशन में हम लोगों ने इस सब बातों को कभी फील नहीं किया, लेकिन अगर आज कल के बच्चे ये एक्सपेरिमेंट करते हैं तो दिक्कत क्या है।' जया ने बातचीत में आगे कहा, 'बात मेरी जेनरेशन की हो या श्नेता की, हम लोग इस विषय में सोच भी नहीं सकते थे, लेकिन नव्या के उम्र के बच्चे जब इस अनुभव से गुजरते हैं तो कहीं न कहीं अपने आप में गिल्टी महसूस करते हैं, ये देखकर मुझे काफी बुरा लगता है।

मुझे लगता है कि आजकल के बच्चों में फीलिंग्स और रोमांस की कमी है, इसलिए मुझे लगता है कि आजकल के बच्चों को अपने बेस्ट फ्रेंड से शादी करनी चाहिए क्योंकि पहले एक दूसरे को समझना बहुत जरूरी है। मुझे लगता है कि अगर तुम किसी से प्यार करती हो तो तुम्हें आराम से उससे शादी कर लेनी चाहिए और मुझे इससे भी कोई दिक्कत नहीं है कि तुम्हारी शादी होने से पहले बच्चा हो जाए।'



अमिताभ ने 2016 में नातिन नव्या और पोती आराध्या के लिए लेटर लिखा था। अमिताभ ने कहा था कि तुम दोनों भले ही नंदा या बच्चन हो, लेकिन पहले लड़की हो, महिला हो। तुम महिला हो, इसलिए लोग अपनी सोच तुम पर जबरदस्ती थोपने की कोशिश करेंगे। वो कहेंगे कि तुम्हें कैसे कपड़े पहनने चाहिए, कैसा बिहेव करना चाहिए, किससे मिलना और कहां जाना चाहिए। लोगों के जजमेंट की परछाईं में मत जीना। अपनी खुद की सोच को देखते हुए फैसले करना। किसी को भी इतना हावी मत होने देना कि तुम्हें खुद ये लगने लगे कि तुम्हारे स्कर्ट की लंबाई तुम्हारे कैरेक्टर का पैमाना है। किसी को यह सलाह देने की इजाजत भी मत देना कि तुम्हारे फ्रेंड्स कौन और कैसे होने चाहिए।

# कियारा-सिद्धार्थ इसी साल कर सकते हैं शादी




**सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी** अपने रिश्ते की वजह से अक्सर सुर्खियों में रहते हैं। हाल में ही ये खबर आई थी कि दोनों जल्द ही शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। इसी बीच दोनों की शादी से जुड़ा एक और अपडेट सामने आया है, जिसमें में खुलासा किया गया है कि कपल दिसंबर में शादी के बंधन में बंध सकते हैं।

बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के अनुसार, शेरशाह जोड़ी यानी कि कियारा और सिद्धार्थ दिसंबर में अपनी शादी की डेट लॉक कर दी है। ये दोनों शादी के बाद मुंबई में एक रिसेप्शन पार्टी रखेंगे, जिसमें करण जौहर समेत कई बॉलीवुड स्टार्स शामिल होंगे। मिली जानकारी के मुताबिक, दोनों शादी की तैयारियों में बिजी हैं। साथ ही दोनों अपनी शादी को सीक्रेट रखना चाहते हैं। कपल शादी की पूरी तैयारियां करने के बाद ही ऑफिशियल अनाउंसमेंट करेंगे।






# बेस्ट क्वालिटीज के साथ तैयार करें अपना डिजिटल सीवी




**गर नौकरी** की तलाश में हैं तो अपनी जॉब सर्च को साधारण रेज्यूमे तक सीमित न रखें। बल्कि डिजिटल सीवी का इस्तेमाल करें। यह आपको भी से अलग बनाएगा क्योंकि इसमें आपको अपना प्रैक्टिकल वर्क दिखाने का मौका मिलता है। ऐसा न सोचें कि आपके सीवी में सिर्फ आपकी पिछली नौकरियों की तारीखें ही देखी जाएंगी। रिक्रूटर बाकी डिटेल्स भी देखते हैं। साथ ही अगर हर जॉब के लिए एक ही सीवी भेजते हैं तो आप किसी का ध्यान आकर्षित नहीं कर पाएंगे। ऐसे में अपने काम को उदाहरण सहित समझाने के लिए आप डिजिटल सीवी की मदद ले सकते हैं। इसमें आप स्टोरी टैलिंग को भी शामिल करें। कहानियां अक्सर आसानी से किसी बात को समझा देती हैं, साथ ही रिक्रूटर भी इन्हें पसंद करेंगे। अपनी पिछली नौकरियों के अचीवमेंट्स को छोटी स्टोरी के रूप में बताएं। यह एक शक्तिशाली टूल की तरह काम करेगा।

### स्किल्स को लेकर कॉन्फिडेंट रहें

रेज्यूमे में हम (We/us) के बजाय मैं (I) शब्द का प्रयोग बेहतर होता है क्योंकि रिक्रूटर आपके व्यक्तिगत कामों को जानना चाहता है। ऐसे में आपके द्वारा किए गए प्रोजेक्ट का जिक्र रेज्यूमे में होना चाहिए। प्रोजेक्ट में आपकी भूमिका क्या थी, यह भी बताएं। इससे रिक्रूटर को अंदाजा होता है कि किसी भी प्रोजेक्ट को करने के लिए आप कितने काबिल और तैयार हैं। इसके अलावा आपके रेज्यूमे में पूर्व कंपनियों में निभाए गए आपके रोल को लेकर आत्मविश्वास झलकना चाहिए। साथ ही भविष्य की नौकरी के लिए जरूरी स्किल्स को लेकर भी कॉन्फिडेंस दिखाना होगा।

### रेज्यूमे में रिक्रूटर को आपका उत्साह नजर आना चाहिए

रेज्यूमे में आपकी खुशी झलकनी चाहिए। उसमें आपको दिखाना होगा कि इस नए जॉब रोल के लिए आप बेहद उत्साहित हैं। साथ ही आपको यह भी दिखाना होगा कि आप जिज्ञासु हैं। अपनी क्वालिटी के बारे में बताते समय आपको विनम्र दिखना होगा। ज्यादा विस्तार से लिखने के बजाय अपनी उन तीन बेस्ट क्वालिटीज को पॉइन्ट्स में लिखें जो आपको दूसरों से अलग बनाती हैं। इसके बाद वे तीन बेस्ट रोल लिखें जो आप चाहते हैं कि कंपनी आपको ऑफर करे और जिनके लिए आप तैयार हैं। इससे आपकी बेस्ट स्किल्स भी प्रदर्शित होंगी। यही आपकी सुपरपावर्स हैं, जो आपको सफलता दिलाएंगी। सिर्फ यह न बताएं कि आपने क्या-क्या किया है। बल्कि रिक्रूटर्स ऐसे रेज्यूमे पसंद करते हैं जिसमें आपके सीखने की ललक दिखाई देती हो। आपको बताना चाहिए कि आपने कौनसी नई स्किल सीखी जिसका आप जॉब में बेस्ट इस्तेमाल करेंगे।

# पढ़ने जा रहे विदेश तो ध्यान रखें इन बातों का

**किसी दूसरे** देश में जाने या विदेशी कंपनी में काम करने पर पहली समस्या संवाद यानी कम्युनिकेशन की आती है। स्थानीय लोगों से बातचीत और काम के बीच संबंध स्थापित करने के लिए मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में विदेशी भाषा का ज्ञान आपको कई तरह से फायदा पहुंचा सकता है।

जब दो देशों के बीच संवाद स्थापित करने की हो तो उसमें भाषा का महत्व और भी बढ़ जाता है। इस भाषा के चलते व्यापार में तो चार चांद लगता ही है, देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में भी ये काफी सहायक हैं। भाषा वह साधन है जिसके द्वारा हम अपने विचारों को व्यक्त करते हैं। अपने समाज या देश की भाषा के प्रति तो हम बचपन से अभ्यस्त हो जाने के कारण अच्छी तरह समझ व बोल लेते हैं लेकिन दूसरे देश या समाज की भाषा हमें बिना सीखे अच्छी तरह से नहीं आती।

कारपोरेट जगत के लिए तो यह एक सेतु का काम करता है। खासकर जब विदेशी भाषा की बात हो तो इसका महत्व और भी बढ़ जाता है। आजकल कई ऐसी विदेशी भाषाएं हैं जिनके सीखने से रोजगार के सुनहरे अवसर सामने आते हैं। वैश्विक गतिविधियों के बढ़ते दायरे के चलते देश में मल्टीनेशनल कंपनियां तेजी से पांव पसार रही हैं। यहां के लोग भी विदेश जाकर काम करने को



तरजीह दे रहे हैं। इन सब के लिहाज से विदेशी भाषा का ज्ञान काफी सहायक साबित होता है।

### कई भाषाएं सीखने का मौका

दूसरी भाषा सीखने के नाम पर अब तक लोगों को अंग्रेजी ही विकल्प के तौर पर मिलती थी लेकिन अब यह दायरा कई भाषाओं तक पहुंच चुका है। फ्रेंच, स्पैनिश, रशियन, जर्मन, जैपनीज, चाइनीज, पर्शियन, अरैबिक आदि कई ऐसी विदेशी भाषाएं हैं जिन्हें सीखने के लिए छात्र उमड़ रहे हैं। बड़ी संख्या में विदेशी छात्र भी हिन्दी सीखने भारत आ रहे हैं। सही मायने में देखा जाए तो विदेशी भाषा सीखना भी एक खेल की तरह ही है जिसे जितनी जल्दी शुरू कर दिया जाए, उतना ही फायदा मिलता है। विदेशी भाषा के जानकार युवा खुद को अपडेट तो करते ही हैं, साथ ही वे दो देशों के बीच फैली भ्रांतियों को भी दूर करते हैं। विदेशी भाषा का क्रेज ही है कि दिल्ली विश्वविद्यालय में 2016 में 39 सीटों के लिए1.10 लाख से ज्यादा आवेदन आए थे।

### बारहवीं के बाद मौके

विदेशी भाषा सीखने के इच्छुक लोग वैसे तो कभी भी इसे सीख सकते हैं लेकिन यदि वे किसी प्रतिष्ठित संस्थान से कोर्स कर इसे बाकायदा एक करियर के रूप में देखना चाहते हैं तो वे बारहवीं के बाद खुद को आजमा सकते हैं। इसके लिए उनकी अंग्रेजी भाषा पर पकड़ परखी जाती है। कई ऐसे भी कोर्स हैं जिन्हें स्नातक के बाद किया जा सकता है। यदि छात्र इस भाषा में पीएचडी कोर्स करना चाहते हैं तो वे परास्नातक के बाद इसमें प्रवेश पाते हैं।

### कोर्स से जुड़ी जानकारी

इसमें सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, स्नातक से लेकर एमफिल व पीएचडी तक के कोर्स शामिल हैं। छात्र अपनी सुविधा के अनुसार किसी एक का चयन कर सकते हैं। कोर्स के द्वारा छात्रों को भाषा की आधारभूत जानकारी से लेकर अनुवाद, वाक्यों के प्रयोग और अन्य बारीकियां सिखाईं जाती हैं। इसमें फुलटाइम के साथ-साथ पार्टटाइम कोर्स भी मौजूद हैं। पिछले एक-दो सालों से कई ऑनलाइन कोर्स भी प्रचलन में हैं।

प्रभावी बनाना होगा संवाद को

विदेशी भाषा में संवाद के बिना कुछ भी संभव नहीं है। इसलिए प्रोफेशनल्स को कोर्स के अलावा अपने संवाद को स्पष्ट, प्रभावी तथा सूचनात्मक बनाना होता है। जिस भाषा का कोर्स कर रहे हैं, उससे जुड़े देश की कला-संस्कृति का ज्ञान होना जरूरी है। इसके अलावा उन्हें परिश्रमी, अनुशासित और सामाजिक बनना होगा। विदेशी शिक्षा से संबंधित प्रवेश परीक्षाओं एवं स्कॉलरशिप का ज्ञान भी छात्रों को पहले ही करना होगा। योग्यता और अन्य स्किल से लैस छात्र औरों से अलग नजर आते हैं।

### रोजगार की संभावनाएं

विदेशी भाषा में कोर्स व अन्य गुणों से लैस छात्रों को रोजगार के लिए भटकना नहीं पड़ता है। वे देश-विदेश हर जगह संभावनाएं तलाश सकते हैं। विदेशी दूतावास, टूरिज्म एजेंसी, अंतरराष्ट्रीय संगठन, शैक्षिक संगठन, बीपीओ-केपीओ संगठन, रिसर्च सेंटर, होटल मल्टीनेशनल कंपनियों में अच्छे पदों पर जॉब मिलती है। कई आईटी कंपनियां भी विदेशी भाषा के जानकारों को अवसर देती हैं। भारत की बात करें तो बैंगलौर, हैदराबाद, गुड़गांव जैसे शहरों में संबंधित प्रोफेशनल्स की डिमांड है। टीचिंग व फ्रीलांस के रूप में भी पर्याप्त काम है।

### इस रूप में मिलेगा अवसर

– दूभाषिया, अनुवादक, टूर गाइड, टीचर, टूरिस्ट ऑपरेटर, टेलीकॉलर, रिसर्चर, पीआरओ

### मिलने वाली सेलरी

यह क्षेत्र आमदनी के हिसाब से आकर्षक करियर है। इसमें शुरुआती दौर में प्रोफेशनल्स को 20-30 हजार रुपये आसानी से मिल जाते हैं। कुछ छात्रों में प्रोफेशनल्स की योग्यता को देखते हुए 35-40 हजार रुपये प्रतिमाह मिल जाते हैं। दो-तीन साल के अनुभव के बाद यह राशि 40-50 हजार तक पहुंच जाती है। टीचिंग व पीआरओ के रूप में अच्छी आमदनी हो जाती है। जबकि टूरिस्ट गाइड व टूर ऑपरेटर अपनी मेहनत के हिसाब से पैसा कमाते हैं।

# सरकारी नौकरियां

## न्यूक्लियर फ्यूल कॉम्प्लेक्स, हैदराबाद में अप्रेंटिस के 345 पदों पर निकली भर्ती

न्यूक्लियर फ्यूल कॉम्प्लेक्स, हैदराबाद ने 345 खाली पदों पर अप्रेंटिसशिप भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। एनएफसी हैदराबाद भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग के अंतर्गत काम करता है। अप्रेंटिस एक्ट 1961 के तहत की जा रही इस भर्ती के लिए आवेदन की आखिरी तारीख 5 नवंबर 2022 है।

पदों की संख्या : 345

उम्मीदवारों को 10वीं पास होने के साथ संबंधित ट्रेड में आईटीआई भी किया होना चाहिए। कैसे करें आवेदन : NAPS पोर्टल apprenticeshipindia.gov.in पर जाकर रजिस्ट्रेशन और उसके बाद आवेदन करें।

## एनटीपीसी लिमिटेड में ग्रेजुएट इंजीनियर के 864 पदों पर निकली भर्ती, कैंडिडेट्स 11 नवंबर तक करें अप्लाई

एनटीपीसी लिमिटेड ने विभिन्न विभागों में इंजीनियरिंग एग्जीक्यूटिव ट्रेनी के तौर पर ग्रेजुएट इंजीनियर की भर्ती के लिए विज्ञापन हाल ही में जारी किया है। कंपनी द्वारा इलेक्ट्रिकल, मेकेनिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, इंस्ट्रूमेंटेशन, सिविल और माइनिंग में कुल 864 ईईटी की भर्ती की जानी है। इन पदों के लिए उम्मीदवारों का चयन ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग (गेट) 2022 के आधार पर किया जाएगा।

योग्यता :उम्मीदवारों को वैकेंसी से सम्बन्धित विषय में फुल-टाइम इंजीनियरिंग/टेक्नोलॉजी डिग्री न्यूनतम 65 फीसदी अंकों के साथ पास होना चाहिए। आरक्षित वर्गों के उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम अंकों की सीमा 55 फीसदी तय है। इसके साथ ही, उम्मीदवारों को गेट 2022 परीक्षा में पास होना जरूरी है। कैसे करें आवेदन : उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट, careers.ntpc.co.in पर भर्ती सेक्शन में एक्टिव किए जाने वाले लिंक के माध्यम से ऑनलाइन अप्लीकेशन पेज पर जाकर आवेदन कर सकेंगे।

## नेवल शिप रिपेयर यार्ड और नेवल एयरक्राफ्ट यार्ड में 180 पदों पर निकली भर्ती, 10 वीं पास कैंडिडेट्स करें अप्लाई

नेवल शिप रिपेयर यार्ड और नेवल एयरक्राफ्ट यार्ड ने अप्रेंटिस के लिए उम्मीदवारों से आवेदन मांगे हैं। उम्मीदवार अप्रेंटिसशिप की ऑफिशियल वेबसाइट apprenticeshipindia.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन मोड में आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की आखिरी तारीख रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के अंदर है।

पदों की संख्या : 180

योग्यता : जिन उम्मीदवारों ने 10 वीं में 50% से अधिक अंक और राष्ट्रीय / राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीटी / एससीवीटी) द्वारा मान्यता प्राप्त प्रासंगिक आईटीआई ट्रेड में 65% से अधिक अंक प्राप्त किए हैं, वे आवेदन कर सकते हैं। आयु सीमा : उम्मीदवार की उम्र 14 से 21 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

कहां करें आवेदन : उम्मीदवारों को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना होगा। उसके बाद जरूरी डॉक्यूमेंट्स के साथ अप्रेंटिस प्रोफाइल को स्पीड/ रजिस्टर्ड पोस्ट द्वारा नीचे बताए गए पते पर भेजना होगा।

## परमाणु खनिज अन्वेषण और अनुसंधान निदेशालय में 321 पदों पर निकली भर्ती

परमाणु खनिज अन्वेषण और अनुसंधान निदेशालय (AMD) ने कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी (जेटीओ), सहायक सुरक्षा अधिकारी (एएसओ) और सुरक्षा गार्ड के पदों पर भर्ती के लिए ऑफिशियल वेबसाइट पर नोटिफिकेशन जारी किया है। इन पदों के लिए उम्मीदवार 29 अक्टूबर 2022 से आवेदन कर सकेंगे। क्वालिफिकेशन : 12वीं पास, ग्रेजुएशन। एज लिमिट :18 से 27 वर्ष।।

कैसे करें आवेदन :उम्मीदवार परमाणु खनिज अन्वेषण और अनुसंधान निदेशालय (AMD) की ऑफिशियल वेबसाइट @amd.gov.in पर जाकर 29 अक्टूबर से आवेदन कर सकते हैं।

# अच्छा कॉलेज चुनने के लिए टिप्स



**12वीं की परीक्षा** के बाद अगला मिशन होता है किसी अच्छे कॉलेज में एडमिशन। चूंकि पूरा करियर कॉलेज के सिलेक्शन पर डिपेंड करता है। इसलिए कॉलेज का सिलेक्शन करते समय पूरी सावधानी रखनी चाहिए। यहां हम आपको बता रहे हैं वे 5 बातें जो कॉलेज चुनते समय ध्यान में रखेंगे तो भविष्य में प्रॉब्लम नहीं होंगी :

### मान्यता प्राप्त है या नहीं?

किसी भी कॉलेज में एडमिशन लेने से पहले इस बात का जरूर पता लगा लेना चाहिए कि वह किसी यूनिवर्सिटी से मान्यतप्राप्त भी है या नहीं। इस दिनों ऐसे कई कॉलेज हैं जो ऊपर से काफी अच्छे नजर आते हैं, लेकिन उन्हें किसी की मान्यता ही प्राप्त नहीं होती।

### कोर्स कितना रेपुटेटेड है?

कॉलेज का चुनाव करते समय यह भी ध्यान रखें कि आप वहां से जो कोर्स करना चाहते हैं, उसकी रेपुटेशन कैसी है। करियर में वह कोर्स काम आएगा या नहीं। कई बार ऐसा भी होता है कि अच्छे कॉलेज से किए गए कोर्स का भी कोई महत्व नहीं होता। इसका पता कोर्स से संबंधित एक्सपर्ट या उस कोर्स को करने वाले पूर्व स्टूडेंट्स से लगाया जा सकता है।

### फेकल्टी कैसी है?

कॉलेज का चुनाव करते समय इस बात का भी विशेष ध्यान रखें कि वहां की फेकल्टी की इमेज कैसी है। इसका पता कॉलेज के पूर्व स्टूडेंट्स से आसानी से लगाया जा सकता है।

### ससमेंट रिकॉर्ड कैसा है?

अगर आप किसी प्रोफेशनल कोर्स में एडमिशन लेने की ।निंग कर रहे हैं तो यह भी जरूर देखना चाहिए कि कॉलेज का ससमेंट रिकार्ड कैसा है। कैंपस समेंट के बारे में अधिक जानकारी वहां से पास हो चुके स्टूडेंट्स से मिल सकती है। कॉलेज के टीचर्स से भी इसका पता लगाया जा सकता है।

### 5. लोकेशन कैसी है?

लोकेशन भी काफी मायने रखती है। कॉलेज आपके घर से कितना दूर है? किस लोकेलिटी में है? इसका भी ध्यान रखना चाहिए। अगर आप किसी दूसरे शहर में रहकर पढ़ाई करने की ।निंग कर रहे हैं तो यह देख लें कि जिस जगह पर कॉलेज है, उसके आसपास माहौल कैसा है।

# डिग्री ही नहीं डिप्लोमा कोर्सेज भी बना सकते हैं जॉब रेडी

**अगर आप 12वीं** पास करने जा रहे हैं और पारंपरिक डिग्री की बजाए कोई नया रास्ता चुनने का विचार कर रहे हैं तो इसका फैसला करना आपके लिए निश्चित ही आसान नहीं होगा। आपकी कोशिश एक ऐसा कोर्स चुनने की होगी, जो आपको कम से कम समय और खर्च में जॉब रेडी बनाए बल्कि दूसरों से दो कदम आगे भी रखे। ऐसे में आपके लिए यह जानना फायदेमंद होगा कि डिग्री कोर्स की बजाए कुछ डिप्लोमा कोर्स आपके इस उद्देश्य को पूरा करने में मदद कर सकते हैं। ऐसे कई डिप्लोमा कोर्सेज हैं जिन पर गौर किया जा सकता है, इनमें से कुछ हैं-



### डिप्लोमा इन टूरिज्म एंड ट्रैवल मैनेजमेंट

इस विषय में डिप्लोमा करके आप एयरलाइंस, ट्रैवल एजेंसी, टूर ऑपरेटिंग कंपनी, रिसोर्ट, शिपिंग कंपनी, होटल, स्टेट टूरिज्म डिपार्टमेंट में काम कर सकते हैं। साथ ही साथ मैनेजमेंट के क्षेत्र में भी कई मौकों के लिए खुद को तैयार कर सकते हैं। दिल्ली यूनिवर्सिटी के अलावा अमृतसर की गुरूनानक देव यूनिवर्सिटी से भी यह कोर्स किया जा सकता है।

### डिप्लोमा इन अर्ली चाइल्डहुड एजुकेशन

टीचिंग में दिलचस्पी है तो यह डिप्लोमा कोर्स कर सकते हैं। इसे करने के बाद आप एलिमेंट्री टीचर्स ट्रेनिंग स्कूल्स और शिक्षण से जुड़े दूसरे जॉब्स के लिए आवेदन कर सकते हैं। यही नहीं यह कोर्स आपको कई राज्य और केन्द्र सरकार की बाल कल्याण से जुड़ी स्कीम्स के लिए भी तैयार करता है। इग्नू के अलावा बॉम्बे टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, मुम्बई से यह कोर्स किया जा सकता है।

### डिप्लोमा इन कम्प्यूटर साइंस

कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग और इससे जुड़े फील्ड में रुचि रखते हैं तो डिप्लोमा इन कम्प्यूटर साइंस यानी डीसीए में एडमिशन ले सकते हैं। यह दो वर्षीय फुल टाइम प्रोग्राम है जिसे बारहवीं के बाद किया जा सकता है। इस क्षेत्र में तीन मुख्य कॅरिअर अपनाए जा सकते हैं-कम्प्यूटर प्रोग्रामर, सॉफ्टवेयर डेवलपर और कम्प्यूटर सिस्टम एनालिस्ट्। दिल्ली यूनिवर्सिटी, सेंट जेवियर कॉलेज, मुंबई और गुजरात टेक्निकल यूनिवर्सिटी, अहमदाबाद से यह कोर्स किया जा सकता है।

### डिप्लोमा इन इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी

अगर आपका साइंस बैकग्राउंड है तो आप कम्प्यूटर मैनेजमेंट या हार्डवेयर सिस्टम्स के क्षेत्र में कॅरिअर के ऑप्शन तलाश सकते हैं। इसके लिए आप कम्प्यूटर एप्लीकेशन्स, डॉट नेट, सीसीएनए, सीसीएनई, सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर एंड नेटवर्किंग, सिस्टम एडमिनिस्ट्रेशन, इंटरनेट सिक्योरिटी, ए थिकल हैकिंग, एम्बडेड सिस्टम्स, आईटी, कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग और कम्प्यूटर लैंग्वेज सीख सकते हैं। गर्वन्मेंट पॉलिटेक्निक, मुंबई, स्वामी विवेकानंद ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट, चंडीगढ़ में डिप्लोमा इन आईटी उपलब्ध है।

# सफल बिजनेस के लिए आइडिया को इस तरह अमल में लाएं

जनेस के लिए आपके पास आइडिया कितना भी अच्छा क्यों न हो, लेकिन असली चुनौती उस आइडिया को अमल में लाने में आती है। हालांकि बिजनेस आइडिया को विकसित करने के लिए अब आंत्रप्रेन्योर्स कई इंक्यूबेटर्स की मदद लेते हैं। इनकी मदद से ऑफिस स्पेस से लेकर लॉयर, अकाउंटेंट, इंवेस्टर्स तक भी आपकी पहुंच आसान हो जाती है। लेकिन याद रखें, इंक्यूबेटर तक जाने में सिर्फ आपका आइडिया ही आपकी मदद नहीं करेगा। बल्कि आपको उसे अमल में लाने के लिए भी काम करना होगा। जानिए किस तरह आप अपने आइडिया को एक सफल बिजनेस का रूप दे सकते हैं।




### जरूरत

सबसे पहले आपको यह जानना होगा कि मार्केट में आपके प्रॉडक्ट की जरूरत है या नहीं। उसके बाद आपको गैप एनालिसिस करना होगा और यह पता लगाना होगा कि मार्केट की जरूरत के मुताबिक आप किस स्तर पर हैं। साथ ही आपको यह भी देखना होगा कि आपकी सेवाएं या प्रॉडक्ट प्रॉब्लम सॉल्विंग हैं या नहीं।

### मजबूत आइडिया से बिजनेस को मिलेगी सफलता

### बजट

प्रॉडक्ट डेवलपमेंट, फील्ड ट्रायल, हायरिंग, डिजाइन, मैन्यूफैक्चरिंग में थोा-थोा बजट खर्च करें। इसका इंतजाम आपको पहले ही करना होगा।

### मेंटरिंग

स्टार्टअप के हर चरण में आपको सलाह की जरूरत होगी, जो आपके लिए निर्णायक भूमिका निभाएगी। इसके लिए बिजनेस स्ट्रैटजिस्ट से संपर्क रखें।

### मॉडल बनाएं


आइडिया पर काम करने और मार्केट रिसर्च के बाद आपको अपना एक बिजनेस मॉडल बनाना होगा। इसमें मार्केट रिसर्च की विस्तृत रिपोर्ट भी शामिल करनी होगी और बिजनेस स्थापित करने तक का अनुमानित बजट ।न भी पेश करना होगा।

### खर्च के लिए थोडा समय लें

स्टार्टअप ।न पर काम करने के शुरुआती चरणों में आपको फाइनेंशियल स्केलिंग से बचना होगा। शुरुआत में ही मार्केटिंग और ब्रांडिंग आदि पर बजट खर्च करना ठीक नहीं है। इसके लिए आपको थोा वक्त लेना चाहिए। जब तक कि बिजनेस मॉडल वर्किंग मोड पर नहीं आ जाए इस पर बजट खर्च करना शुरू नहीं करना चाहिए।

### सही टीम का चुनाव

बिजनेस शुरू करते समय जब भी आप हायरिंग करेंगे तो आपको ख्याल रखना होगा कि टीम का चुनाव सही हो। इसमें भी आपको अपने बिजनेस की जरूरत समझनी होगी। साथ ही हायरिंग में टेक्निकल और बिजनेस एक्सपर्ट्स का सही संतुलन रखना जरूरी है।



# तिमाही नतीजों ने किया कंपनी को गदगद, डिविडेंड का हुआ ऐलान; रिकॉर्ड डेट घोषित

नई दिल्ली, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के दौरान किस कंपनी ने कैसा प्रदर्शन किया है, तिमाही नतीजों से स्पष्ट हो जा रहा है। आईटी कंपनी ऑलसेक टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने दूसरी तिमाही में शानदार प्रदर्शन किया है। कंपनी के प्रदर्शन से खुश होकर ऑलसेक टेक्नोलॉजीज के बोर्ड ऑफ डॉयरेक्टर्स ने डिविडेंड देने का फैसला किया है। आइए जानते हैं रिकॉर्ड डेट क्या है? ऑलसेक टेक्नोलॉजीज ने एक्सचेंज को दी जानकारी में बताया, "कंपनी के बोर्ड की मीटिंग 28 अक्टूबर 2022 को हुई थी। 10 रुपये के फेसवैल्यू वाले शेयर पर निवेशकों को 20 रुपये डिविडेंड देने की मंजूरी बोर्ड के सदस्यों ने दी है।

इस डिविडेंड के लिए रिकॉर्ड डेट 7 नवबंर 2022 तय किया गया है।" दूसरी तिमाही के दौरान कंपनी का नेट प्रॉफिट 15.87 करोड़ रुपये का था। जबकि इससे पहले कि वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 12.95 करोड़ रुपये था। साल-दर-साल के हिसाब से देखें तो नेट प्रॉफिट में 22.55 प्रतिशत का इजाफा देखने को मिला है। कंपनी के सेल्स में 22.15 प्रतिशत की तेजी देखी गई है। शुक्रवार को कंपनी के एक शेयर का भाव 0.019 प्रतिशत की तेजी के साभ 524.30 रुपये प्रति शेयर के लेवल पर क्लोज हुआ था। बीते एक साल के दौरान कंपनी ने अपने प्रदर्शन से निवेशकों को झटका दिया है। इस दौरान ऑलसेक टेक्नोलॉजीज के शेयर का भाव 8.01 प्रतिशत लुढ़क गया है। वहीं, साल 2022 में अबतक कंपनी के शेयरों में 22.46 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली है।

# महंगाई को काबू रखने में विफलता पर चर्चा करेगा आरबीआई

## सरकार को सौंपी जाएगी रिपोर्ट

नई दिल्ली, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। छह साल पहले मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) का गठन होने के बाद पहली बार भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) लगातार नौ महीनों तक मुद्रास्फीति (महंगाई दर) को निर्धारित दायरे में नहीं रख पाने पर एक रिपोर्ट तैयार कर सरकार को सौंपेगा। वर्ष 2016 में मौद्रिक नीति निर्धारण के एक व्यवस्थित ढांचे के रूप में एमपीसी का गठन किया गया था। उसके बाद से एमपीसी ही नीतिगत ब्याज दरों के बारे में निर्णय लेने वाली सर्वोच्च इकाई बनी हुई है। एमपीसी ढांचे के तहत सरकार ने आरबीआई को यह जिम्मेदारी सौंपी थी कि महंगाई दर चार प्रतिशत (दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ) से नीचे बनी रहे। हालांकि, इस साल जनवरी से ही महंगाई दर लगातार छह प्रतिशत से ऊपर



बनी हुई है। सितंबर में भी उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति 7.4 प्रतिशत पर दर्ज की गई। इसका मतलब है कि लगातार नौ महीनों से मुद्रास्फीति छह प्रतिशत के संतोषजनक स्तर से ऊपर बनी हुई है। मुद्रास्फीति का यह स्तर दर्शाता है कि आरबीआई अपना निर्दिष्ट दायित्व निभाने में असफल रहा है। दरअसल, आरबीआई अधिनियम की धारा 45जेडएन में प्रावधान है कि लगातार तीन तिमाहियों यानी लगातार नौ महीनों तक मुद्रास्फीति के निर्धारित स्तर से ऊपर रहने पर केंद्रीय बैंक को अपनी नाकामी के बारे में सरकार को एक समीक्षात्मक रिपोर्ट सौंपनी होगी। इस रिपोर्ट में आरबीआई को यह बताना होता है कि मुद्रास्फीति को काबू में रख पाने में उसकी नाकामी की क्या वजह रही? इसके साथ ही आरबीआई को यह भी बताना होता है कि वह स्थिति को काबू में लाने के लिए किस तरह के कदम उठा रहा है।

इन वैधानिक प्रावधानों और मुद्रास्फीति के मौजूदा स्तर को देखते हुए आरबीआई ने तीन नवंबर को एमपीसी की विशेष बैठक बुलाई है जिसमें सरकार को सौंपी जाने वाली रिपोर्ट को तैयार किया जाएगा। एमपीसी के छह-सदस्यीय पैनल की अगुवाई गवर्नर शक्तिकांत दास करेंगे। आरबीआई ने गत बृहस्पतिवार को जारी बयान में कहा था कि आरबीआई अधिनियम की धारा 45जेडएन के प्रावधानों के अनुरूप तीन नवंबर को एमपीसी की एक अतिरिक्त बैठक बुलाई जा रही है। यह धारा मुद्रास्फीति को तय दायरे में रख पाने में विफलता से जुड़े प्रावधान निर्धारित करती है। सरकार ने 31 मार्च,2021 को जारी एक अधिसूचना में कहा था कि मार्च, 2026 तक आरबीआई को मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत (दो प्रतिशत अधिक या दो प्रतिशत कम) के भीतर रखना होगी। इस तरह सरकार ने पांच वर्षों के लिए मुद्रास्फीति को अधिकतम छह प्रतिशत तक रखने का दायित्व आरबीआई को सौंपा था। लेकिन वर्ष 2022 इस लक्ष्य की दिशा में असफल साबित हुआ है। जनवरी से लेकर सितंबर तक लगातार मुद्रास्फीति छह प्रतिशत से अधिक रही है। इसपर काबू पाने के लिए आरबीआई ने एमपीसी की सिफारिश पर नीतिगत रेपो दर को पिछले पांच महीनों में 1.90 प्रतिशत तक बढ़ा दिया है। अब रेपो दर 5.90 प्रतिशत हो चुकी है जो इसका तीन साल का सर्वोच्च स्तर है।

# ट्विटर में छंटनी को लेकर एलन मस्क का प्लान, इन योजनाओं पर कर रहे काम



नई दिल्ली, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। दुनिया की दिग्गज सोशल मीडिया कंपनी ट्विटर का अधिग्रहण करने बाद नए बास एलन मस्क बड़े बदलाव की तैयारी कर रहे हैं। हाल में आई एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि मस्क बड़े स्तर पर ट्विटर में नौकरियों की छंटनी कर जा रहे हैं। शनिवार को इसे लेकर काम भी शुरू कर दिया गया है। समाचार एजेंसी पीटीआई ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि मामले से जुड़े हुए लोगों का कहना है कि मैनेजर्स से ऐसे लोगों की लिस्ट निकालने को कहा गया, जिन्हें नौकरी से निकाला जा सकता है। वहीं, इससे पहले आई रिपोर्ट में दावा किया गया था कि ट्विटर के अधिग्रहण के बाद मस्क करीब 75 प्रतिशत कंपनी का स्टाफ कम कर सकते हैं। ट्विटर में मौजूदा समय में 7,500 के करीब कर्मचारी काम करते हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि ट्विटर में छंटनी 1 नवंबर से पहले हो सकती है। इसके पीछे की बड़ी वजह यह है कि 1 नवंबर को कंपनी के सभी कर्मचारियों को स्टॉक ग्रांट्स दिए जाने वाले हैं।

# टाटा के इस स्टॉक ने दिया 6000% का रिटर्न, निवेशकों की हुई चांदी

नई दिल्ली, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। पिछले एक दशक के दौरान जिन कुछ कंपनियों ने निवेशकों को ताबड़तोड़ रिटर्न दिया है उसमें टाटा एलेक्सी भी शामिल है। बीते 10 साल के दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में 5000 प्रतिशत से अधिक की उछाल देखने को मिली है। यानी तब जिस किसी ने इस कंपनी में निवेश करके अबतक उसे होल्ड किया होगा वह आज मालामाल हो गया होगा। आइए जानते हैं कि इस साल कंपनी का प्रदर्शन कैसा रहा है? एनएसई में 9 नवबंर 2012 को कंपनी के एक शेयर की कीमत 109.78 रुपये थे। जोकि शुक्रवार (28 अक्टूबर 2022) को 6870 रुपये के लेवल पर



क्लोज हुआ था। यानी बीते 10 साल में कंपनी के शेयरों की कीमतों में 6157.97 प्रतिशत की उछाल देखने को मिली है। 5 साल पहले जिस किसी ने इस कंपनी पर दांव लगाया होगा और अबतक होल्ड किया होगा उसका रिटर्न 700.23 प्रतिशत तक बढ़ गया है। निवेशकों के लिए पिछला एक साल भी शानदार रहा है। इस मुश्किल दौर में कंपनी के शेयर का भाव 14.99 प्रतिशत बढ़ा है। रूस और यूक्रेन युध्द की वजह से इस साल शेयर मार्केट में लगातार उतार और चढ़ाव देखने को मिला है। लेकिन कठिन परिस्थितियों में भी टाटा एलेक्सी ने बेहतर रिटर्न दिया है। साल 2022 में टाटा के इस स्टॉक ने निवेशकों को 16.57 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। दस साल पहले जिस किसी निवेशक ने टाटा एलेक्सी में 1 लाख रुपये का निवेश किया होगा उसका रिटर्न अब तक होल्ड करने पर 62.57 लाख रुपये हो गया होगा। टाटा एलेक्सी ने 1 जनवरी 1999 को शेयर मार्केट में डेब्यू किया था। तब से अबतक कंपनी के शेयरों की कीमतों में 19,528 प्रतिशत की उछाल देखने को मिली है।

# रेलवे ने रद की 120 से अधिक ट्रेनें

नई दिल्ली, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय रेलवे की ओर से ट्रेनों को रद करने का सिलसिला जारी है। आज भी रेलवे के द्वारा 122 ट्रेनों को रद कर दिया गया है। इसमें से 93 ट्रेनों को पूरी तरह से और 29 ट्रेनों को आंशिक रूप से रद किया गया है। रेलवे की ओर से इन ट्रेनों को रद करने के पीछे कोई भी स्पष्ट कारण नहीं बताया गया है, लेकिन माना जा रहा है कि परिचालन संबंधी कारणों के चलते इन्हें रद किया गया है। इसके अलावा रेलवे ने 15 ट्रेनों को रीशेड्यूल और 9 ट्रेनों को डायवर्ट किया है। रद, रीशेड्यूल और डायवर्ट की ट्रेनों में उत्तर प्रदेश, पंजाब, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, असम, गोवा और गुजरात से चलने वाली मेल, लोकल, एक्सप्रेस, स्पेशल और जनशताब्दी जैसी गाड़ियों का नाम शामिल हैं।

# नवंबर में 10 दिन बंद रहेंगे बैंक

नई दिल्ली, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। कुछ ही घंटों बाद नवंबर माह 2022 की शुरुआत होने वाली है. अगर आप नवंबर के महीने में बैंक से जुड़ा कोई भी काम करना चाहते हैं तो ये खबर आपके काम की साबित होगी. इस खबर में आपको नवंबर माह में बैंकों का कामकाज बंद रहने की जानकारी मिलेगी. आपको बैंक में पड़ने वाली छुट्टी की लिस्ट एक बार जरूर देख लेनी चाहिए.





### आरबीआई ने दी जानकारी

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया से हर महीने बैंक हॉलिडे की लिस्ट जारी होती है. ताकि लोगों को पूरे महीने बैंक की सुविधा लेने में कोई परेशानी न हो. इस लिस्ट को आप केंद्रीय बैंक आरबीआई की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर चेक कर सकते हैं. अगर आपको बैंक में जरूरी काम करना है, तो आप इसे 1 दिन पहले ही निपटा सकते है. साथ ही आप नेट बैंकिंग एटीएम डिजिटल पेमेंट के जरिए अपने काम कर सकते हैं.

### 10 दिन के लिए बंद होगे बैंक

कई बार लोगों को महीने में किस-किस दिन बैंक बंद है, इस बात की जानकारी नहीं रहती है. इस जानकारी के अभाव में वह बैंक पहुंच जाते हैं और उनके जरूरी काम अटक जाते हैं. ऐसे में आप इस परेशानी से बचना चाहते हैं, तो जान लें कि नवंबर महीने कुल 10 दिन बैंक बंद रहने वाले हैं.

# ये है दुनिया की सबसे महंगी चीज

नई दिल्ली, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। आपने एक से बढ़कर एक शानदार और महंगी चीजों के बारे में सुना होगा। लेकिन क्या आपको पता है धरती पर इंसानों द्वारा बनाई गई सबसे महंगी चीज के बारे में? अगर कोई आपसे पूछे कि धरती पर सबसे महंगी चीज क्या है तो आप क्या जवाब देंगे। आज हम आपको धरती पर बनाई गई अब तक की सबसे महंगी चीज के बारे में बताने जा रहे हैं। इसकी कीमत सुनकर आपके होश उड़ जाएंगे। आपको यकीन नहीं होगा। वहीं ये चीज आसमान में घूम रही है। आईए आपको बताते हैं इसके बारे में। मीडिया रिपोर्टस के मुताबिक, दुनिया में बनाई गई अब तक की सबसे महंगी चीज इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन है। इस स्पेस स्टेशन की कीमत करीब 150 बिलियन डॉलर है यानी 15 हजार करोड़ डॉलर है।

# एफडी पर 7% तक ब्याज दे रहे हैं ये 4 बैंक, जल्दी करें हाथ से निकल ना जाए ये मौका!

नई दिल्ली, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। बढ़ती मंहगाई को रोकने के लिए रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने बीते कई महीनों में कई बार रेपो रेट में इजाफा किया है। रेपो रेट बढ़ने से जहां लोगों की ईएमआई बढ़ गई है। तो वहीं, बैंक एफडी पर पहले की तुलना में अधिक ब्याज इस समय दे रहे हैं। हाल ही में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, एचडीफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और आरबीएल बैंक ने एफडी रेट्स बढ़ा दिया था। आइए जानते हैं ऐसे बैंकों के विषय में जहां 7 प्रतिशत या उससे अधिक ब्याज मिल रहा है। बैंक 7 दिन से 10 साल तक के लिए एफडी करता है। अगर कोई सामान्य ग्राहक 750 दिन की एफडी करवाता है तो उसे 7.25 प्रतिशत का ब्याज बैंक की तरफ से दिया जाएगा। वहीं, सीनियर सिटीजन को इसी टाइम पीरियड के लिए 7.75 प्रतिशत ब्याज मिल रहा है। बैंक सीनियर सिटीजन को 15 महीने की एफडी पर 7.50 प्रतिशत और सामान्य नागरिकों को 7 प्रतिशत ब्याज दे रहा है। यह सरकारी बैंक 7 दिन से 10 साल तक की एफडी करवाने का मौका लोगों को दे रहा है। बैंक 3 प्रतिशत से 7 प्रतिशत तक ब्याज ऑफर कर रहा है। बता दें, नई दरें 17 अक्टूबर 2022 से प्रभावी हैं।कैनरा बैंक ने 666 दिन की स्पेशल एफडी को लॉन्च किया था।

666 दिन की एफडी करवाने पर सामान्य नागरिकों को बैंक 7 प्रतिशत का ब्याज देगा। वहीं, वरिष्ठ नागरिकों को बैंक 7.5 प्रतिशत ब्याज दे रहा है। नई दरें 7 अक्टूबर 2022 से प्रभावी हैं।

# अडानी ग्रुप करेगा 150 अरब डॉलर का निवेश



नई दिल्ली, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। एशिया के सबसे अमीर शख्स गौतम अडानी का अडानी ग्रुप ग्रीन एनर्जी, डेटा सेंटर, हवाई अड्डे से लेकर स्वास्थ्य सेवा क्षेत्रों में 150 अरब डॉलर से अधिक का निवेश करेगा। समूह का लक्ष्य 1,000 अरब डॉलर के मूल्यांकन वाली वैश्विक कंपनियों की विशिष्ट सूची में शामिल होने का है। अडानी ग्रुप के मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) जुगेशिंदर 'रॉबी' सिंह ने 10 अक्टूबर को वेंचुरा सिक्योरिटीज लिमिटेड द्वारा यहां आयोजित निवेशक बैठक में समूह की विकास योजनाओं का ब्योरा दिया। वर्ष 1988 में एक व्यापारी के रूप में कारोबार शुरू करने वाले समूह ने काफी तेजी से बंदरगाह, हवाई अड्डा, सड़क, बिजली, नवीकरणीय ऊर्जा, बिजली पारेषण, गैस वितरण और एफएमसजी क्षेत्र में पैर पसारे हैं। हाल के समय में समूह डेटा केंद्र, हवाई अड्डा, पेट्रोरसायन, सीमेंट और मीडिया जैसे क्षेत्रों में उतरा है।

उन्होंने कहा कि समूह की अगले 5-10 साल में हरित हाइड्रोजन कारोबार में 50-70 अरब डॉलर और हरित ऊर्जा में 23 अरब डॉलर का निवेश करने की योजना है। यह बिजली पारेषण में सात अरब डॉलर, 'ट्रांसपोर्ट यूटिलिटी' में 12 अरब डॉलर और सड़क क्षेत्र में पांच अरब डॉलर का निवेश करेगा। समूह के क्लाउड सेवाओं के साथ डेटा केंद्र कारोबार में प्रवेश के लिए उसे एज कॉनेक्स के साथ साझेदारी में 6.5 अरब डॉलर का निवेश करना होगा और हवाई अड्डों के लिए 9-10 अरब डॉलर की योजना बनाई गई है। हवाई अड्डा क्षेत्र में समूह पहले ही सबसे बड़ा निजी परिचालक है। एसीसी और अंबुजा सीमेंट के अधिग्रहण के साथ सीमेंट क्षेत्र में प्रवेश के लिए समूह ने 10 अरब डॉलर का निवेश किया है।

# महंगाई का नहीं हुआ असर

## दिवाली सीजन में खरीदारों ने तोड़ा रिकॉर्ड

नई दिल्ली, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। इस साल के दिवाली त्यौहार की खरीदी के सीजन ने पिछले कई वर्षों की दिवाली की बिक्री के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं. इस साल के दिवाली त्यौहार के सीजन में देश के ऑफलाइन ट्रेड में एक अनुमान के अनुसार लगभग 1.75 लाख करोड़ का व्यापार हुआ जो पिछले वर्ष के मुकाबले 40 फीसदी से अधिक है. वर्ष 2021 में यह आंकड़ा 1 .25 लाख करोड़ का था. इस बार के त्यौहार में ग्राहकों का जोर भारत में निर्मित उत्पादों की खरीद में ही रहा जिसके चलते चीनी सामान बाजारों से लगभग नदारद ही रहा जिस वजह से चीन को लगभग 75 हजार करोड़ से ज्यादा का व्यापार का नुकसान भारतीय व्यापारियों ने दिया. इससे साफ़ जाहिर होता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकल पर वोकल और आत्मनिर्भर भारत की अपील का देश भर में व्यापक असर देखने को मिला है.

कैट द्वारा जारी ये आंकड़े कैट की रिसर्च विंग कैट रिसर्च एंड ट्रेड डेवलपमेंट सोसाइटी द्वारा देश के 30 शहरों में किये गए एक सर्वे के आधार पर हैं. यह सर्वे 26 सितम्बर से 26 अक्टूबर के दौरान लगातार विभिन्न चरणों में किया गया था.

कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी सी भरतिया और राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने आज नई दिल्ली में जारी एक संयुक्त बातचीत में बताया की दिवाली पर इतने बड़े पैमाने पर देश के व्यापारियों द्वारा किया गया व्यापार और बाजारों में जिस तरह से ग्राहकों की भीड़ उमड़ी, उसने इस मिथक को तोड़ दिया कि ई कॉमर्स व्यापार जल्दी ही देश के रिटेल व्यापार में अपनी पैठ बना लेगा. इस बड़े व्यापार से यह भी स्पष्ट हो गया कि सिस्ता ही ज्यादा बिकेगा की अवधारणा का अब ग्राहकों की खरीदी व्यवहार में कोई स्थान नहीं है बल्कि अब ग्राहक सामान की क्वालिटी पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं.

कैट ने यह सर्वे दिल्ली, मुंबई, पुणे, नागपुर, सूरत, अहमदाबाद, भोपाल, इंदौर, कलकत्ता, हैदराबाद,चेन्नई, पॉन्डिचेरी, बंगलोर, रायपुर, रांची, भुवनेश्वर, जयपुर, लखनऊ, कानपुर, झांसी, वाराणसी, तिनसुकिया, जम्मू, जमशेदपुर, तिरुअनंतपुरम, पटना, चंडीगढ़, अमृतसर, लुधियाना एवं गुड़गांव में किया. सर्वे में यह भी सामने आया कि इस बार दिवाली खरीद में टियर 2 एवं टियर 3 शहर, शहरीकृत ग्रामीण क्षेत्र आदि के व्यापारियों ने अपने नजदीक के शहरों से खूब खरीदारी की वहीं महानगरों और बड़े शहरों के थोक व्यापारियों ने भी बड़ी मात्रा में अंतराज्यीय बिक्री की.

देश भर में रिटेल बाजारों में स्थानीय ग्राहकों ने भी दिल खोलकर खरीदारी की और कमोबेश महंगाई का कोई खास असर ग्राहकों की खरीदी पर नहीं पड़ा क्योंकि हर वर्ग की जरूरत के हिसाब से सामान की खूब बिक्री हुई.

# सस्ता हुआ खाने का तेल! सरसों को छोड़कर ज्यादातर तिलहन कीमतों में आई गिरावट, क्या है वजह?

नई दिल्ली, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। देश में सोयाबीन और सूरजमुखी तेल का आयात बढ़ने की उम्मीद के कारण बीते सप्ताह दिल्ली तेल-तिलहन बाजार में लगभग सभी तेल-तिलहन कीमतों में गिरावट आई। इस गिरावट का असर बाकी तेल-तिलहन कीमतों पर भी दिखा और सोयाबीन एवं मूंगफली तेल-तिलहन, सीपीओ और बिनौला तेल कीमतों में गिरावट दर्ज हुई। दूसरी ओर सर्दी के साथ-साथ शादी-विवाह में मांग बढ़ने के कारण सरसों तेल-तिलहन और बिनौला तेल कीमतों में सुधार आया। सूत्रों ने कहा कि पिछले साल के मुकाबले इस साल बिनौला तेल के भाव कम हैं, जिसकी वजह से किसान नीचे भाव पर बिकवाली करने से बचने के लिए मंडियों में कम माल ला रहा है। इस वजह से बिनौला तेल कीमतों में तेजी आई है। किसान मंडियों में कम सरसों



ला रहे हैं और वे रोक-रोक कर बिकवाली कर रहे हैं। इसलिए सरसों तेल-तिलहन कीमतों में सुधार आया। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में सोयाबीन और मूंगफली की आवक मंडियों में धीरे-धीरे बढ़ेगी। इस वजह से सोयाबीन और मूंगफली तेल-तिलहन कीमतों में गिरावट आई है। सूत्रों ने कहा कि कच्चे पामतेल (सीपीओ) और पामोलीन तेल के आयात भाव के मुकाबले कांडला बंदरगाह पर इन तेलों का भाव अधिक है। इसकी वजह से मंडियों में इन तेलों की बिक्री कम हो रही है। कम बिक्री की वजह से सीपीओ और पामोलीन तेल कीमतों में गिरावट आई है। खाद्य तेलों के शुल्क-मुक्त आयात की छूट का कोटा निर्धारित किये जाने से बाकी आयात लगभग रुक गया, क्योंकि बाकी आयात के लिए आयातकों को आयात शुल्क का भुगतान करना होगा। इससे बाजार में कम आपूर्ति की स्थिति बन गई है। सूत्रों ने कहा कि तेल संगठनों की जिम्मेदारी बनती है कि सरकार के कोटा निर्धारित करने के फैसले के दुष्प्रभावों के संबंध में सरकार को अवगत कराये। सरकार की तरफ से 20-20 लाख टन सूरजमुखी और सोयाबीन तेल के शुल्क-मुक्त आयात की छूट देने के बाद आयातकों द्वारा नये सौदे नहीं खरीदने के कारण बाजार में कम आपूर्ति (शॉर्ट सप्लाई) की स्थिति पैदा हो गई है। सूत्रों ने कहा कि सरकार को अपने इस फैसले पर पुनर्विचार करते हुए या तो शुल्क-मुक्त आयात की सीमा को हटा देना चाहिये या पहले की तरह सभी आयात पर शुल्क लगा देना चाहिये। इस कदम से कोई आंतरिक प्रतिस्पर्धा नहीं रह जायेगी और आयात बढ़ेगा जिससे प्रतिस्पर्धा के कारण उपभोक्ताओं को भी सस्ते में खाद्य तेल उपलब्ध होगा। बीते सप्ताह मूंगफली तिलहन का भाव 50 रुपये घटकर 6,820-6,885 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। इसके अलावा कच्चे पाम तेल (सीपीओ) का भाव 350 रुपये की गिरावट के साथ 8,750 रुपये क्विंटल पर बंद हुआ, जबकि पामोलीन दिल्ली का भाव 200 रुपये घटकर 10,500 रुपये और पामोलीन कांडला का भाव 300 रुपये घटकर 9,500 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। दूसरी तरफ बिनौला तेल 100 रुपये बढ़कर 13,200 रुपये प्रति क्विंटल के भाव पर बंद हुआ।

# टॉप-10 कंपनियों में से 9 की मार्केट वैल्यू 90,319 करोड़ रुपए बढ़ी

### आरआईएल को हुआ सबसे ज्यादा फायदा

नई दिल्ली, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से नौ कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 90,318.74 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई। शेयर बाजारों के सकारात्मक रुख के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे अधिक लाभ में रही। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 652.7 अंक या 1.10 प्रतिशत चढ़ गया। सोमवार को दिवाली के अवसर पर बाजार में एक घंटे का विशेष मुहूर्त कारोबार आयोजित किया गया। बुधवार को दिवाली बलिप्रतिपदा पर बाजार बंद रहे थे। समीक्षाधीन सप्ताह में हिंदुस्तान यूनिलीवर को छोड़कर शीर्ष 10 में अन्य सभी कंपनियों के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई। इनमें टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) शामिल हैं। बीते सप्ताह रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 36,566.82 करोड़ रुपए के उछाल के साथ 17,08,932.42 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। एचडीएफसी बैंक का बाजार मूल्यांकन 11,195.61 करोड़ रुपए बढ़कर 8,12,378.52 करोड़ रुपए रहा। भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 10,792.67 करोड़ रुपए के उछाल के साथ 4,54,404.76 करोड़ रुपए पर पहुंच गई। एसबीआई की बाजार हैसियत 8,879.98 करोड़ रुपए बढ़कर 5,09,372.21 करोड़ रुपए रही। टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 8,617.06 करोड़ रुपए बढ़कर 11,57,339.65 करोड़ रुपए रहा। एचडीएफसी की बाजार हैसियत 8,214.27 करोड़ रुपए बढ़कर 4,36,240.27 करोड़ रुपए रही। इन्फोसिस का मूल्यांकन 5,259.92 करोड़ रुपए बढ़कर 6,36,476.13 करोड़ रुपए पर पहुंच गया।

# हैलोवीन फेस्टिवल में भगदड़ से 151 की मौत

1. हैमिल्टन होटल के पास इटावोन की संकरी गली में हजारों लोग मौजूद थे। कोरोना प्रतिबंध हटने के बाद सियोल में पहला हैलोवीन इवेंट आयोजित किया गया था।
2. दक्षिण कोरियन मीडिया के मुताबिक, इमरजेंसी की पहली सूचना रात करीब 10 :22 बजे मिली थी। इसके बाद बचाव कार्य शुरू किया गया, लेकिन भीड़ की वजह से मेडिकल टीम को पहुंचने में वक्त लगा।
3. महज चार मीटर के दायरे में चौडी गली में करीब एक लाख लोग मौजूद थे। वहीं, इटाओन सबवे स्टेशन और होटल से भारी भीड़ मौके पर पहुंच रही थी।
4. कोरियन मीडिया के मुताबिक, नाइट स्पॉट वाली संकरी गली में मौजूद किसी प्रतिष्ठान में एक सेलिब्रिटी नजर आया था, जिसके बाद भीड़ काफी ज्यादा बढ़ गई।
5. रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि जिस गली में भगदड़ मची, वह महज चार मीटर चौड़ी थी। यह जगह इतनी कम है कि इसमें एक सेडान कार भी नहीं आ सकती।
6. भगदड़ के दौरान लोगों ने एक-दूसरे को धक्का देना शुरू कर दिया। इसकी वजह से लोग एक-दूसरे पर गिरने लगे।
7. भगदड़ मचते ही लोगों की हालत बिगड़ने लगी। इस दौरान काफी लोगों ने दम घुटने और कार्डियक अरेस्ट की दिक्कत होने के संकेत दिए।
8. भीड़ की वजह से एंबुलेंस पीड़ितों के पास नहीं पहुंच सकी। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने कारों की छत पर खड़े होकर भीड़ को रास्ता छोड़ने के निर्देश दिए, जिससे एंबुलेंस के लिए रास्ता बन सके।
9. भगदड़ मचने के बाद भी काफी लोग मौज-मस्ती करते नजर आए। उन्होंने रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान रास्ते में रुकावट भी डाली।
10. भीड़ और संकरी गली की वजह से जब एंबुलेंस मौके पर नहीं पहुंच सकी तो मेडिकल टीम ने मौके पर ही पीड़ितों को सीपीआर दिया।

## साउथ कोरिया की घटना, हार्ट फेल से कई की जान गई; 82 से ज्यादा घायल



सियोल, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। साउथ कोरिया की राजधानी सियोल में शनिवार देर रात हैलोवीन फेस्टिवल के दौरान भगदड़ मच गई। हादसे में 151 लोगों की मौत हो गई। इनमें से कई लोगों का हार्ट फेल हो गया था। भगदड़ में 82 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। पुलिस ऑफिसर चोई चेओन-सिक ने कहा- इटावन लेसर इलाके में फेस्टिवल के दौरान एक संकरी रोड पर लाखों लोग आ गए, जिसके बाद वहां भगदड़ मची। कई लोगों की मौत भीड़ में कुचले जाने से हुई है। कुछ लोगों को कार्डियक अरेस्ट आ गया। मारने वालों में 19 विदेशी नागरिक थे। इनमें 3 चीन के नागरिक थे। हादसे के बाद देश में एक दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित किया गया है।

50 लोगों को सीपीआर दिया गया

इमरजेंसी डिपार्टमेंट के अधिकारियों ने बताया कि कई लोगों को सांस लेने में दिक्कत आ रही थी। इस सभी लोगों को सीपीआर दिया गया। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक येओल ने अधिकारियों से घायलों को बेहतर इलाज देने का निर्देश दिया है। साथ ही उत्सव स्थलों की सुरक्षा की समीक्षा करने को कहा है।

**अब जानिए कि क्या है कार्डियक अरेस्ट**

दिल के अंदर के हिस्सों में इंफॉर्मेशन फ्लो गड़बड़ा जाता है। इससे दिल की धड़कन अचानक बंद हो जाती है। वहीं, हार्ट अटैक में दिल के अलग-अलग हिस्सों में खून जम जाता है। ऐसे मामलों में तत्काल इलाज मिलने से मरीज की जान बच सकती है।

**ज्यादा एक्साइटमेंट से हो सकता है कार्डियक अरेस्ट**

डॉक्टर्स के मुताबिक, कार्डियक अरेस्ट किसी नॉर्मल इंसान को आ सकता है। कई बार ज्यादा एक्साइटमेंट होने के कारण 'एड एनर्जी ड्राइव' बढ़ जाती है। हार्ट कोलैप्स कर जाता है। हार्ट के मसल स्ट्रांग होने के कारण 'एड एनर्जी ड्राइव' के दौरान उनके मसल में सिकुड़न ज्यादा होने के केस भी सामने आए हैं। ऐसे समय में हार्ट का रिदम बिगड़ जाता है और कार्डियक अरेस्ट से अचानक मौत भी हो जाती है।

**बुराई की झांकियां, लेकिन खुशहाली और सकारात्मकता बढ़ाने का त्योहार है हैलोवीन**

हैलोवीन के दौरान बुराई की झांकियां पेश की जाती हैं। बड़े और बच्चे भूत, प्रेत, पिशाच की वेशभूषा में तैयार होते हैं। इसे त्योहार को मनाने वाले लोग मानते हैं इससे बुराई दूर होती है और सकारात्मकता बढ़ती है।

# लिज ट्रस का फोन व्लादिमीर पुतिन के एजेंटों ने कर लिया था हैक



नई दिल्ली, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। डेली मेल ने शनिवार को बताया कि पूर्व ब्रिटिश प्रधान मंत्री लिज़ ट्रस का निजी फोन रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लिए काम करने वाले संदिग्ध एजेंटों द्वारा तब हैक कर लिया गया था, जब वह विदेश मंत्री थीं. रॉयटर्स की रिपोर्ट में कहा गया है कि उन एजेंटों ने ट्रस के करीबी दोस्त क्वासी क्वार्टेंग के साथ निजी संदेशों के आदान-प्रदान के अलावा अंतरराष्ट्रीय सहयोगियों के साथ बातचीत के शीर्ष-गुप्त विवरण को भी हासिल किया. आपको बता दें कि क्वासी क्वार्टेंग ने बाद में वित्त मंत्री का पदभार संभाला. माना जाता है कि संदेशों में यूक्रेन में युद्ध के बारे में वरिष्ठ अंतरराष्ट्रीय विदेश मंत्रियों के साथ चर्चा शामिल थी, जिसमें हथियारों के शिपमेंट के विवरण भी शामिल थे. मेल ने अज्ञात स्रोतों का हवाला देते हुए कहा कि एक साल तक के संदेशों को डाउनलोड किया गया. ब्रिटिश सरकार के एक प्रवक्ता ने व्यक्तियों की सुरक्षा व्यवस्था पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया. प्रवक्ता ने कहा, साइबर खतरों से बचाव के लिए सरकार के पास मजबूत प्रणालियां हैं. इसमें मंत्रियों के लिए नियमित सुरक्षा ब्रीफिंग, और उनके व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा और साइबर खतरों को कम करने की सलाह शामिल है. मेल ने बताया कि हैक का पता कंजर्वेटिव पार्टी के नेतृत्व अभियान के दौरान चला. ट्रस ने पिछले हफ्ते प्रधान मंत्री का पद छोड़ दिया. जिसके बाद ऋषि सुनक नए पीएम बने. मेल ने कहा कि विदेशी हाथों में पड़ने वाले संदेशों में ट्रस और क्वार्टेंग द्वारा जॉनसन की आलोचना शामिल है.

# पाक में 4 नवंबर को बड़े हमले की साजिश?

## गृहयुद्ध की अटकलों के बीच हथियार जुटा रहे इमरान खान के साथी



इस्लामाबाद, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के एक करीबी का ऑडियो वायरल हो रहा है जिसके बाद अब ये अनुमान लगाया जा रहा है कि 4 नवंबर को देश में कुछ बड़ा होने वाला है. इस ऑडियो में इमरान खान की पार्टी के एक नेता अली अमीन गंडापुर ने इस दिन के लिए हथियार जुटाने की बात की है. पीटीआई के नेता अली अमीन ने फोन पर एक शख्स से बात की है. ये शख्स स्थानीय भू माफिया बताया जा रहा है. इस बात को लेकर पाकिस्तान के गृहमंत्री राना सनाउल्लाह ने आरोप लगाते हुए कहा कि इमरान खान पाकिस्तान में खून की नदियां बहाना चाहते हैं.

इस ऑडियो में एक तरफ की आवाज़ दूसरे से पूछती है बंदूकें कितनी हैं? सामने से जवाब आता है कि बहुत हैं. फिर पूछा जाता है, लाइसेंस? जवाब आता है, लाइसेंस भी बहुत हैं. एक और सवाल किया जाता है, बंदे? जिसके जवाब में कहा जाता है कि, जितने चाहिए हो जाएंगे.

# रूस से जाने वाली है व्लादिमीर पुतिन की सत्ता

## रिप्लेसमेंट को लेकर चल रही बातचीत: रिपोर्ट

कीव, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। रूस में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के रिप्लेसमेंट की चर्चा शुरू हो गई है। यूक्रेन के रक्षा खुफिया के प्रमुख जनरल कायरलो बुडानोव ने यह दावा किया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मेजर जनरल बुडानोव का कहना है कि पुतिन के यूक्रेन युद्ध के अंत तक अपने पद पर बने रहने की संभावना बची है। ऐसे में पुतिन के सत्ता से हटने के बाद की स्थिति को लेकर बातचीत का दौर शुरू हो गया है। मेजर जनरल कायरलो बुडानोव ने कहा, 'इसकी संभावना न के बराबर है कि व्लादिमीर पुतिन अपनी सत्ता बचा पाएंगे। पुतिन की जगह कौन लेगा... इसे लेकर रूस में बहस चल रही है।' यूक्रेनी अधिकारी का यह दावा कई मायनों में हैरान करने वाला समझा जा रहा है। दरअसल, पुतिन ने पिछले साल उस कानून को मंजूरी दी थी, जिससे उनके लिए 6-6 साल के 2 अतिरिक्त कार्यकाल का रास्ता साफ हो गया। इससे वह 2036 तक राष्ट्रपति रह सकते हैं।

**'क्रीमिया को वापस लेने का प्रयास करेगा यूक्रेन'**

यूक्रेन के रक्षा खुफिया के प्रमुख ने कहा कि युद्ध के मैदान में रूस को लगातार असफलताओं का मुंह देखना पड़ रहा है। उन्होंने कहा, 'नवंबर के अंत तक खेरसान पर फिर से कब्जा करना हमारा लक्ष्य है। इसके साथ ही यूक्रेन क्रीमिया को वापस लेने का भी प्रयास करेगा, जिस पर 2014 में रूस ने कब्जा कर लिया था।'

**युद्ध में पिछड़ रहा रूस: यूक्रेनी अधिकारी**

अगर युद्ध की बात करें तो रूस ने यूक्रेन पर क्रीमिया के पास काला सागर में रूसी बेडे के मुख्यालयों पर ड्रोन हमले करने का आरोप लगाया है। रूसी अधिकारियों ने कहा कि 9 हवाई और 9 समुद्री ड्रोन ने हमलों को अंजाम दिया गया। सिवास्तोपोल शहर में हुए इन हमलों में एक युद्धपोत नष्ट हो गया। मालूम हो कि सिवास्तोपाल क्रीमिया का सबसे बड़ा शहर है जिसे



रूस ने यूक्रेन ने 2014 में ले लिया था।

**रूस ने यूक्रेन से अनाज समझौता किया निलंबित**

वहीं, रूस ने संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता से हुए अनाज निर्यात समझौते को निलंबित कर दिया है। इस समझौते की वजह से यूक्रेन से 9 करोड़ टन से अधिक अनाज का निर्यात हुआ था और वैश्विक स्तर पर खाद्य कीमतों में कमी आई थी। मॉस्को ने इस कदम के लिए क्रीमिया प्रायद्वीप में रूस के काला सागर बेड़े के जहाजों पर यूक्रेन की ओर से किए गए ड्रोन हमले को जिम्मेदार ठहराया है। हालांकि, यूक्रेन ने हमले से इनकार किया है।

### रिटारमेंट के बाद मिली 7 साल जेल की सजा

नई टिहरी, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। फर्जी दस्तावेजों के आधार पर शिक्षा विभाग में अध्यापक की नौकरी हासिल करने वाले सेवानिवृत्त आरोपी हरिओम सिंह को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अविनाश कुमार की अदालत ने सात साल की सजा सुनाते हुए 20 हजार का जुर्माना लगाया है। अभियोजन अधिकारी अजय सिंह रावत व सीमा रानी ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी यूपी बिजनौर ग्राम रामपुर रसरपुर पोओ सिंदरपुर निवासी हरिओम सिंह पुत्र खुशीराम के खिलाफ मामला दर्ज करवाया।

# रूसी नौसैनिक ठिकाने पर यूक्रेनी हमला

## दावा- धमाकों से रूस को भारी नुकसान

कीव, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। रूस द्वारा यूक्रेन पर जारी ईरानी ड्रोन हमलों पर रूसी सेना को कड़ी प्रतिक्रिया मिली है। यूक्रेन के घातक ड्रोन विमानों ने रूस के क्रीमिया शहर के सेवास्तोपोल तट पर नौसैनिक ठिकाने को निशाना बनाया है। रूस का दावा है कि यूक्रेन के हमले को उन्होंने नाकाम कर दिया है लेकिन सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में रूसी नौसैनिक अड्डे पर धमाके देखे जा रहे हैं। माना जा रहा है कि इन धमाकों में रूस को भारी नुकसान हुआ है। उधर, बिजली संयंत्रों पर लगातार किए गए रूसी हमलों में यूक्रेन के 40 लाख से ज्यादा घर अंधेरे में डूब गए हैं। यूक्रेन का दावा है कि उसकी सेना ने रूस के काला सागर स्थित सेवास्तोपोल नौसैनिक अड्डे पर जंगी जहाजों के ठिकाने को हमले में तबाह कर दिया है। बचावकर्मी सुबह हुई घटना के बाद शाम तक राहत और बचाव के प्रयास करते देखे गए।

**यूक्रेन की मदद को धन जुटाएगा कनाडा**

कनाडा ने यूक्रेन के लिए धन जुटाने के लिए सरकार समर्थित 5 वर्षीय बांड बेचने के फैसला किया है। यूक्रेन के लिए ऐसा करने वाला कनाडा पहला देश बन गया है। पीएम जस्टिन त्रूदो ने विनिपेग में यूक्रेनी कनाडाई कांग्रेस की एक वार्षिक बैठक में यह घोषणा की।

# बगदाद में फुटबाल स्टेडियम के पास जोरदार धमाका

## 10 लोगों की मौत और 20 से अधिक घायल



बगदाद, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। इराक की राजधानी बगदाद में फुटबाल स्टेडियम के पास धमाका हुआ है। इस हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 से अधिक घायल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, फुटबाल खेलने के दौरान ही यह ब्लास्ट हुआ। मृतकों और घायलों में फुटबाल खेल रहे लोग शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, ब्लास्ट स्टेडियम के पास खड़े गैस टैंकर में हुआ। धमाका इतना जोरदार था कि आसपास के घरों की खिड़कियां और दरवाजे हिलने लगे। साथ ही घटनास्थल के पास पार्क हुए कई वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए। इराक के राष्ट्रपति अब्दुल लतीफ राशिद ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने घटना के जिम्मेदार लोगों को सजा दिलाने की बात भी कही है।

**नए मंत्रिमंडल को मंजूरी देने के 2 दिन बाद हमला**

अधिकारियों ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर कहा कि फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि विस्फोट तकनीकी खामी के कारण हुआ या फिर यह निशाना बनाकर किया गया हमला था। यह विस्फोट इराक की संसद की ओर से लंबे समय से प्रतीक्षित मतदान के जरिए नए मंत्रिमंडल को मंजूरी दिए जाने के 2 दिन बाद हुआ, जिसे देश में जारी राजनीतिक तनाव को कम करने की दिशा में बड़ी सफलता करार दिया गया था। प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सौदानी की अध्यक्षता वाला यह मंत्रिमंडल 2005 के बाद देश का पहला ऐसा मंत्रिमंडल है, जिसमें प्रभावशाली शिया धर्मगुरु मुक्तदा अल-सद्र के समूह के सदस्य शामिल नहीं हैं।

अक्टूबर 2019 में इराक ने बगदाद और अन्य हिस्सों में बड़े पैमाने पर हुए सरकार विरोधी प्रदर्शनों के मद्देनजर 2021 में समय पूर्व चुनाव कराए थे। प्रदर्शनकारियों ने 2003 के अमेरिकी आक्रमण के बाद देश में स्थापित राजनीतिक व्यवस्था को बदलने की मांग को लेकर बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन किए थे।

**सोमालिया की राजधानी में 2 धमाके, कई की मौत**

वहीं, सोमालिया की राजधानी मोगादिशु में शनिवार को एक प्रमुख सरकारी कार्यालय के निकट भीड़ वाले स्थान पर हुए 2 धमाके हुए, जिसमें कई आम लोगों की मौत हो गई। सोमालिया राष्ट्रीय समाचार एजेंसी ने पुलिस प्रवक्ता सादिक डोदिशे के हवाले से कहा कि 2 कारों में लगाए गए बमों में धमाका हुआ है। एसोसिएटेड प्रेस (एपी) के एक पत्रकार ने घटनास्थल पर कई शव देखे और कहा कि ऐसा जान पड़ता है कि धमाके में मारे गए लोग आम नागरिक थे और सार्वजनिक परिवहन में यात्रा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दूसरा धमाका एक रेस्तरां के बाहर हुआ। एम्बुलेंस सेवा के निदेशक ने बताया कि कई घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है और मौके से कई शव लाए गए हैं।

# पत्नी पर था अफेयर का शक, बीच सड़क पर चाकू मारकर की हत्या

राजकोट, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। भावनगर में विवाहेतर संबंध के संदेह में एक शख्स ने सरेआम सड़क कर अपनी पत्नी की चाकू मारकर हत्या कर दी. शुक्रवार शाम शहर के व्यस्त रूपानी सर्कल के पास छाया राठौड़ नामक एक 50 वर्षीय महिला को उसके पति राजू ने पेट और हाथों में कई बार चाकू मार दिया था. अस्पताल में डॉक्टरों ने छाया को मृत घोषित कर दिया. मृतका छाया की बहू नेहा की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत में कहा गया है कि दंपति के बेटे कुलदीप की शादी के बाद से पिछले तीन साल से उसके सास और ससुर में लगातार झगड़ा होता रहता था. खबर के मुताबिक राजू को शक था कि वेला भरवाड़ नाम के एक व्यक्ति के साथ छाया के अवैध संबंध थे. राजू और छाया तबसे अलग रहने लगे और राजू रहने के लिए सूरत भी चला गया था. हालांकि वह कुछ समय बाद भावनगर लौट आया लेकिन परिवार से अलग रहने लगा. रोज हो रहे झगड़ों से तंग आकर कुलदीप और नेहा भी अलग रहने चले गए. कुलदीप का कैटरिंग का बिजनेस है. शुक्रवार शाम को कुलदीप ट्रेन से मुंबई के लिए निकला था.

# शनि ग्रह की तरह बुर्ज खलीफा के चारों ओर होगी रिंग

## 3 किमी बड़ा होगा छल्ला, हवा में ही मिलेगी हर सुविधा



दुबई, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। दुनिया की सबसे ऊंची बिल्डिंग बुर्ज खलीफा है। इस बिल्डिंग के चारों ओर आत्मनिर्भर और टिकाऊ डाउनटाउन सर्कल डिजाइन किया गया है, जो शनि ग्रह की रिंग की तरह है। इस सर्कल की कल्पना आर्किटेक्चर फर्म जेनेरा स्पेस की ओर से की गई है, जो किसी भविष्य की बिल्डिंग की तरह है। ये रिंग 550 मीटर की ऊंचाई पर होने के लिए डिजाइन है, जिसमें घर, सार्वजनिक और वाणिज्यिक ब्लॉक शामिल हैं। हालांकि रिंग की सबसे बड़ी खासियत होगी कि ये बुर्ज खलीफा को घेरेगा और तीन किमी के व्यास में होगा। फर्म की ओर से सोशल मीडिया पर इस अत्याधुनिक डिजाइन की तस्वीरों को शेयर किया गया है। इसमें कहा गया, 'घने निर्माण की दुविधा के जवाब में डाउनटाउन सर्कल प्रोजेक्ट एक टिकाऊ और आत्मनिर्भर लंबवत शहरीकरण स्थापित करता है। एक सिंगल मेगा बिल्डिंग कॉम्पलेक्स के रूप में इसका उद्देश्य एक अति-कुशल शहरी केंद्र बनाना है।' ये ऊंची-ऊंची बहुमंजिला इमारत से पूरी तरह अलग होगा। इस इमारत कोई कई खंड में बांटा जाएगा।

**रेल नेटवर्क से होगा आना-जाना**

इस रिंग बिल्डिंग के अंदर एक जगह से दूसरी जगह जाने के लिए सस्पेंडेड पेरिफेरल पॉड्स होंगे। ये बिल्जिंग के साथ लटके रहेंगे और एक रेल नेटवर्क बनाएंगे। डाउनटाउन सर्किल का विचार महामारी के दौरान आया, जब शहरों और घरों में लोगों की जीवनशैली बदल गई। गगनचुंबी इमारतों में जीवन पर पुनर्विचार करते हुए इस अनोखे डिजाइन की सोच को विकसित किया गया। जो देखने में एकदम नए युग की लगेगी।

**रिंग में होगी हर सुविधा**

ज़ेनेरा स्पेस के सह-संस्थापक निल्स रेमेस ने कहा, 'रिंग में ही सभी सुविधाएं होंगी। हमने कचरा निपटान, खाद्य उत्पादन, यातायत समस्याओं, प्रदूषण जैसे पहलुओं को देखा है। हमने इन सभी चीजों को पर ध्यान देते हुए मॉडल बनाया है। ये रिंग सिर्फ एक डिजाइन तक ही सीमित नहीं है, बल्कि पर्यावरणीय समस्याओं और सामाजिक बाधाओं को भी हल करती है।'

# आतंकी हमले से दहल उठा सोमालिया

## कार ब्लास्ट में 100 लोगों की मौत, 300 घायल

मोगादिशू , 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। सोमालिया की राजधानी मोगादिशू में हुए दो कार बम विस्फोट में कम से कम 100 लोगों के मारे जाने की खबर है। बम धमाके की घटना शिक्षा मंत्रालय के बाहर हुई है। इस बम ब्लास्ट की घटना के बारे में जानकारी देते हुए देश के नवनियुक्त राष्ट्रपति हसन शेख महमूद ने बताया कि इस धमाके में कम से कम 300 लोग घायल हुए हैं।

**सोमालिया की राजधानी में दो बड़े धमाके**

जानकारी के मुताबिक शनिवार (29 अक्टूबर) को सोमालिया की राजधानी में मोगादिशू में दो कार बम विस्फोट हुए थे। शुरुआती रिपोर्ट में 30 लोगों के मारे जाने की खबर मिली थी जो कि अब बढ़कर 100 तक पहुंच चुका है। वहीं अभी तक किसी भी आतंकी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। हालांकि, अधिकारियों का दावा है कि इस्लामी कट्टरपंथी समूह अल-शबाब इस हमले के लिए जिम्मेदार है। उसी संगठन ने शिक्षा मंत्रालय के बाहर धमाके किए।

**इस्लामी कट्टरपंथी समूह अल-शबाब ने हमला किया**



अधिकारियों का दावा है कि इस्लामी कट्टरपंथी समूह अल-शबाब हमले के लिए जिम्मेदार है, जिसने शिक्षा मंत्रालय, एक चौराहे और एक स्कूल को निशाना बनाया। पुलिस प्रवक्ता सादिक दूदीश ने बताया कि शनिवार दोपहर दो बजे के करीब अल-शबाब के आतंकियों ने बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों और अन्य नागरिकों को निशाना बनाकर ये दो बम धमाके किए।

**दो धमाकों में 100 लोगों की मौत**

वहीं विस्फोट स्थल पर मौजूद रॉयटर्स के एक पत्रकार ने बताया कि, दोनों बम धमाके में कुछ मिनटों का ही फर्क था। बम धमाका इतना जबरदस्त था कि, पास के इमारतों की खिड़कियों की कांच टूट गई। बम धमाके के कुछ समय बाद आसपास धुएं का गुबार नजर आ रहा था।

**300 लोग हुए घायल**

विस्फोट स्थल के पास मौजूद रॉयटर्स के एक पत्रकार के अनुसार, दो विस्फोट एक-दूसरे के कुछ ही मिनटों में हुए, जिससे आसपास की खिड़कियां टूट गईं। विस्फोटों से हुए नुकसान के बारे में बताते हुए पत्रकार ने कहा, विस्फोटों के शिकार लोगों के खून ने इमारत के ठीक बाहर टरमैक को ढक दिया था और लगातार विस्फोटों के कुछ क्षण बाद, साइट पर धुएं का एक बड़ा गुबार उठता देखा गया था।

**आतंकियों ने निशाना बनाकर धमाके किए**

पत्रकार ने बताया कि दूसरा धमाका तब हुआ जब लोग पहले धमाके के शिकार लोगों की मदद करने के लिए जुटे। दूसरे विस्फोट ने पास खड़ी एंबुलेंस को जला दिया। यह एंबुलेंस बम धमाके के शिकार लोगों की मदद के लिए पहुंचा था। आतंकियों ने मौका देखकर एंबुलेंस को ही उड़ा दिया। विस्फोट में चालक और अन्य स्वास्थ्य कर्मी गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं।

# 'लापता' हो गए हिंदू धर्म छोड़ने वाले 245 दलित

## एक को छोड़ बाकी घरों में देवी-देवताओं की फोटो ; गांववालों ने बताई असली कहानी

बारां, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। जयपुर से करीब 400 किलोमीटर दूर एमपी बॉर्डर पर गुना-कोटा हाइवे पर घाटी में बसे छोटे से गांव भूलोन की आबादी 500 लोगों की है। इस गांव में करीब 60 के आस-पास घर और 350 वोटर्स हैं। गांव के एंट्रेस पर एक सब्जी और किराने की छोटी सी दुकान पर मौजूद लोगों ने बताया कि मैं ही पीड़ित हूं। मेरा नाम राजेंद्र वर्मा (ऐरवाल) है। हमने ही हिंदू भगवान छोड़े हैं। जब उन्हें पूजने का अधिकार ही नहीं तो बदल लिया अपना धर्म।

राजेंद्र ने इधर-उधर देखा और बोला, गांव में सब लोग अब डरते हैं। कोई हमारे पक्ष में गवाही देने को ही तैयार नहीं है। नवरात्र उत्सव में मैंने भी चंदा दिया था। आरती कर ली तो गांव के ही लालचंद लोधा और सरपंच प्रतिनिधि राहुल शर्मा ने 5 अक्टूबर को रात के 9 बजे दुकान जाते समय रास्ता रोककर मेरे साथ मारपीट की। बीच बचाव में आए छोटे भाई रामहेत को भी जमकर पीटा। पुलिस में रिपोर्ट भी दी, लेकिन कहीं कोई सुनवाई नहीं हुई। आखिरकार परेशान होकर अपने नाते-रिश्तेदारों के साथ मिलकर हिंदू धर्म को छोड़ बौद्ध धर्म अपना लिया।

गांव में उनके अलावा और किस दलित परिवार ने धर्म बदला है? इस पर राजेंद्र ने लाचारी दिखाते हुए कहा उस दिन नदी किनारे पर 250 लोग थे। सभी ने बौद्ध धर्म अपनाने की शपथ ली थी, लेकिन गांव भूलोन से उनके अलावा किसी भी परिवार ने धर्म नहीं बदला है। धर्म बदलने वाले सभी उनके आस-पास गांव के नाते रिश्तेदार थे।

थोड़ी ही देर में राजेन्द्र के पिता घनश्याम वर्मा भी वहां आ गए। उन्होंने कहा कि यहां गांव में सभी लोग सरपंच से डरते और दबते हैं। कोई उसके खिलाफ नहीं बोलेगा।

राजेन्द्र के घर पहुंचने के लिए हम पैदल-पैदल गांव की उस दलित बस्ती में पहुंचे, जहां से ये पूरा विवाद शुरू हुआ था। बस्ती में कुछ दलित परिवारों के घरों के बाहर गोवर्धन पूजा की गई थी। घर के बाहर बैठी एक लड़की से पूछा कि क्या उनके परिवार में से किसी ने हिंदू धर्म नहीं छोड़ा? तो उनका जवाब था- हम क्यों छोड़ेंगे धर्म, ये तो लोग अपने मन से बातें बना रहे हैं? तीन दिन पहले ही परिवार ने मिलकर गोवर्धन पूजा की है। लड़की ने हमें अपने घर में रखी भगवान की तस्वीरें दिखाईं।

पीड़ित राजेंद्र वर्मा के पड़ोसी छोटूलाल के घर में भी दीवाली पर हुई पूजा के निशान मिले। छोटूलाल ने बताया कि उस दिन वो भी दलित समाज की रैली में गए थे। भगवान की तस्वीरें भी उनके सामने ही नदी में बहाई गई थी। लेकिन उन्होंने धर्म नहीं छोड़ा। घर में आज भी देवी-देवताओं की तस्वीरें मौजूद हैं। रोजाना उनकी पूजा होती है। ये सब राजेंद्र वर्मा और लालचंद लोधा के बीच चल रही व्यक्तिगत लड़ाई के चलते हुआ।

**खून से सने कपड़े दिखाए, बोले- अब कोई हमारे साथ नहीं**

दो दलित परिवारों से बात करने के बाद हम सीधे राजेंद्र वर्मा के घर पहुंचे। घनश्याम वर्मा ने बताया कि मंदिर में आरती करने की बात पर उनके बेटों को बुरी तरह पीटा गया। लाठी से इतना पीटा कि सिर फट गया। कोई कार्रवाई नहीं हुई और आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। सरपंच प्रतिनिधि राहुल शर्मा का तो नाम ही एफआईआर में नहीं लिखा गया। अब क्या करते? आखिर में जिस धर्म में मान-सम्मान नहीं, उसे छोड़ दिया।

इतने में ही वहां राजेंद्र वर्मा की पत्नी ललिता खून से सने शर्ट लेकर पहुंची। शर्ट दिखाते हुए घनश्याम ने कहा- अब इसके अलावा कोई गवाही नहीं बची है। गांव में कोई भी उनके खिलाफ बोलने की हिम्मत नहीं दिखा रहा है। रामहेत ने अपने सिर में लगे टांके दिखाए। सबसे छोटा भाई रामेश्वर बोला- इस घटना के बाद से भूखे मरने की नौबत आ गई है। रोज सुबह मजदूरी के लिए स्टेशन पर जाते हैं लेकिन कोई हमें नहीं ले जाता। शाम को खाली हाथ घर लौटना पड़ता है।

घनश्याम के परिवार से बात करने के बाद बस्ती से बाहर थोड़ा आगे चलते ही गांव में चाय की थड़ी चलाने वाले सुनील चक्रधारी ने बताया कि कुछ दिनों पहले नवरात्र के मौके पर लालचंद लोधा और राजेन्द्र के बीच लड़ाई हुई थी। दोनों में राजीनामा भी हो गया था।

लेकिन कुछ दिनों बाद पता नहीं क्या हुआ कि राजेन्द्र ने कानूनी कार्रवाई के लिए मामला




दर्ज करवा दिया। पुलिस ने कार्रवाई भी की। इसके बाद राजेन्द्र का परिवार गांव में एक रैली में शामिल हुआ। उसमे जो लोग आए उन्हें हम नहीं पहचानते। वो गांव के तो नहीं थे।

**घटनाक्रम का दूसरा पहलू....**

दलित पक्ष के आरोप जानने के बाद सरपंच प्रतिनिधि राहुल शर्मा के घर पहुंचे। राजेन्द्र के मकान से एक गली छोड़कर ही गांव भूलोन के सरपंच का मकान है। राहुल शर्मा ने बताया कि यहां एक ही बस्ती में दलित और सवर्ण मिल कर रहते हैं।

ब्राह्मणों के तो महज 4 घर हैं, यहां 36 कौम रहती है। भेदभाव के बारे में हम सोच ही नहीं सकते। राजेंद्र वर्मा भी ठीक इंसान है पर गलत लोगों के बहकावे में आ गया है। मुझे राजनीतिक द्वेष के चलते इस मामले में घसीटा जा रहा है।

**सरपंच प्रतिनिधि ने जो कहानी बताई....**

राहुल शर्मा ने बताया कि गांव में हर साल नवरात्रि में कार्यक्रम आयोजित होता था। माता का एक बड़ा पांडाल सजता था, जिसमें भजन-कीर्तन होते थे। आयोजकों में बतौर अध्यक्ष मैं और लालचंद लोधा होते थे। चंदा उगाही की समस्या के चलते पिछले 3 साल से कार्यक्रम आयोजित नहीं हो रहा था। इस बार भी कोई इच्छा नहीं थी। लेकिन गांव के छोटे बच्चों ने इस बार अपने स्तर पर ये कार्यक्रम करवा दिया। व्यवस्थाएं भी वही संभाल रहे थे। बच्चों ने ही तय किया था कि समापन के समय हवन वेदी में बड़ों के बजाय वो ही बैठेंगे। राजेंद्र वर्मा ने इस बार वेदी में बैठने की इच्छा जाहिर की थी, लेकिन बच्चों ने शायद उसे मना कर दिया। उसे गलतफहमी हो गई कि लालचंद लोधा के कहने पर उन्हें वेदी में नहीं बैठने दिया। जबकि हकीकत यह थी कि इस बार कोई भी सीनियर व्यक्ति वेदी में नहीं बैठा था।

5 अक्टूबर की रात लालचंद और राजेन्द्र रास्ते में टकरा गए। यहां राजेंद्र ने उसे वेदी में नहीं बैठाने का उलाहना दे दिया। थोड़ी देर में ही दोनों के बीच हाथापाई होने लगी। बस्ती के कुछ लोगों के साथ मैं भी वहां पहुंचा और दोनों का झगड़ा रुकवाया। मामला शांत कर दोनों को एक-दूसरे के घर भेज दिया।

**थोड़ी देर बाद राजेंद्र अपने भाई के साथ लट्ठ लेकर पहुंचा**

सभी अपने-अपने घर जा चुके थे। तभी राजेंद्र और उसका भाई रामहेत लट्ठ लेकर लालचंद लोधा के घर पहुंच गए। वहां उन्होंने लाते मार उसका गेट खोल दिया। यहां तीनों के बीच हुई मारपीट के बाद रामहेत के सिर में चोट आ गई। पता चलते ही हम दोबारा वहां पहुंचे और फिर झगड़ा शांत करवाया। इसके बाद राजेंद्र ने बापचा पुलिस स्टेशन में लालचंद के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट और मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज करवा दिया। लालचंद को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया। कुछ दिन बाद उसे कोर्ट से जमानत मिल गई। हमें गांव के लोगों ने ही बताया कि पूर्व सरपंच दलित है। इस मामले में बातचीत के लिए हम उनके घर पहुंचे। पूर्व सरपंच मुकेश मेहरा ने बताया कि गांव में भेदभाव जैसी कोई समस्या नहीं है। जो भी घटनाक्रम हुआ, उसकी जड़ आपसी लड़ाई है।

**लालचंद बोला-राजेंद्र ने की थी मारपीट**

इस पूरे मामले को में मुख्य किरदार लालचंद लोधा ने बताया कि, 'घटना वाली रात में घर के बाहर बैठा था तभी वहां राजेंद्र वर्मा आया। उसने मुझे कहा कि तुमने मुझे वैदी पर नहीं बैठने दिया। इस पर मैंने उसे कहा कि गलतफहमी मत पाल, मैं तो तीन साल पहले इस कार्यक्रम का अध्यक्ष था।

अब तो बच्चे इसे संभाल रहे है। वो ही जाने। इस बीच हम दोनों में कहासुनी शुरू हो गई और नौबत हाथापाई तक पहुंच गई। तभी वहां हो-हल्ला सुन कर नाथूलाल, चम्पालाल और राहुल सहित कुछ लोग पहुंचे और हमें छुड़ा दिया।

सभी ने मुझे घर में बंद कर दिया। राजेंद्र भी वहां से चला गया था। इसके थोड़ी देर बाद राजेंद्र अपने भाइयों के साथ दुबारा लट्ठ लेकर पहुंचा। इन्होने मेरे घर को खोलने की कोशिश की और लट्ठ मारे। इससे अचानक घर की कुंडी खुल गई। इसके बाद आपस में हुई हाथापाई में सभी के चोटें आईं। यहां भी दुबारा उन्ही लोगों ने जैसे-तैसे हमें छुड़ाया। बस असल में यही घटना है, अब ये जो मर्जी बातें बना रहे हैं और आरोप लगा रहे हैं।

**धर्म बदलने वालों की लिस्ट देने का दावा**

वहीं, रैली का आयोजन करने वाले बैरवा युवा महासभा के छबड़ा अध्यक्ष बालमुकुंद बैरवा ने बताया कि उस दिन करीब 250 से 300 दलितों ने हिन्दू धर्म छोड़ बौद्ध धर्म अपनाया था, लेकिन भूलोन गांव से खाली राजेंद्र का ही परिवार था।

बाकी सभी लोग आस-पास के गांवों के थे। हमने उन्हें ऐसे लोगों के नाम, उनका पता सहित पूरी लिस्ट देने को कहा ताकि इसकी पड़ताल की जा सके। इस पर बैरवा ने कहा - 15 दिन रुक जाइए हम पूरी लिस्ट देंगे। अभी और दलित हिन्दू धर्म छोड़ने वाले हैं। एसएचओ बापचा सुरेन्द्र कुंतल ने भूलोन गांव के मामले में किसी भी तरह की ऑन कैमरा बातचीत से मना कर दिया। उन्होंने बताया कि बड़े अधिकारी जांच कर रहे हैं, इसलिए वही आपको जानकारी देंगे। हालांकि उन्होंने ऑफ कैमरा बताया कि राजेंद्र वर्मा ने लालचंद लोधा के खिलाफ एफआईआर दी थी। जिस पर कार्रवाई करते हुए 17 अक्टूबर को लालचंद को गिरफ्तार कर लिया गया था। अगले दिन उसे कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। एक दिन की न्यायिक हिरासत के बाद लालचंद को जमानत मिल गई थी। पहले दिन से ही मामले की जांच छाबड़ा सीओ पूजा नागर कर रही हैं।

**250 लोगों का दावा गलत-जिला पुलिस अधीक्षक**

इस पूरे मामले को लेकर बारां एसपी कल्याणमल मीणा से बात की तो उन्होंने बताया कि उन्हें भी 23 अक्टूबर को हुए घटनाक्रम के बारे में मीडिया से पता चला था। खबर देखने के बाद वे जिला कलेक्टर के साथ मौके पर भूलोन गांव गए थे। पड़ताल में सामने आया था कि भूलोन में अनुसूचित जाति के महज 15-16 घर ही है। वहीं, परिवादी राजेन्द्र वर्मा को छोड़कर बाकी सभी ने हिंदू धर्म छोड़ने से इनकार किया है। वे सभी अपनी धार्मिक प्रैक्टिस कर रहे थे। वहां देवी-देवताओं की तस्वीरें भी उनके घरों में थी। ऐसे में ये 250 लोगों द्वारा धर्म बदलने का आंकड़ा सही नहीं दिखा।

# शंकराचार्य की नियुक्ति पर विवाद

## पुरी पीठ के निश्चलानंद सरस्वती ने ज्योतिषपीठ के अविमुक्तेश्वरानंद को धर्माचार्य मानने से भी इनकार किया

रायपुर, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। हिंदू धर्म की संन्यास परंपरा में सबसे बड़े पद शंकराचार्य पर नई नियुक्ति पर विवाद गहराता जा रहा है। पुरी पीठ के शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती ने ज्योतिष पीठ पर नव नियुक्त अविमुक्तेश्वरानंद को धर्माचार्य मानने से भी इनकार कर दिया है। उन्होंने रायपुर में कहा, धर्माचार्य नियुक्त होने के लिए योग्यता चाहिए।




रायपुर के शंकराचार्य आश्रम-श्री सुदर्शन संस्थान में पत्रकारों के सवाल पर निश्चलानंद सरस्वती ने कहा, शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को धर्माचार्य मानने से भी इनकार कर दिया। उन्होंने पूछा कि धर्माचार्य की परिभाषा क्या होती है? किसने उन्हें धर्माचार्य का प्रमाणपत्र दिया? मैं किसी व्यक्ति की बात नहीं करता। वे जब छह साल के थे तब से उन्हें जानता हूं। उनको शंकराचार्य का प्रमाणपत्र किसने दिया। धर्माचार्य उसे कहते हैं जो धर्म को विधिवत जानता हो, उसका पालन करता हो, विश्व के सामने धर्म को प्रस्तुत करने की क्षमता हो, समाज को सन्मार्ग पर ले जाने का बल और सामर्थ्य हो तभी वह धर्माचार्य होगा। स्वामी निश्चलानंद से स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की एक जमानत याचिका खारिज हो जाने को लेकर सवाल हुआ था। उन्होंने कहा, ऐसा जीवन होना चाहिए कि न्यायपालिका उसका अनुगमन करे। पिछले महीने ज्योतिष-शारदा पीठ के शंकराचार्य स्वरूपानंद सरस्वती के निधन के बाद उनके दो शिष्यों अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और सदानंद सरस्वती को दोनों पीठों का शंकराचार्य घोषित कर दिया गया। इसके बाद से ही धार्मिक क्षेत्र में बहस तेज हो गई है। कई विद्वानों का कहना है कि शंकराचार्य पद पर नियुक्ति वसीयत से नहीं हो सकती। इसके लिए शास्त्रार्थ आदि की प्रक्रिया पूरी कराई जानी चाहिए।

**शाक्य बुद्ध को अवतार मानने से भी इनकार**

शंकराचार्य ने बौद्ध धर्म के प्रवर्तक गौतम बुद्ध को भगवान विष्णु का अवतार मानने से इनकार किया। उन्होंने कहा, भागवत आदि ग्रंथों में जिस बौद्धावतार की बात कही गई है वह दूसरे बुद्ध हैं। हमारे शास्त्रों में जिस बुद्ध का वर्णन है वह ब्राह्मण कुल में उत्पन्न हुए। वे पहले हुए। दूसरे वाले का जन्म नेपाल की तराई में क्षत्रीय कुल में हुआ। दोनों में एक ही समानता है कि उनका गोत्र गौतम है।

**आरक्षण को हिंदुओं को ठगने का प्रयास बताया**

एक सवाल के जवाब में शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने कहा, हिंदुओं को आरक्षण के नाम पर अल्पसंख्यक बनाए जाने की विधा चल रही है। उन्होंने राजनेताओं को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि आरक्षण के नाम पर हिंदुओं को ठगने का प्रयास किया जा रहा है।

**धर्म निरपेक्षता पर भी जताई आपत्ति**

शंकराचार्य के कहा कि सेकुलर का अर्थ धर्मनिरपेक्ष है, मेरे प्रश्न का उत्तर कोई दे दे ,मैं बहुत प्रसन्न हो जाऊंगा। कोई वस्तु या व्यक्ति बताइए जो धर्मनिरपेक्ष हो। योग दर्शन का एक सूत्र है ₹शब्द ज्ञान नुपाती वस्तुशून्यो विकल्पः₹ बंध्यापुत्र, खरगोश के सिंग मात्र शब्द होते हैं इसका कोई अर्थ नहीं होता। इसी प्रकार धर्मनिरपेक्ष एक शब्द मात्र है। कोई व्यक्ति या वस्तु धर्मनिरपेक्ष नहीं है। प्यासे व्यक्ति की पानी पीने में प्रीति प्रवृत्ति क्यों होती है क्योंकि पानी अपने गुण धर्म का त्याग नहीं करेगा। सर्दी में ढिठुरता व्यक्ति आग क्यों तापना चाहता है क्योंकि आग अपने गुण धर्म का त्याग नहीं करती।

# आरक्षण पर अध्ययन के लिए तमिलनाडु जाएगा दल

## सीएम से मिले आदिवासी मंत्री-विधायक,भूपेश बोले-घबराने की जरूरत नहीं ; इधर एक नवंबर से है प्रदर्शन की घोषणा

रायपुर, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के फैसले के बाद आदिवासी समाज की बेचैनी बढ़ती जा रही है। छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के सोहन पोटाई धड़े और कुछ और युवा-छात्र संगठनों ने एक नवम्बर को राज्योत्सव के विरोध और सरकार के खिलाफ प्रदर्शन की घोषणा की है। इस बीच कांग्रेस के आदिवासी विधायकों और मंत्रियों का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा, समाज को घबराने की जरूरत नहीं है। आरक्षण के संबंध में अध्ययन के लिए आदिवासी समाज के विधायक तथा समाज प्रमुखों के संयुक्त दल को तमिलनाडु भेजा जाएगा। आदिवासी समाज के मंत्री, विधायक और सर्व आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों ने 32% आदिवासी आरक्षण को बहाल करने की मांग लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में आरक्षित वर्ग का किसी भी प्रकार का नुकसान नहीं होगा, यह हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता में है। आदिवासियों के हित को ध्यान रखते हुए जो भी आवश्यक कदम होगा, वह उठाया जाएगा। मुख्यमंत्री



आदिवासियों के हित के लिए संविधान से जो अधिकार मिले हैं, उसका पालन हमारी सरकार पूरी तरह से सजग होकर कर रही है।
भूपेश बघेल,मुख्यमंत्री

ने कहा, जरूरत पड़ी तो आदिवासियों के आरक्षण के मुद्दे को लेकर विधानसभा का विशेष सत्र भी बुलाया जाएगा। उन्होंने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि आरक्षण के संबंध में अध्ययन के लिए आदिवासी समाज के विधायक तथा समाज प्रमुखों के संयुक्त दल को तमिलनाडु भेजा जाएगा।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, आदिवासियों के हित और उनके संरक्षण के लिए संविधान से जो अधिकार मिले हैं, उसके पालन के लिए हमारी सरकार पूरी तरह से सजग होकर कार्य कर रही है। हमारी मंशा है कि संविधान द्वारा अनुसूचित जनजाति वर्ग को प्रदान किए गए सभी अधिकारों का संरक्षण किया जाएगा। उन्होंने कहा, इस विषय में सरकार स्वतः संज्ञान लेकर सभी जरूरी कदम उठा रही है, इसलिए आदिवासी समाज को बिल्कुल भी चिंचित होने की जरूरत नहीं है। इस प्रतिनिधिमंडल में आबकारी मंत्री कवासी लखमा, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, संसदीय सचिव यू.डी. मिंज, शिशुपाल सोरी, सरगुजा क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष गुलाब कमरो, सरगुजा क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष बृहस्पत सिंह, विधायक अनूप नाग और चक्रधर सिंह सिदार आदि शामिल थे।

**अध्ययन दल की बात बार-बार उठ रही है**

तमिलनाडू, कर्नाटक और झारखंड में 50% से अधिक आरक्षण है। उच्च न्यायालय का फैसला आने के बाद से बार-बार इन राज्यों में अध्ययन दल भेजने की बात हो रही है। सर्व आदिवासी समाज ने जब पहली बार मुख्यमंत्री से मुलाकात की थी, उस दिन भी यह बात उठी थी। मुख्यमंत्री ने राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष भानुप्रताप सिंह को तत्काल अध्ययन के लिए निकलने को कहा था। सर्व आदिवासी समाज भारत सिंह धड़े ने मंत्रियों के साथ बैठकर तीन अध्ययन देल भेजने का फैसला किया था। वह काम भी परवान नहीं चढ़ा। अब फिर से अध्ययन दल भेजने की बात उठी है।

**तमिलनाडु फॉर्मुले पर विशेषज्ञों को संदेह**

संविधान और आरक्षण के विशेषज्ञों ने तमिलनाडू फॉर्मुले में राहत तलाशने की कोशिश को खतरनाक बताया है। विशेषज्ञ बी.के. मनीष का कहना है, सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए 10% आरक्षण की वैधता पर एक संविधान पीठ ने फैसला सुरक्षित रख छोड़ा है। उच्चतम न्यायालय ने अब तक किसी भी राज्य में 50% से अधिक आरक्षण को बैध नहीं ठहराया है। तमिलनाडू में आरक्षण इसलिए भी बचा है कि विरोधी पक्षकारों पर हमला हुआ था।

# 'कांग्रेस के पेट में दांत, अंग्रेजों के वंशज'

## केदार कश्यप के साथ बीजेपी नेताओं ने काले कपड़ों में की पीसी,केपी खांडे की नियुक्ति का विरोध

रायपुर, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस ने शनिवार को कई नेताओं को निगम मंडल में पद दिए। इसमें एक नाम केपी खांडे का भी है। इन्हें राज्य अनुसूचित जाति आयोग का अध्यक्ष पद दिया गया है। इसके विरोध में खुलकर भाजपा के आदिवासी नेताओं ने आवाज बुलंद की है। रविवार को काले कपड़े पहनकर पार्टी के आदिवासी नेता प्रेस कॉन्फ्रेंस करने पहुंचे। इनमें पूर्व मंत्री केदार कश्यप, लता उसेंडी, विक्रम उसेंडी और विकास मरकाम शामिल थे। केदार कश्यप ने कांग्रेस को घेरते हुए कहा- पूरे प्रदेश में निगम मंडल के रूप में अपने करीबियों को कांग्रेस ने पद दिया। लोगों ने कहा कि ये दिवाली का उपहार है । लेकिन उन नामों के बीच से एक ऐसा नाम सामने




आया जिसकी वजह से आज हम सभी जनजाति समुदाय के लोग आंदोलन कर रहे हैं। हाईकोर्ट ने प्रदेश के आदिवासी वर्ग का आरक्षण 32 से घटाकर 20 प्रतिशत करने का आदेश दिया।

केदार ने दावा करते हुए कहा- हाईकोर्ट में आरक्षण मामले में लगी इस याचिका के प्रमुख याचिकाकर्ता रहे केपी खांडे को ही राज्य अनुसूचित जाति आयोग का अध्यक्ष बना दिया गया। ये कांग्रेस की दोगली नीति है, मैं तो कहता हूं कांग्रेस के पेट में दांत है यह सिद्ध हो गया। कांग्रेसी अंग्रेजों के वंशज हैं उन्हीं की तरह फूट डालो और राज करो इनकी नीति है। इससे इसी तरह कुणाल शुक्ला को कांग्रेस कबीर शोधपीठ का प्रमुख बना चुकी है। कांग्रेस का इतिहास है सभी समाज के धोखा देकर राज करना।

**समाजों को लड़ाने का काम कर रही कांग्रेस**

केदार कश्यप ने कहा- हम सभी लोग शांति छत्तीसगढ़ शांति प्रिय प्रदेश है हयां जाति से उठकर सौदाद्र पूर्ण माहौल में रहते हैं कांग्रेस ने समाज को आपस में लड़ाने का काम किया है। वास्तव में ये अंग्रेजों के ही वंशज है। अंग्रेजों के जींस इनमें हैं। इनकी नीति है फूट डालो और राज करो। कांग्रेस से कहना है हम आदिवासी भीख नहीं मांग रहे हक मांग रहे हैं। नेता के मुताबिक कांग्रेस के कार्यकाल में आदिवासी आरक्षण 32 से 20 हो गया। जो लोग ऐसे मामलों पर पिटिशनर हैं उनको पद बांट रही है। एसटी मोर्चा के माध्यम गांव-गांव जाकर लोगों से अवगत कराएंगे।

# हाथियों ने मचाया उत्पात

## इंदिरा गांव में हाथियों ने धान की फसलों को रौंदा

बड़कागांव, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत नापोखुर्द पंचायत के इंदिरा गांव में हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। 25 हाथियों के झुंड ने लगभग 3 एकड़ में लगे धान की फसल को तहस-नहस कर दिया। धान के लहलहाते फसल की बर्बादी को देखकर किसानों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने पटाखे, मशाल जलाकर, टॉर्च जलाकर एवं अन्य उपाय कर कड़ी मशक्कत के बाद हाथियों को खदेड़ा। ग्रामीणों ने बताया कि आए दिन जंगली हाथी फसल को बड़ा नुकसान पहुंचा रहे हैं। भुक्तभोगी किसान जागो एकका, बसंती देवी, कार्तिक मांझी, उमेश उरांव, जैनुल कुमारी आदि ने बताया कि जंगल से 25 हाथियों का झुंड आ पहुंचा। इसके बाद धान के फसल को तहस-नहस कर दिया।

# पंकज मिश्रा की जमानत का ईडी ने किया विरोध

## हिरासत में रहकर फोन का इस्तेमाल कर रहे हैं पंकज मिश्रा, जमानत पर छूटे तो करेंगे गवाहों को प्रभावित

रांची, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। मनी लाड्रिंग के आरोपी पंकज मिश्रा ईडी की गिरफ्त में रहकर भी गवाहों को प्रभावित कर रहे हैं। ईडी ने पंकज मिश्रा की जमानत याचिका का विरोध करते हुए कोर्ट में कहा कि वह अधिकारियों के साथ फोन के माध्यम से संपर्क में हैं और गवाहों को प्रभावित करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। अगर वह न्यायिक हिरासत में रहकर गवाहों को प्रभावित करने की कोशिश कर सकते हैं तो जमानत मिलने के बाद वह अपना प्रयास और तेज करेंगे।

ईडी ने कहा है कि हमें पंकज मिश्रा के खिलाफ मनी लाउंड्रिंग करने के पर्याप्त साक्ष्य मिले हैं। पंकज मिश्रा और प्रेम प्रकाश एक साथ मिलकर काम करते थे और गलत तरीके से कमाये पैसे का इस्तेमाल हवाला में करते थे। ईडी के विशेष लोक अभियोजक अतिश कुमार ने जमानत का विरोध करते हुए शनिवार को अदालत में दी है।



आरोपी पंकज मिश्रा और बच्चू यादव की ओर से दायर जमानत याचिकाओं पर सुनवाई हुई है। दोनों लभगग 1000 करोड़ के अवैध खनन से जुड़ी मनी लॉउंड्रिंग केस के आरोपी हैं। सुनवाई के दौरान ईडी ने कहा कि वह इस बिंदु पर जवाब दायर करना चाहता है। इसके लिए उसे समय दिया जाये। अदालत ने ईडी के आग्रह स्वीकार करते हुए सुनवाई स्थगित कर दी। साथ ही अगली सुनवाई के लिए नौ नवंबर की तिथि निर्धारित की।

**आरोपियों की हिरासत अवधि बढ़ी**

विशेष अदालत ने आरोपियों की न्यायिक हिरासत की अवधि बढ़ा दी। राजीव कुमार और अमित अग्रवाल की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ाते हुए अगली पेशी के लिए 11 नवंबर की तिथि तय की गयी। पूजा सिंघल, सीए सुमन कुमार और बर्खास्त जूनियर इंजीनियर राम बिनोद प्रसाद सिन्हा की न्यायिक हिरासत अवधि दो नवंबर तक बढ़ा दी गयी है। पंकज मिश्रा, प्रेम प्रकाश और बच्चू यादव की न्यायिक हिरासत अवधि विशेष अदालत ने पांच नवंबर तक बढ़ा दी है।





# 2013 जैसे रिजल्ट की उम्मीद में बीजेपी

जयपुर, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मानगढ़ दौरा 1 नवम्बर को होगा। प्रधानमंत्री के इस दौरे को पूरी तरह राजस्थान और गुजरात के आदिवासी समाज को लेकर फोकस्ड माना जा रहा है। हालांकि यह प्रधानमंत्री का आधिकारिक दौरा है। मगर इस बहाने बीजेपी का फोकस गुजरात और राजस्थान की 52 आदिवासी सीटों पर है। गुजरात के बाद अगले साल राजस्थान में विधानसभा चुनाव हैं। राजस्थान में 25 एसटी रिजर्व सीटें हैं। वहीं लगभग 12.5 प्रतिशत एसटी वोटर है।

राजस्थान की आदिवासी सीटें बीजेपी के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। कभी कांग्रेस का पारम्परिक वोट बैंक रही इन सीटों पर बीजेपी ने काफी हद तक कब्जा कर लिया है। ऐसे में आने वाले विधानसभा चुनाव में बीजेपी इन सीटों पर अपनी पकड़ और मजबूत करने को देखेगी। राजस्थान के दक्षिणी हिस्से की एसटी सीटों पर बीजेपी की परफॉरमेंस पिछले दो चुनावों में अच्छी रही है। ऐसे में विधायकों की एंटी इनकम्बेंसी से बचने के लिए बीजेपी का फोकस इन सीटों पर है।

आने वाले चुनाव से पहले कांग्रेस इन सीटों को लेकर काफी कॉन्फिडेंट है। ऐसे में बीजेपी कोई मौका छोड़ना नहीं चाहती। 2018 के विधानसभा चुनाव में राजस्थान की 25 एसटी सीटों में से कांग्रेस ने 13 पर जीत दर्ज की थी। वहीं बीजेपी 8 पर जीत सकी। 2 सीटों पर बीटीपी ने जीत दर्ज की। वहीं 2 सीटों पर निर्दलीय जीत हासिल करने में सफल रहे।

ओवरऑल देखने पर तो कांग्रेस की स्थिति बीजेपी से बेहतर नजर आती है। मगर राजस्थान के आदिवासी इलाके में बीजेपी कांग्रेस से ज्यादा मजबूत है। आदिवासी क्षेत्र के उदयपुर जिले की 5 आदिवासी सीटों में से 4 पर बीजेपी और एक पर कांग्रेस है। इसके अलावा बांसवाड़ा की 5 में से 2-2 सीटों पर बीजेपी और कांग्रेस है। वहीं डूंगरपुर की 4 में से 1-1 सीट पर बीजेपी-कांग्रेस काबिज है।

सिरोही की एकमात्र आदिवासी सीट पर भी बीजेपी है। हालांकि पिछले उपचुनाव में धरियावद में हार के बाद प्रतापगढ़ जिले की दोनों सीटों पर कांग्रेस है। हालांकि 2018 में पहले धरियावद सीट पर बीजेपी ने जीत दर्ज की थी।

### 2013 में बीजेपी ने कांग्रेस को किया था धराशायी

2013 में बीजेपी ने पूरे प्रदेश में शानदार प्रदर्शन किया था। इसी तरह एसटी सीटों पर भी बीजेपी ने बड़ी जीत दर्ज की थी। 25 में से 18 सीटों पर बीजेपी ने कब्जा किया था। कांग्रेस सिर्फ टोडाभीम, सापोटरा, बागीदौरा और झाड़ोल सीट पर ही जीत दर्ज कर सकी थी। आदिवासी इलाकों में सिर्फ बागीदौरा और झाड़ोल पर कांग्रेस जीत दर्ज कर पाई थी।

### 2008 में बीजेपी का हुआ था सफाया

वहीं 2008 में बीजेपी का आदिवासी सीटों से सफाया हुआ था। उस दौरान कांग्रेस की सरकार बनने में एसटी सीटों का सबसे बड़ा रोल रहा था। कांग्रेस ने 25 में से 16 एसटी सीटों पर जीत दर्ज की थी। यह कांग्रेस की कुल 96 सीटों में से थी। इस चुनाव में बीजेपी बमुश्किल सिर्फ 2 सीटें जीत पाई थी। प्रतापगढ़ और झाड़ोल सिर्फ दो सीटों पर ही बीजेपी जीत सकी थी।



### 2018 में बदला था ट्रैंड, बीजेपी इसलिए फोकस्ड

राजस्थान में आदिवासी सीटों को लेकर ट्रेंड सरकार के अनुसार ही रहा है। जिस पार्टी की सरकार बनती है उसी पार्टी को ज्यादातर आदिवासी सीटें जाती हैं। मगर 2018 में यह ट्रैंड बदला। सरकार कांग्रेस की बनने के बावजूद आदिवासी इलाकों में बीजेपी ने अच्छा परफॉर्म किया। खास तौर से उदयपुर जिले की आदिवासी सीटों पर बीजेपी ने कांग्रेस का सफाया किया था। 2023 में भी बीजेपी इसी की तैयारी में है।

### 11 जिलों में है 25 एसटी रिजर्व सीटें

राजस्थान में 11 जिलों की 25 सीटें एसटी रिजर्व है। इनमें अलवर से राजगढ़-लक्ष्मणगढ़, बांसवाड़ा से बागीदौरा, घाटोल, बांसवाड़ा, कुशलगढ़ और गढ़ी, बारां से किशनगंज, दौसा से लालसोट, डूंगरपुर से आसपुर, चौरासी, डूंगरपुर और सागवाड़ा, जयपुर से बस्सी और जाम्वा-रामगढ़, करौली से सापोटरा और टोडाभीम, प्रतापगढ़ से धरियावद और प्रतापगढ़, सवाईमाधोपुर से बामनवास, सिरोही से पिंडवाड़ा-आबू और उदयपुर से गोगुंदा, झाड़ोल, खेरवाड़ा, सलूम्बर और उदयपुर ग्रामीण सीटें एसटी रिजर्व सीटें हैं। सबसे ज्यादा 5-5 एसटी रिजर्व सीटें उदयपुर और बांसवाड़ा में हैं।

# जयपुर में एटीएम काटकर 15 लाख लूट ले गए बदमाश

## मशीन काटते वक्त सायरन भी बजा पुलिस आने से पहले भागे लुटेरे

जयपुर, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजधानी जयपुर में बदमाश इन दिनों बेखौफ नजर आ रहे हैं। एक बार फिर ऐसा ही वाकया देखने को मिला कोटपूतली थाना इलाके में। जहां पर हाईवे पर स्थित बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम पर दो गाड़ियों में सवार बदमाशों ने धावा बोल दिया। बदमाश यहां से गैस कटर से एटीएम मशीन को काट करीब 15 लाख रुपए लेकर रफूचक्कर हो गए। बदमाशों ने 8 मिनट में इस पूरी घटना को अंजाम दिया। हालांकि एटीएम को काटते वक्त बैंक में सायरन भी बजा। पुलिस आती उससे पहले ही बदमाश यहां से एटीएम काटकर कर और उसमें रखी नकदी लूट कर फरार हो गए।

एटीएम काटकर लूट करने की पूरी वारदात यहां लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई। साफ तौर पर नजर आ रहा है कि बदमाश गाड़ी में सवार होकर



आए थे। फिर एटीएम को लूट कर फरार हो गए।

### कल ही डाले थे एटीएम में 5 लाख रुपए

बैंक अधिकारियों ने बताया कि एटीएम मशीन में पहले 11 लाख रुपए थे। कल शाम को ही बैंक कर्मियों ने एटीएम में 5 लाख और डाले थे। संभवत अंदेशा जताया जा रहा है कि बदमाशों ने रेकी कर इस पूरी वारदात को अंजाम दिया है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने बदमाशों की तलाश में नाकाबंदी भी करवाई लेकिन बदमाश पुलिस की पकड़ में नहीं आ पाए। पुलिस सीसीटीवी के आधार पर और गाड़ी के नंबरों के आधार पर लुटेरों की तलाश में जुट गई है।

# सांसद बेनीवाल बोले- पायलट को बनानी चाहिए अलग पार्टी

## कहा- सचिन दिखाएं हिम्मत तो बन सकते हैं सीएम रालोपा कांग्रेस को तीसरे नंबर पर धकेल देगी

जयपुर, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। नागौर से सांसद और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (रालोपा) के मुखिया हनुमान बेनीवाल ने कहा है कि सचिन पायलट को अपनी अलग पार्टी बनानी चाहिए। उन्हें हिम्मत दिखानी चाहिए थी। नहीं दिखा पाए। वे अब भी हिम्मत दिखाएं तो मुख्यमंत्री बन सकते हैं।

राजस्थान में लोग उन लोगों को पसंद नहीं करते जो एक बार कदम आगे बढ़ाने के बाद पीछे हट जाएं। पायलट को यह बात समझनी चाहिए। बेनीवाल का कहना है कि अगले विधानसभा चुनावों में रालोपा पहले या दूसरे



नंबर की सबसे बड़ी पार्टी होगी। बेनीवाल रालोपा के संस्थापक हैं। रालोपा भाजपा-कांग्रेस के बाद राजस्थान की एक मात्र पार्टी है जो राज्य स्तर पर मान्यता प्राप्त है। शनिवार को बेनीवाल की पार्टी की स्थापना को चार वर्ष पूरे हो गए हैं। शनिवार को बेनीवाल ने अपने चिर-परिचित बेबाक अंदाज में राजस्थान की राजनीति से जुड़े बहुत से मुद्दों पर भास्कर से जयपुर में अपने निवास पर विशेष बातचीत की।

बेनीवाल ने 2003 में विधानसभा का चुनाव निर्दलीय लड़ा था, लेकिन हार गए। खींवसर से विधानसभा का अगला चुनाव 2008 में भाजपा के टिकट पर लड़ा और जीत गए। उसके बाद 2013 में फिर निर्दलीय लड़ा और जीते। फिर 2018 में खुद की पार्टी बनाकर चुनाव लड़ा और जीते।

उनके साथ उनकी पार्टी के टिकट पर तीन विधायक और जीते। फिर बेनीवाल की पार्टी से 2019 के लोकसभा चुनावों में भाजपा ने गठबंधन किया और नागौर से वे सांसद का चुनाव जीते। इस बीच राजस्थान में हुए आठ सीटों के उप चुनावों सहित पंचायत राज संस्थाओं के चुनावों में भी रालोपा के उम्मीदवारों ने दूसरे और तीसरे स्थान पर वोट हासिल किए।

### गहलोत और वसुंधरा के धुर विरोधी माने जाते हैं हनुमान

हनुमान बेनीवाल मुख्यमंत्री गहलोत और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा के धुर विरोधी माने जाते हैं। वे अक्सर कहते हैं कि दोनों के बीच मिलीभगत है और वे एक-दूसरे को सत्ता का हस्तांतरण करते रहते हैं। वे अक्सर दोनों नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हैं और राजस्थान को दोनों की राजनीति से मुक्त करवाने का आह्वान सभाओं और रैलियों में करते रहे हैं।

# गुजरात में सत्याग्रह कर रहे उपेन यादव गिरफ्तार

जयपुर, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजस्थान बेरोजगार एकीकृत महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष उपेन यादव के गुजरात पुलिस ने एक बार फिर अरेस्ट कर लिया है। सोशल मीडिया पर उनकी रिहाई को लेकर मुहिम चलाई जा रही है। बता दें, उपेन यादव करीब एक महीने से गुजरात में सत्याग्रह कर रहे हैं। उपेन यादव अपनी 20 सूत्रीय मांगों को लेकर सत्याग्रह कर रहे हैं। इससे पहले 8 अक्टूबर को भी उपेन यादव को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। हाल ही में उपेन यादव ने ऊर्जा मंत्री भंवरसिंह भाटी से भी मुलाकात की थी। मंत्री भाटी ने उपेन यादव और उसके साथियों को सीएम से वार्ता कराने का आश्वासन भी दिया था।

### बेरोजगार युवा गुजरात में कर रहे हैं सत्याग्रह

बता दें, राजस्थान के करीब 300



से अधिक बेरोजगार युवा गुजरात के अहमदाबाद में अपनी मांगों के लिए सत्याग्रह कर रहे हैं। बेरोजगार युवकों का कहना हि शनिवार को सीएम गहलोत से मिलने नहीं दिया गया। सीएम गहलोत से आज उपेन यादव मिलने के लिए जाने वाले थे, लेकिन इससे पहले ही उपेन यादव को गिरफ्तार कर लिया गया। बेरोजगार युवकों का कहना है कि सीएम गहलोत अभिभावक की तरह है, सीएम से मिलने दिया जाए। उल्लेखनीय है कि सीएम गहलोत गुजरात के चार दिवसीय दौरे पर है। सीएम गहलोत गांधीनगर से आज देर रात अहमदाबाद पहुंचेंगे। बेरोजगार युवा सीएम गहलोत से मिलना चाहते हैं।

### 20 सूत्रीय मांगों को लेकर सत्याग्रह

सीएम गहलोत ने राजस्थान के युवकों के गुजरात में सत्याग्रह पर कहा कि सरकार ने बेरोजगारों की मांगे पूरी की है। तीन लाख सरकारी नौकरियां दे रहे हैं। कुछ लोगों ने महासंघ बना लिए है। प्रोफेशन बना लिया है। हम राजस्थान में युवकों से बात करेंगे। पहले राजस्थान आए। बात करेंगे। बता दें राजस्थान बेरोजगार महासंघ अपनी 20 सूत्रीय मांगों को लेकर दांडी यात्रा निकाली थी। जिनमें कंप्यूटर अनुदेशक भर्ती में 40फीसदी की बाध्यता में शिथिलता देकर सभी रिक्त पदों को भरने,राजकीय आईटीआई कॉलेजों में 1500 पदों पर कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती की विज्ञप्ति जारी करने, पंचायतीराज JEN भर्ती की विज्ञप्ति जारी करने, ग्राम पंचायत ई मित्र संचालक संघ से जुड़े ई मित्र ऑपरेटर अभ्यर्थियों की तमाम मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने औरप्रतियोगी भर्ती परीक्षाओं में ओबीसी ईडब्ल्यूएस के नवीनतम सर्टिफिकेट को मान्य किया और किसी भी चयनित अभ्यर्थियों को सर्टिफिकेट की वजह से बाहर नहीं करने की मांग प्रमुख है।

# राजस्थान में 3 नवंबर से तेज सर्दी का अलर्ट

### सीकर में 11 डिग्री तक पहुंचा तापमान; पहाड़ों में बर्फबारी से बदलेगा मौसम



जयपुर, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजस्थान में फिलहाल मौसम साफ है। मौसम विभाग के मुताबिक 3 नवम्बर तक मौसम ऐसा ही रहेगा। वहीं, 31 अक्टूबर की रात को पश्चिमी हिमालय रीजन में एक नया पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टर्बेंस) आएगा। इससे जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, गिलगिट, बालटिस्तान, मुजफ्फराबाद में बारिश, स्नोफॉल और ओले गिर सकते हैं।

बारिश के बाद मौसम खुलते ही उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश में ठंड बढ़ेगी। इसका असर राजस्थान में 3 नवंबर से महसूस होगा। हवा में नमी साथ आने के कारण ओस, कोहरा में भी बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। मैदानी भागों में रबी की फसलों के लिए यह अच्छा रहेगा।

पहाड़ी इलाकों में 31 अक्टूबर की रात से बर्फबारी शुरू होने पर अगले दो-तीन दिन बाद मैदानी भागों में सर्दी जोर पकड़ेगी। 3 नवम्बर से राजस्थान में मौसम में सर्दी बढ़ने से तापमान में गिरावट देखने को मिल सकती है। इसके बाद तापमान लगातार गिर सकता है। हिमालय रीजन में दो पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव होंगे। पहला पश्चिमी विक्षोभ 31 अक्टूबर से आएगा और 2 नवंबर तक चलेगा। इसके बाद 4 नवंबर को एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। जो 6 नवंबर तक जारी रह सकता है। इन डिस्टर्बेंस के कारण पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी होगी। वहीं, राजस्थान के कई शहरों में पिछले एक हफ्ते के दौरान 2 डिग्री तक की गिरावट रात के तापमान में रिकॉर्ड की गई है। राजस्थान में सबसे कम न्यूनतम तापमान सीकर में 11 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है।

# 'बीजेपी ने लास्ट हथियार पर पत्ता खेला'

## यूनिफॉर्म सिविल कोड पर बोले अशोक गहलोत

जयपुर, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत ने कहा कि गुजरात में यूनिफॉर्म सिविल कोड को लेकर गठित कमेटी पर प्रतिक्रिया दी है। सीएम गहलोत ने कहा कि बीजेपी घबराई हुई है। पीएम मोदी बार-बार हर सप्ताह आते हैं। आप समझ सकते हैं। लास्ट हथियार रह गया है कामन सिविल कोड, उस पर भी पत्ता खेल दिया है। गुजरात वाले समझ गए है। पीएम मोदी का बार-बार आना कामन सिविल कोड का चुनाव से पहले घोषणा करना उनकी कमजोरी बताता है। इसका नोटिस जनता करेगी। फायदा कांग्रेस को मिलेगा। बता दें, गुजरात सरकार ने यूनिफॉर्म सिविल कोड को लेकर एक कमेटी के गठन किया गया है। सीएम ने कहा कि हम हमारे



कमिटमेंट पूरा करेंगे। सरकार में आने पर अपना वचन पूरा करेंगे। कांग्रेस 31 दिसंबर से परिवर्तन यात्रा निकालेगी। हम जनता को बताएंगे कि हमारे वचन क्या है। परिवर्तन यात्रा से माहौल बनेगा।

### गहलोत बोले- गुजरात में सत्ता विरोधी लहर

अहमदाबाद के सर्किट हाउस में मीडिया से बात करते हुए कहा कि सीएम गहलोत ने कहा कि गुजरात में सत्ता विरोधी लहर है। बीजेपी से लोग त्रस्त है। ऐसे सत्ता विरोधी लहर मैंने कभी अपने जीवन में नहीं देखी है। सीएम ने कहा कि बीजेपी और केजरीवाल हथकंडे अपना रहे हैं। केजरीवाल भी नोटों के ऊपर भगवान को लेकर आ गए। हथकंडे वहीं अपनाते हैं, जुमले वहीं बोलते है जो चुनाव की बाजी हार चुके होते हैं। जिनका आत्मविश्वास कम हो चुका है। इन दोनों पार्टियों का चुनाव जीतने का आत्मविश्ववास नहीं है। केजरीवाल कितनी कोशिश कर लें उनका पता नहीं लगेगा यहां। आप देखेंगे परिमाण आएंगे तब।सीएम गहलोत ने कहा कि आम आदमी पार्टी को तो गुजरात में घुसने का अधिकार नहीं है।

### केजरीवाल ने महात्मा गांधी को ही हटा दिया

सीएम गहलोत ने कहा कि दिल्ली के सरकारी कार्यालयों से महात्मा गांधी की तस्वीर गायब कर दी गई है। महात्मा गांधी का अहिंसा का संदेश पूरी दुनिया को है। दुनिया लोहा मानती है। पीएम मोदी दुनिया के मुल्कों में जाते हैं तो लोग कहते है गांधी के देश से आए है। गुजरातवासियों को गर्व है हमारे यहां के गांधी है। केजरीवाल ने पंजाब में ही उनको पोस्टरों से हटा दिया।

## डिप्टी कमिश्नर का 10 साल का बेटा घर से भागा

### नोट में लिखा- मां, आप छोटे भाई को ज्यादा प्यार करते हो, मैं अपना ध्यान रख लूंगा

कोटा, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। ये चिट्ठी कोटा के एक 10 साल के मासूम ने अपनी मां से नाराज होकर लिखी है। मां की डांट से बेटा इतना आहत हुआ कि उसने घर छोड़ दिया। उसकी शिकायत की थी कि मां छोटे भाई को ज्यादा प्यार करती है और उसे सिर्फ डांटती है। बच्चे की मां रेणुका वर्मा कोटा में जीएसटी डिपार्टमेंट में डिप्टी कमिश्नर है। तमाम कोशिशों के चलते करीब 12 घंटे बाद बच्चा कोटा से 300 किमी दूर रतलाम में मिला।

# ऑनलाइन वेबसाइट से झांसे में आया युवक

### छत्तीसगढ़ भेजना था, ट्रांसपोर्टेशन कंपनी के एजेंट ट्रक लेकर फरार

सीकर, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। सीकर के लोसल इलाके में ट्रैक्टर ट्रांसपोर्टेशन के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। ऑनलाइन वेबसाइट के जरिए युवक झांसे में आ गया। जिसने ट्रांसपोर्टेशन के लिए ट्रक दे दिया। अब तक तक दूसरी जगह नहीं पहुंचा है और कंपनी के एजेंट और पैसे मांग रहे हैं। फिलहाल लोसल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

लोसल के गणेशपुरा इलाके के रहने वाले किशनलाल ने रिपोर्ट देकर बताया है कि उनके पास खुद का एक ट्रैक्टर था जो उन्होंने अपने साले रतनलाल को दिया था। रतन लाल का छत्तीसगढ़ में बिजनेस चल रहा है। ऐसे में उन्हें ट्रैक्टर छत्तीसगढ़ भिजवाना था। रतनलाल के लड़के धर्मेंद्र ने एक ऑनलाइन वेबसाइट कार



शिफ्टिंग सर्विसेज पर इंक्वायरी की तो 24 अक्टूबर को कंपनी की ओर से फोन आया।

फोन करने वाले युवक ने खुद का नाम सुनील बताया और कहा कि वह ट्रांसपोर्ट पैकर्स एंड मूवर्स कंपनी का कर्मचारी है। जो ट्रैक्टर को छत्तीसगढ़ भिजवा देगा। उसी दिन सुनील ने रतनलाल के घर पर नवीन नाम के लड़के को भेजा। नवीन वहां से ट्रैक्टर लेकर चला गया। नवीन ने कहा कि ट्रैक्टर को जयपुर से ट्रांसपोर्ट करेंगे। ऐसे में रतनलाल ने उन्हें 18 हजार रुपए दे दिए। 2 दिन बाद रतनलाल के बेटे धर्मेंद्र के पास सुनील का फोन आया और कहा कि हमने ट्रैक्टर को लोड कर दिया है।

# अशोक गहलोत का कर्मचारियों को तोहफा

## 5 वें और 6 वें वेतन आयोग के कर्मचारियों के डीए में बढ़ोतरी

जयपुर, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजस्थान में 5 वें और 6 वें वेतन आयोग के अंतर्गत कार्यरत राज्य कर्मचारियों के महंगाई भत्तें की दरों में संशोधन किया गया है। 5 वें वेतना आयोग के अंतर्गत महंगाई भत्ता 381 से बढ़ाकर 396 प्रतिशत कर दिय है। जबकि 6 वें वेतन आयोग के अंतर्गत महंगाई भत्ता 203 से बढ़ाकर 212 प्रतिशत कर दिया है। सीएम अशोक गहलोत ने बढ़े हुए डीए की मंजूरी दे दी है। बता दें गहलोत सरकार ने 7 वें वेतन आयोग के अतंर्गत कर्मचारियों को महंगाई भत्ता बढ़ाया था। कर्मचारी सीएम गहलोत से महंगाई भत्ता बढ़ाने की मांग कर रहे थे। सीएम अशोक गहलोत के इस निर्णय से करीब 8 लाख कर्मचारी लाभांवित होंगे।

7 वें वेतन आयोग के कार्मिकों को पहले बढ़ाया था



सीएम गहलोत के निर्णय से राज्य कर्मचारियों और पेशनर्स को 1 जुलाई 2022 से बढ़ा हुई डीए मिलेगा। जबकि महंगाई राहत का पेंशनर्स को एक जुलाई से नगद भुगतान होगा। बता दें गहलोत सरकार ने 7 वें वेतन आयोग के अतंर्गत कर्मचारियों को महंगाई भत्ता बढ़ाया था। लेकिन 5 वें और 6 वें वेतन आयोग के अंतर्गत कार्यरत राज्य कर्मचारियों का महंगाई भत्ता अब बढ़ाया गया है। कर्मचारी सीएम गहलोत से महंगाई भत्ता बढ़ाने की मांग कर रहे थे।

केंद्र के समान बढ़ाया डीए

उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार द्वारा समय-समय पर केंद्रीय कर्मचारियों को अनुमत महंगाई भत्ते की दर के समान ही राज्य सरकार द्वारा कर्मचारियों को अनुमत महंगाई भत्ते की दर के समान ही राज्य सरकार कर्मचारियों को डीए अनुमत करती है। राज्य सरकरा द्वारा घोषणा के साथ ही बढ़ी हुई राशि का अविलंब वितरण किया जाता है। इसी क्रम में कर्मचारियों को वेतन माह अक्टूबर 2022 देय नवंबर 2022 से बढे.हुए महंगाई भत्ते का नगद भुगतान किया जाएगा। दिनांक एक जुलाई 2022 से 30 सितंबर 2022 तक की राशि संबंधित कर्मचारियों के सामान्य प्रावधायी निधि खाते में जमा कराई जाएगी। जबकि पेंशनर्स को 1 जुलाई 2022 से बढ़े हुए महंगाई भत्ते का नगद भुगतान होगा।

# जयपुर की होटल में युवती से रेप

## नशीली कोल्डड्रिंक पिलाकर परिचित ने किया दुष्कर्म अश्लील वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल

जयपुर, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। जयपुर की एक होटल में युवती से रेप करने का मामला सामने आया है। नशीली कोल्डड्रिंक पिलाकर बेहोशी की हालत में परिचित ने उसके साथ दुष्कर्म किया। अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगा। शास्त्री नगर थाने में पीड़िता ने आरोपी परिचित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामले की जांच थानेदार दिलीप सिंह कर रहे है।

पुलिस ने बताया कि विश्वकर्मा निवासी 23 वर्षीय युवती ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। अजीतगढ़ सीकर निवासी शक्ति सिंह शेखावत उनका परिचित है। जिसे कारण एक-दूसरे के



घर आना-जाना और परिवार से जान-पहचान है। आरोप है कि आरोपी शक्ति सिंह ने 16 मई को उसको मिलने बुलाया। मिलने जाने पर वह बहाना बनाकर उसे शास्त्री नगर स्थित होटल घुंघट में ले गया। होटल के रुम में उसे कोल्डड्रिंक ऑफर की। कोल्डड्रिंक में नशीली पदार्थ मिला होने के कारण बेहोशी छाने लगी।

बेहोशी की हालत में आरोपी ने उसके साथ रेप किया। दुष्कर्म के दौरान उसकी अश्लील वीडियो अपने मोबाइल में बना ली। होश आने पर विरोध करने पर उसे मोबाइल में अश्लील वीडियो दिखाई। वीडियो को नेट पर डालकर वायरल करने की धमकी दी। अश्लील वीडियो से ब्लैकमेल कर 21 अगस्त और 3 सितम्बर को जबरन होटल घुंघट में बुलाया। होटल में उसके साथ दुष्कर्म किया। ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर पीड़िता ने परिजनों को आपबीती सुनाई। पीड़िता ने शनिवार शाम थाने जाकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई।

# सीरवी समाज का दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम सम्पन्न



हैदराबाद, 30 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। पारसीगुट्टा स्थित श्री आईमाता मंदिर में समाज बन्धुओं के सान्निध्य में कार्तिक मास के पावन अवसर पर दीपवली स्नेह मिलन व अन्नकूट प्रसाद का आयोजन किया गया। जारी प्रेस विज्ञप्ति मे अध्यक्ष चोलाराम हाम्बड़ व सचिव किशनसिंह राठौड़ ने बताया कि श्री आईमाताजी मंदिर मे पुजा-अर्चना व महिला मंडल द्वारा गणेश वंदना के पश्चात् दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम विधिवत रुप से प्रारम्भ किया गया। मंच का संचालन करते हुए किशनसिंह राठौड़ ने समाज के अध्यक्ष व सम्मानित अतिथियों को मंच पर आमंत्रितकर सम्बोधन भाषण में दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए उनके कार्यकाल में किये गये कार्यो से समाज को अवगत कराया। अध्यक्ष चोलाराम हाम्बड़ ने समाज बन्धुओं को भरोसा दिलाया कि उनके कार्यकाल में समाज के हित में हर सम्भव कार्य सभी के सहयोग से पूर्ण कराये जाएगे। शिक्षा समिति अध्यक्ष परसराम बर्फा ने स्नेह मिलन कार्यक्रम मे शिक्षा के प्रति समाज को अवगत कराते हुए अलियाबाद समाज के प्लॉट पर हो रहे कार्यो से अवगत कराया। महिला अध्यक्षा सीतादेवी सोलंकी व सचिव निर्मला देवड़ा ने दीपावली की शुभकामनाएँ देते हुए समाज की महिलाओं व विशेषकर युवा छात्राओं को समाज के धार्मिक कार्यो में बढचढकर भाग लेने का अहवाहन किया। कोषाध्यक्ष जसवन्त देवड़ा ने शुभकामनाएँ देते हुए समाज के प्लॉट

पर हो रहे निर्णमाधीन कार्यो मे तन-मन-धन से सहयोग करने का आग्रह किया। स्नेह मिलन कार्यक्रम के पश्चात् पधारे भक्तों व समाज बन्धुओं के लिए अन्नकूट प्रसाद की व्यवस्था कार्यक्रम स्थल पर की गयी। सचिव किशनसिंह राठौड़ के धन्यवाद के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# जैन समाज के बंधुओं ने मंत्री तलसानी से की मुलाकात

## प्रकाश जैन के परिजनों को न्याय दिलाने की अपील की



हैदराबाद, 30 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। जैन समाज के व्यापारी बंधुओं एवं पीड़ित प्रकाश जैन का परिवार ने मंत्री तलसानी श्रीनिवास यादव से उनके निवास स्थान पर भेंट की। मुकेश चौहान ने बताया कि व्यापारी प्रकाश जैन को मकान बनाने हेतु एडवोकेट सोनी द्वारा बहुत बडी रकम की मांग से परेशान होकर डिप्रेशन मे आकर कोमा मे चले जाने से प्रकाश जैन पिछले तीन महीनो से हॉस्पिटल मे बेभान पड़े हुए हैं। इस संदर्भ में जब स्थानीय टीआरएस नेता आनंद गौड़ को जानकारी मिली तो उन्होंने जैन समाज के प्रतिनिधियों तथा पीड़ित परिवार के परिजनों के साथ मंत्री तलसानी से मुलाकात की और इस पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया। आरके जैन ने बताया कि हॉस्पिटल में लगभग 70-80 लाख खर्च करने पर भी प्रकाश जैन अभी भी बेजान पड़े है और कोमा से बाहर नहीं आये हैं।

रिद्धिश जागीरदार ने बताया की शुक्रवार को लगभग 300-350 व्यापारियों ने पीड़ित प्रकाश जैन के परिवार के साथ स्थानीय पुलिस स्टेशन पहुंच कर एडवोकेट बसंत सोनी के ऊपर मामला दर्ज करने हेतु निवेदन किया, लेकिन पुलिस स्टेशन के अधिकारी ने मामला दर्ज कराने से इंकार कर दिया। इस पर समस्त व्यापारी वर्ग नाराज हुआ। मंत्री तलसानी यादव ने घटना की जानकारी लेकर तुरंत ही कार्यवाही करते हुए पुलिस अधिकरियों, जीएचएमसी अधिकारियों को फटकार लगाई। मंत्री तलसानी ने पीड़ित प्रकाश जैन के परिवार को उचित न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर पीड़ित प्रकाश जैन के परिवार से धर्मपत्नी कविता जैन, पुत्र महिपाल जैन, गोशामहल जैन संघ के ट्रस्टी मोहनलाल बागरेचा, फीलखाना जैन संघ के ट्रस्टी दिलीप श्रीश्रीमाल, प्रवीण विनायकिया, जसराज बाफना आदि उपस्थित रहे।



श्री सरस्वती पूजा समिति रामंतापुर के तत्वावधान में गंगा भवानी मंदिर के पास, तालाब के प्रांगण में आयोजित छठ महापर्व के अस्ताचलगामी आदित्य भगवान को अपना अर्घ्य समर्पित करते हुए हठयोग व्रती, श्रद्धालु एवं समिति के सदस्यगण।



महापर्व छठ पर टोलीचौकी में अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देते हुए विश्वनाथ ठाकुर, गुड़ीदेवी, गणेश, पूजा, चंदन और सोनी।



फिरोज गांधी पार्क कोटि में कार्तिक मास वनभोजनालु समारोह में भाग लेते हुए एनआर लक्ष्मण राव, अध्यक्ष विजय, भास्कर रेड्डी, महेश, भिक्षापति, वसंत, राजू, रमेश और अन्य।



हस्मतपेट छठ घाट पर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देते हुए रंजीत शर्मा व अन्य।

# ईसीआईएल नराकास (उपक्रम) राजभाषा शील्ड से सम्मानित




हैदराबाद, 30 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम), हैदराबाद-सिकंदराबाद की 56वीं अर्द्धवार्षिक बैठक एवं वार्षिक समारोह के दौरान वर्ष 2021-22 के लिए बड़े कार्यालय वर्ग की श्रेणी में प्रथम पुरस्कार के रूप में ईसीआईएल को राजभाषा शील्ड प्रदान की गई। ईसीआईएल को यह प्रथम पुरस्कार लगातार नौवें वर्ष प्राप्त हुआ है। ईसीआईएल की ओर से समीर मुखर्जी, निदेशक (कार्मिक) ने नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम), हैदराबाद-सिकंदराबाद के अध्यक्ष एवं भारत डायनामिक्स लिमिटेड, हैदराबाद के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक कोमोडोर (से.नि.) सिद्धार्थ मिश्र से यह राजभाषा शील्ड प्राप्त की। इस अवसर पर डॉ. राजनारायण अवस्थी, वरिष्ठ अधिकारी (राजभाषा) को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर ईसीआईएल की गृहपत्रिका "ईसीआईएल गौरव' को भी प्रकाशित पत्रिका वर्ग में उत्तम पत्रिका का पुरस्कार प्राप्त हुआ। नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम), हैदराबाद-सिकंदराबाद के तत्वावधान में जुलाई एवं अगस्त, 2022 माह में आयोजित हिन्दी अनुवाद प्रतियोगिता में पीडी रम्या तेजा, वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी एवं वी कनका श्री महालक्ष्मी, कनि. अनुवादक (राजभाषा); तकनीकी विषयों पर पेपर प्रस्तुतीकरण प्रतियोगिता में आर. चन्द्रकला, तकनीकी प्रबंधक; वाक् प्रतियोगिता में विश्वमोहन नंदा, तकनीकी प्रबंधक तथा कंप्यूटर पर हिन्दी शब्द संसाधन में अजहर सुल्तान, प्रवर श्रेणी लिपिक (राजभाषा) को भी इस अवसर पर पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

# काटेदान में छठ पूजा आयोजित



हैदराबाद, 30 अक्तूबर, (स्वतंत्र वार्ता)। पिछले कई सालों से पतंजलि छठ पूजा समिति द्वारा हाउसिंग बोर्ड कालोनी काटेदान 100 फिट रोड पर छठ पूजा आयोजित किया गया। आज बड़ी संख्या में श्रध्दालुओं ने संध्या अर्घ्य में भाग लिया। इसमें प्रवीण सिंह, मुरारी चौधुरी, भोला मोदी,अमन सिंह, चुन्नु सिंह, विमल सिंह, राजेश कुमार, किशोर गुप्ता, गोल्डन पांडे, अजय भाई, महेश सिंह,रमेश सिंह इत्यादि समस्त उतर भारतीय लोग शामिल हुए।

# विक्रमादित्य नाटक के आयोजन के संदर्भ में हुई बैठक



हैदराबाद, 30 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। विशाल सांस्कृतिक एवं लोकहित समिति उज्जैन की "महा नाट्य सम्राट विक्रमादित्य" प्रस्तुति हैदराबाद में की जायेगी। इस कार्यक्रम के बारे मे बैठक रखी गई, जिसमें डॉ. मोहन यादव (उच्च शिक्षा मंत्री मध्यप्रदेश शासन), नवनीत सिंह, राजेश सिंह, शांतिलाल सुथार, संजीव कुमार, यशचंदन, शिवचरण, राकेश खेतान, नरेश प्रजापत, राकेश मानसिंह, विजेंद्र शर्मा, अर्जुन सिंह, अरविन्द बाबू, विनीता सिंह, धर्माराम और विश्व मंगल गौशाला की टीम भी मौजूद रही।

# खेसारी लाल यादव का कार्यक्रम आज : मनोज



हैदराबाद, 30 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। आस्था के महापर्व छठ पर पठानचेरू में एक सांस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध भोजपुरी फिल्मों के अभिनेता व गायक खेसारी लाल यादव भाग ले रहे है। यह जानकारी देते हुए यूपी सैयदराजा के पूर्व विधायक व सपा के राष्ट्रीय महासचिव मनोज सिंह 'डब्लू' ने बताया कि 31 अक्टूबर को पठानचेरू के मैत्री ग्राउंड में शाम से 6 बजे से खेरारी लाल यादव का कार्यक्रम होगा। श्री सिंह ने भोजपुरी भाषा के प्रेमियों से कार्यक्रम में भाग लेने का अनुरोध किया है।

# बिहार समाज सेवा संघ द्वारा छठ आयोजित



हैदराबाद, 30 अक्तूबर, (स्वतंत्र वार्ता)। बिहार समाज सेवा संघ द्वारा छठ महापर्व का आयोजन नेकलेस रोड के गणेश कुंड पर बहुत धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रामगोपालपेट की कॉरपोरेटर श्रीमती चीरा सुचित्रा और केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी की धर्मपत्नी श्रीमती काव्या रेड्डी की विशेष उपस्थिति रही। अतिथियों का स्वागत समाज के राष्ट्रीय चेयरमैन राजू ओझा ने किया। अतिथि गण ने समाज के अधिकारियों और कार्यकर्ताओं का उत्साह वर्धन किया और छठ पूजा में आमंत्रित करने के लिए समाज बिहार समाज सेवा संघ को धन्यवाद दिया। दोनों ही अतिथियों ने घाट पर जाकर छठ व्रतियों के साथ समय भी बिताया। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष पप्पू सिन्हा, सचिव मनीष तिवारी, कोषाध्यक्ष राधेश्याम प्रजापति, मीडिया प्रभारी विकास सिंह एवं सचिव पप्पू सिंह उपस्थित रहे।

# बिहार सहयोग समिति द्वारा छठ पूजा का पहला अर्घ्य आयोजित







हैदराबाद, 30 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। बिहार सहयोग समिति ने बंडा चेरुवु बतुकमा घाट, सफीलगुड़ा में छठ पूजा के पहला अर्घ्य बहुत धूमधाम से मनाया। इस मौके पर भारी मात्रा में महिलाओं ने डुबते सूर्य को पानी में ठहरकर अर्घ्य दिए। इस मौके पर रेलवे डेवेलपमेंट के एजीएम शकिल अहमद शामिल रहे तथा सभी आयोजकों के प्रति आभार जताया। मलकाजगिरी के पार्षद श्रवण कुमार, गौतम नगर के एनु नायडू, बीजेपी के नवीन कुमार और भारी मात्रा में लोगों ने पूजा में भाग लिया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष विनय कुमार यादव, जयंत यादव, सागर भगत, राजनारायण सिंह, मनोज यादव, दिनेश यादव, राकेश यादव, अजय कुमार सिंह, पंचम भगत, नवीन बिहारी, रमेश कुमार सिंह, योगेंद्र वर्मा के अलावा भारी मात्रा में युवा सेना ने अपना भरपूर योगदान दिया।

## भारत जोड़ो यात्रा को सफल बनाएं : पूर्व विधायक



मदनूर, 30 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस पार्टी मंडल अध्यक्ष रमेश वटनालवार के नेतृत्व में जुक्कल विस क्षेत्र के पूर्व विधायक सौदागर गंगारामजी के मकान में रविवार के दिन मदनूर मंडल कांग्रेस पार्टी कार्यक्रताओं की सभा बुलाई गई। सभा में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए गंगाराम ने बताया कि राहुल गांधी जी की भारत जोड़ो यात्रा एक माह पहले कन्या कुमारी से लेकर कश्मीर तक प्रभार किया गया। भारत जोड़ो यात्रा 6 नवंबर रविवार के दिन जुक्कल विस क्षेत्र में प्रवेश करने वाली है। 7 नवंबर के सुबह 6 बजे जुक्कल एक्स रोड से भारत जोड़ो यात्रा फिर से शुरू होगा। मदनूर मंडल मेनूर गांव में राहुल जी स्थानीय जनता को संबोधित करने के बाद राहुल गांधी का भारत जोड़ो यात्रा तेलंगाना राज्य से महाराष्ट्र राज्य के नांदेड़ जिला देगलूर तालुका में प्रवेश करेंगे। गंगाराम ने कोंग्रज पार्टी के कार्यकर्ताओं को भारत जोड़ो यात्रा को सफल करने की विनती की। कार्यक्रम में गंगाधर गपलवार, कांग्रेस पार्टी जिला युवजान अध्यक्ष गजानन पाटील, मेनूर सरपंच विठ्ठल गुरुजी, तद्गुर सरपंच मोगला, पूर्व मंडल विकास अध्यक्ष भीमराव पाटील आदि उपस्थित रहे।

# अग्रसेन बायोडाटा कमेटी ने की बैठक



हैदराबाद, 30 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। अग्रसेन बायोडाटा कमेटी की बैठक संस्था के चेयरमैन दुर्गा प्रसाद बंसल तथा श्रीमती संतोष देवी बंसल की अध्यक्षता में सिकंदराबाद में संपन्न हुई। इस बैठक में सर्व प्रथम दुर्गा प्रसाद बंसल ने सभी उपस्थित सदस्यों का अभिवादन किया तथा दीपावली के शुभ अवसर पर सबको शुभकामनाएं प्रदान की। बैठक में करीब 35-40 अभिभावकों ने अपने युवक-युवतियों के बायोडाटा का आदान प्रदान किया और एबीसी द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। इसके पश्चात अग्रसेन बायोडाटा कमेटी का दीपावली स्नेहमिलन करने के विषय में विचार विमर्श किया गया, जिसे स्वर सम्मति से पारित किया गया।

अग्रसेन बायोडाटा कमेटी का दीपावली स्नेह मिलन 6 नवंबर रविवार दोपहर 11 बजे से बनवारी लाल गोयल परामर्शदाता (वारंगल) के सहयोग से उनके फार्महाउस शंकर पल्ली रोड में किये जाने का निर्णय लिया गया। सभा में दुर्गा प्रसाद बंसल, संतोषदेवी बंसल, अनिल अग्रवाल, पुरषोत्तम गुप्ता, उमाशंकर गोयनका, अजय तुलसियान, अरविंद गोयल, रमेश मित्तल, नरेश अग्रवाल, अनंत अग्रवाल, पवन जजनानी, पवन गुप्ता, अनिल अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, अनिल झुंझुनू वाला, विनेश अग्रवाल, संगीता गोयल इन सभी ने अपना सहयोग दिया।

# प्रथम पृष्ठ का शेष भाग

## भगवान भास्कर को...

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने बेटे के साथ सीएम आवास पर तो उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने छठ के अवसर पर दीघा घाट पहुंचकर डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया। सीएम नीतीश ने अर्घ्य देते हुए बिहारवासियों की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। सीएम की भाभी और भतीजी ने इस साल छठ व्रत किया हैं। इस दौरान सड़क को स्थानीय लोगों ने पानी से धो दिया। जगह-जगह पानी के स्टॉल लगाए हैं। सड़क से लेकर घाट तक छठी मैया की गीत बज रहे हैं। पटना पुलिस और दंडाधिकारी भी मुख्य चौक-चौराहों और घाटों पर तैनात हैं। पुलिस की एक टीम कंट्रोल रूम से सीसीटीवी के जरिए निगरानी कर रही है।

## ममता बनर्जी ने...

वह यूनिवर्सिटी के चांसलर हैं। अपने संबोधन में ममता ने कहा कि समाज का एक वर्ग सभी लोकतांत्रिक शक्तियों को जब्त कर रहा है। उन्होंने सीजेआई से कहा- लोकतंत्र कहां है? कृपया लोकतंत्र को बचाएं।

## पीएम ने टाटा-एयरबस ...

सितंबर 2021 में भारत ने एयरबस डिफेंस एंड स्पेस के साथ लगभग 21,000 करोड़ रुपए की डील की थी। इसमें पुराने एवरो-%48 की जगह सी-295 एयरक्राफ्ट खरीदने की डील हुई थी। 56 विमानों की मांग की गई थी। इनमें से 16 स्पेन से बनकर आएंगे और बाकी 40 गुजरात के वडोदरा में बनाए जाएंगे।

इससे पहले सितंबर में गुजरात सरकार ने 1.54 लाख करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट के लिए वेदांत-फॉक्सकॉन ग्रुप के साथ समझौता किया था। वेदांत लिमिटेड और ताइवान की फॉक्सकॉन मिलकर गुजरात में सेमीकंडक्टर का प्रोडक्शन करेंगे। अहमदाबाद के पास इसका प्लांट लगाया जाएगा। दावा है कि इससे 1 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा।

## बसवलिंगेश्वर सुसाइड केस...

बसवलिंगेश्वर ने सुसाइड नोट में लिखा था कि मठ के दो लो और अनजान महिला उन्हें ब्लैकमेल कर रहे हैं। इसलिए वे पेरशान होकर सुसाइड कर रहे हैं।

गौरतलब है कि स्वामी बसवलिंगेश्वर ने 1997 में 20 साल की उम्र में 400 साल पुराने मठ की गद्दी संभाली थी और हाल ही में रजत जयंती समारोह मनाया था।

कंचुगल मठ के स्वामी बसवलिंगेश्वर को हनीट्रैप के जरिए ब्लैकमेल किया जा रहा था। यह बात उनके 3 पेज के सुसाइड नोट में भी लिखी है कि वे महिला को 6 महीने से जानते थे। पुजारी को आत्महत्या के लिए मजबूर करने वालों में मठ के ही 2 लोग शामिल हैं। इन लोगों ने बसवलिंगेश्वर के अनजान महिला के साथ 4 अश्लील वीडियो रिकॉर्ड कर लिए थे।

# भारत बनाम साउथ अफ्रीका: टीम इंडिया 5 विकेट से हारी

## डेविड मिलर ने खेली 59 रन की मैच जिताऊ पारी

खेल डेस्क, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। साउथ अफ्रीका ने टीम इंडिया को 5 विकेट से हरा दिया है. पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 133 रन बनाए में साउथ अफ्रीका ने 19.4 ओवर में 5 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया.

अफ्रीकी टीम एक समय 24 रन पर तीन विकेट गंवा चुकी थी। यहां से भारत की खराब फील्डिंग का फायदा उठाते हुए मार्करम और मिलर ने टीम को संभाल लिया। भारतीय फील्डर्स ने रन आउट के तीन मौके गंवाए. वहीं, विराट कोहली ने मार्करम का एक आसान सा कैच छोड़ दिया.

पेसरों की पाठशाला पर्थ में रविवार को बल्लेबाजों की काबिलियत का बेहतरीन इम्तेहान हुआ और साउथ अफ्रीका ने इस बाजी को जीतने के साथ ही मैच भी अपने नाम कर लिया. टी20 विश्व कप में शानदार शुरुआत करने वाली भारतीय टीम को टूर्नामेंट में पहली हार का सामना करना पड़ा. लुंगी एनगिडी के शुरुआती घातक स्पैल और फिर एडन मार्करम और डेविड मिलर की जुझारू पारियों के दम पर साउथ अफ्रीका ने भारत को 5 विकेट से हराया.

पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में जैसी उम्मीद थी, बिल्कुल वही नजारा देखने को मिला. इस मैच की शुरुआत से पहले ही दावा किया जा रहा था, अनुमान जताया जा रहा था कि तेज गेंदबाजों के सामने बल्लेबाजों के लिए टिकना किसी पहाड़ चढ़ने से कम नहीं होगा. यही हुआ भी और दोनों टीमों के गेंदबाजों ने ऐसा करके दिखाया. भारत की ओर से सिर्फ




सूर्यकुमार यादव ने जलवा दिखाया और साउथ अफ्रीका की ओर से एडन मार्करम और डेविड मिलर ने ही डटकर सामना किया और यही अंतर साबित हुआ.

**अर्शदीप ने बरपाया कहर**

अपने चार पेसरों के दम पर भारत को सिर्फ 133 रन पर समेटने के बावजूद साउथ अफ्रीकी टीम को इतना अंदाजा रहा होगा कि ये लक्ष्य हासिल करना भी आसान नहीं होने वाला. खास तौर पर हाल ही में भारत दौरे पर उसे टीम इंडिया के पेसरों के सामने मुश्किलों का सामना करना पड़ा था और उनका डर सही भी साबित हुआ. दूसरे ही ओवर में अर्शदीप सिंह ने क्विंटन डिकॉक और राइली रूसो के विकेट चटका दिए. पावरप्ले के आखिरी ओवर में सिर्फ 24 के स्कोर तक 3 विकेट गिर गए.

**मार्करम-मिलर बने बाधा**

अर्शदीप के अलावा भुवनेश्वर कुमार और मोहम्मद शमी भी साउथ अफ्रीकी बल्लेबाजों पर कहर बरपा रहे थे. ऐसे में साउथ अफ्रीका को एक साझेदारी की जरूरत थी और मार्करम ने डेविड मिलर के साथ मिलकर भारतीय गेंदबाजों का डटकर सामना किया. हालांकि, भारत ने भी उन्हें कई मौके दिए. अश्विन की गेंद पर विराट कोहली ने मार्करम का बेहद आसान कैच टपका दिया. वहीं रोहित और सूर्यकुमार यादव ने रन आउट के आसान मौके छोड़ दिए.

एनगिडी बने बल्लेबाजों के काल

भारतीय पारी की बात करें, तो इसका हाल बिल्कुल वैसा ही हुआ, जैसे पिछले रविवार को मेलबर्न में पाकिस्तान के खिलाफ हुआ था. लुंगी एनगिडी के एक खतरनाक स्पैल ने पावरप्ले में ही टीम इंडिया की धज्जियां उड़ा दीं. एनगिडी ने ऑप्टस स्टेडियम की पिच के उछाल का बेहतरीन इस्तेमाल किया और रोहित शर्मा, विराट कोहली, केएल राहुल को शॉर्ट गेंदों के जाल में फंसा दिया. 9वें ओवर तक सिर्फ 49 रन पर भारत के 5 विकेट गिर गए थे.

## संन्यास के बाद कोकीन के आदी हो गए थे अकरम

### अपकमिंग ऑटोबायोग्राफी 'सुल्तान-ए मेमिओर' में वसीम ने किया खुलासा



कराची, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के दिग्गज गेंदबाज वसीम अकरम ने अपनी ऑटोबायोग्राफी में अपनी कोकीन की लत का खुलासा किया है। उन्होंने माना कि उन्हें ड्रग्स लेने की लत थी। 56 साल के इस पूर्व गेंदबाज ने लिखा- 'कोकीन की लत के कारण मेरी पहली पत्नी के साथ भी संबंध खराब हो गए थे और मैं उनसे झूठ बोलने लगा था।' कुछ ही दिनों में वसीम अकरम की 'सुल्तान- ए मेमिओर' नाम की जीवनी प्रकाशित होनी वाली है। इस किताब में अकरम ने अपने क्रिकेटिंग करियर के साथ निजी जीवन पर भी लिखा है। उन्होंने लिखा- 'मैंने पहली बार इंग्लैंड में एक पार्टी के दौरान ड्रग्स ली थी। शुरुआत में मैंने कोकीन की एक लाइन खींची। फिर दो और तीन...बाद में कब ये एक ग्राम से दो में बदल गया... पता ही नहीं चला।'

अकरम लिखते हैं कि नशे की लत इस कदर हावी हो गई थी कि, एक समय मुझे ऐसा लगने लगा था कि मैं इसके बिना नहीं रह सकता, लेकिन मेरी पहली पत्नी हुमा की मौत ने सब कुछ बदल कर रख दिया और मैंने फैसला किया कि मैं दोबारा कोकीन का सेवन नहीं करूंगा। किताब के एक अंश में वसीम ने लिखा- 'मुझे पार्टी में जाना पसंद था। साउथ एशिया की संस्कृति ही ऐसी है कि, आप पार्टी में खींचे चले जाते हैं। यही कारण है कि इन पार्टियों ने मुझ पर असर डाला। मेरे प्रसिद्धि ही मेरे लिए खतरनाक साबित होने लगी थी।'

# पाकिस्तान की वर्ल्ड कप में पहली जीत

## नीदरलैंड को 6 विकेट से हराया, बाबर फिर फ्लॉप

### सेमीफाइनल की उम्मीदें कायम

नई दिल्ली, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। 2009 की चैंपियन पाकिस्तान ने टी-20 वर्ल्ड कप में पहली जीत दर्ज की। रविवार को उसने नीदरलैंड को 6 विकेट से हराया। इस जीत से टीम ने सेमीफाइनल की उम्मीदें कायम रखी हैं। लेकिन, कप्तान बाबर आजम की फार्म उसकी मुश्किलें बढ़ा सकती हैं। नीदरलैंड के खिलाफ पाकिस्तान के कप्तान 4 रन पर आउट हो गए। इस टूर्नामेंट के 3 मैच में बाबर सिर्फ 8 रन बना सके हैं।

पर्थ की बाउंसी और तेज पिच पर पाकिस्तान की पेस बैटरी ने शानदार बॉलिंग की। पहले खेलने उतरी नीदरलैंड की टीम को महज 91 रन पर रोक लिया।



हालांकि, नीदरलैंड की टीम ऑलआउट फिर नहीं हुई।

92 रन के टारगेट को चेज करने में पाकिस्तानी बल्लेबाजों को 13 ओवर लग गए। इतना ही नहीं, उसने 4 विकेट भी गंवा दिए। मोहम्मद रिजवान ने सबसे ज्यादा 49 रन बनाए। वो 23वीं हाफसेंचुरी नहीं जमा सके।

पूरी मैच रिपोर्ट पढ़ने से पहले जानिए पाकिस्तान की जीत के कारण...

कंजूस गेंदबाजी

पाकिस्तान के गेंदबाजों ने कंजूस और सटीक गेंदबाजी की। यही वजह थी कि नीदरलैंड बड़ा स्कोर नहीं बना सकी। डच टीम को पहला झटका शाहीन शाह अफरीदी ने दिया। उसके बाद विकेट रुक-रुककर गिरे। लेकिन, रन रेट बहुत ही कम रहा। टीम ने दस ओवर में तीन विकेट पर महज 34 रन बनाए थे।

रिजवान की पारी

ओपनर मोहम्मद रिजवान (49) ने अच्छी पारी खेली। उन्होंने 125.64 की स्ट्राइक रेट से बैटिंग की। बाबर का विकेट 16 के स्कोर पर गिरा। इसके बाद रिजवान और फखर जमान ने पारी संभाली। इस जोड़ी ने 31 गेंद में 37 रन जोड़े।

एकरमैन के अलावा कोई डबल डिजिट में नहीं आया

पाकिस्तानी गेंदबाजों का दबदबा ऐसा रहा कि एकरमैन के अलावा कोई और बल्लेबाज डबल डिजिट में नहीं पहुंच सका।

दोनों टीमों की प्लेइंग XI

नीदरलैंडः स्टीफन मायबर्ग, मैक्स ओ'डॉड, बास डी लीड, टॉम कूपर, कॉलिन एकरमैन, स्कॉट एडवर्ड्स (कप्तान और विकेटकीपर), रूलोफ वैन डेर मेर्वे, टिम प्रिंगल, फ्रेड क्लासेन, पॉल वैन मीकेरेन, ब्रैडन ग्लोवर। पाकिस्तानः बाबर आजम (कप्तान), मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), शान मसूद, फखर जमान, इफ्तिखार अहमद, शादाब खान, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद वसीम, शाहीन अफरीदी, नसीम शाह और हारिस रउफ।

पाकिस्तान के हौसले पस्त

गुरुवार को जिम्बाब्वे के खिलाफ हार के बाद पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने माना था कि उनकी टीम तीनों ही डिपार्टमेंट्स में कमजोर साबित हुई है। बाबर ने यह भी माना कि उनका अब सेमीफाइनल में पहुंचना बहुत मुश्किल है। हालांकि, उन्होंने वापसी का भरोसा भी जताया था। रविवार को उन्हें नीदरलैंड के खिलाफ जीत मिली, लेकिन यह बहुत शानदार नहीं कही जा सकती।

बाबर और मोहम्मद रिजवान की ओपनिंग पेयर को दुनिया में सबसे बेहतरीन माना जाता है। हालांकि, इस टूर्नामेंट में अब तक उनका फ्लॉप शो रहा। भारत के खिलाफ तो बाबर खाता तक नहीं खोल सके थे। नीदरलैंड के खिलाफ भी वो सिर्फ 4 रन पर आउट हो गए।

**पिछले 5 टी-20 मुकाबलों में पाकिस्तान का प्रदर्शन**




नीदरलैंड के पास खोने को कुछ नहीं था

नीदरलैंड के पास बतौर टीम छाप छोड़ने का अच्छा मौका है। गुरुवार को भारत ने उन्हें करीब-करीब एकतरफा हराया था। नीदरलैंड के पास बैलेंस्ड बॉलिंग अटैक है, लेकिन बैटिंग में टॉप ऑर्डर क्लिक नहीं कर रहा और यही उनके लिए मुसीबत का सबब है। पाकिस्तान के खिलाफ यह फिर साबित हो गया। इस टूर्नामेंट की सबसे फील्डिंग साइड उनके पास है।

### मैच ब्रीफ

T20 WORLD CUP

**टीम स्कोर**

| नीदरलैंड | | पाकिस्तान | |
|---|---|---|---|
| 91/9 | ओवर (20) | 95/4 | ओवर (13.5) |
| **बैटर** | **बॉलर** | **बैटर** | **बॉलर** |
| कॉलिन एकरमैन 27 (27) | शादाब खान 3/22 | मोहम्मद रिजवान 49 (39) | ब्रैडन ग्लोवर 2/22 |
| स्कॉट एडवर्ड्स 15 (20) | मोहम्मद वसीम 2/15 | फखर जमान 17 (16) | पॉल वैन मीकेरेन 1/19 |

**पाकिस्तान ने नीदरलैंड को 6 विकेट से हराया**

# न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को 65 रन से हराया

## ग्लेन फिलिप्स ने खेली 104 रन की धमाकेदार पारी

### बोल्ट ने झटके 4 विकेट



नई दिल्ली, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। टी-20 वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को 65 रन से हरा दिया है। कीवी कप्तान केन विलियमसन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और 20 ओवर में उनकी टीम ने 6 विकेट खोकर 167 रन बनाए। ग्लेन फिलिप्स ने सबसे ज्यादा 64 बॉल में 104 रन की पारी खेली।

इस दौरान उन्होंने 10 चौके और 4 छक्के लगाए। उनका स्ट्राइक रेट 162.50 का रहा। ये इस वर्ल्ड कप की दूसरी सेंचुरी है। पहला शतक साउथ अफ्रीका के राइली रूसो ने बांग्लादेश के खिलाफ बनाया था। श्रीलंका के लिए सबसे ज्यादा 2 विकेट कसून रजिथा ने लिए। वहीं, महेश तीक्ष्णा, धनंजय डी सिल्वा, हसरंगा और लाहिरु कुमारा को एक-एक सफलता मिली।

जवाब में श्रीलंका की टीम 19.2 ओवर में 102 रन बनाकर ही ऑलआउट हो गई। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट झटके। वहीं, मिचेल सैंटनर ने 2 विकेट लिए। टिम साउदी, ईश सोढ़ी और लॉकी फर्ग्युसन ने 1-1 विकेट अपने नाम किया।

इस जीत के साथ न्यूजीलैंड के 5 अंक हो गए हैं और वह अपने ग्रुप में नंबर-1 पर है। वहीं, श्रीलंका की टीम के सिर्फ 2 अंक है और वे लगभग सेमीफाइनल की रेस से बाहर हो गई है।

धनंजय डी सिल्वा ने न्यूजीलैंड के दूसरे ओपनर डेवोन कॉनवे को आउट किया। राउंड द विकेट से उन्होंने लेंथ गेंद ऑफ स्टंप के पास डाली, कॉनवे एक्स्ट्रा कवर के ऊपर से बड़ा शॉट लगाना चाहते थे, लेकिन गेंद थोड़ी रुक कर आई और कॉनवे बोल्ड हो गए। कॉनवे ने 4 बॉल का सामना किया और वो एक रन ही बना पाए।

कप्तान केन विलियमसन का फ्लॉप फॉर्म जारी है। उन्हें कसून रजिथा ने आउट स्विंग से अपना शिकार बनाया। विलियमसन गेंद को कवर की तरफ ड्राइव लगाना चाहते थे, लेकिन स्विंग से चकमा खा गए। उन्होंने 13 बॉल में 8 रन बनाए।

15वें ओवर की तीसरी बॉल पर वानिंदु हसरंगा ने डेरिल मिचेल को बोल्ड किया। हसरंगा की लेंथ गेंद पर मिचेल बड़ा शॉट खेलना चाहते थे। गेंद पड़कर अंदर आई और लेग स्टंप पर जा लगी। मिचेल ने 24 बॉल में 22 रन बनाए।

**दोनों टीमों की प्लेइंग इलेवन**

न्यूजीलैंडः डेवोन कॉनवे, फिन एलन, केन विलियमसन (कप्तान), ग्लेन फिलिप्स, जेम्स नीशम, डेरिल मिचेल, मिचेल सैंटनर, ईश सोढ़ी, टिम साउदी, लॉकी फर्ग्युसन और ट्रेंट बोल्ट।

श्रीलंकाः पथुम निसानका, कुसल मेंडिस (विकेटकीपर), धनंजय डी सिल्वा, चरित असलंका, भानुका राजपक्षे, दासुन शनाका (कप्तान), वानिंदु हसरंगा, चमिका करुणारत्ने, लाहिरु कुमारा, महेश तीक्ष्णा और कसून रजिथा।

# पाकिस्तानी बॉलर की बाउंसर

## रउफ की बॉल डी-लीड के हेलमेट में घुसी, रिटायर हर्ट हुए




नई दिल्ली, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रउफ ने नीदरलैंड के खिलाफ ऐसी बाउंसर डाली कि बल्लेबाज बास डी लीड रिटायर हर्ट होकर वापस लौट गए। हारिस ने 142 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बाउंसर डाली थी। इस मैच में वे सबसे तेज रफ्तार बॉलर भी रहे। उन्होंने 148.6 किमी. की रफ्तार से भी गेंद फेंकी। नीदरलैंड के बैटर डी-लीड क्रीज पर थे और गेंदबाज थे हारिस रउफ। छठा ओवर चल रहा था। तभी हारिस ने तेज रफ्तार बाउंसर डाली, जो डी-लीड के हेलमेट की ग्रिल तोड़कर घुस गई। गेंद डी-लीड की आंख के पास जाकर लगी। उनकी बाईं आंख के नीचे बड़ा कट लग गया और खून बहने लगा। आंख बाल-बाल बची। स्टेडियम में मौजूद फैंस की सांसें अटक गई थीं। इसके तुरंत बाद फिजियो को बुलाया गया और डी-लीड रिटायर हर्ट होकर वापस लौट गए। उन्होंने 6 रन बनाए थे। वे दोबारा बैटिंग करने नहीं आए। हारिस रउफ ने वर्ल्ड कप से पहले इंग्लैंड और पाकिस्तान के खिलाफ खेली गई सीरीज में भी ऐसी ही खतरनाक गेंदबाजी की थी। इंग्लैंड के युवा बल्लेबाज हैरी ब्रूक टी-20 सीरीज के तीसरे मुकाबले में हारिस की गेंद पर बाल-बाल बचे थे। इस मैच के 17वें ओवर में हारिस रउफ आए थे। ओवर की चौथी गेंद उन्होंने शॉर्ट पिच डाली और ब्रूक ने उसे पुल करने की कोशिश की। बल्ले के ऊपरी किनारे पर लगने के बाद गेंद उनके हेलमेट की ग्रिल में घुस गई। 10 मिनट तक मैच रुका रहा और इसके बाद डॉक्टर मैदान पर आए, चोट ज्यादा गंभीर नहीं थी और ब्रूक ने बल्लेबाजी जारी रखी।



**ओयू में आयोजित 9वें अंतर्राज्यीय रोलर स्केटिंग चैंपियनशीप में रंगारेड्डी जिला के लिए न्यू पैरामाउंट हाईस्कूल के छात्र टी अंकित सिंह ने गोल्ड मेडल जीता। इस अवसर पर उन्हें बधाई देते हुए कोच अबुद कुरैशी। गौरतलब है कि आगामी दिसंबर में बैंगलोर में होने वाले 60वीं राष्ट्रीय रोलर हॉकी मैचों के लिए तेलंगाना टीम में भी टी अंकित चयनित हुए हैं।**

# सूर्या 31 की उम्र में बने स्टार क्रिकेटर



नई दिल्ली, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। जी हां, सूर्या ने 31 साल की उम्र में टीम इंडिया के लिए अपना पहला मैच खेला और करीब 1 साल में भारतीय मिडिल ऑर्डर की रीढ़ बन गए। इस धाकड़ बल्लेबाज ने इस साल 25 मैच में 41.28 की औसत से 867 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 184.86 का रहा है। आखिर सूर्या ने यह सब कैसे हासिल किया? यही जानेंगे इस स्टोरी में।

12 साल पहले रणजी में डेब्यू किया था

सूर्यकुमार यादव ने 20 साल की उम्र में 2010 में रणजी में डेब्यू किया था। उस मैच में उनके साथ भारतीय कप्तान रोहित शर्मा बल्लेबाजी कर रहे थे। इस मैच में सूर्या ने 73 रनों की पारी खेली और टॉप स्कोरर भी रहे। इसके बाद अगले ही साल 2011-12 के रणजी सीजन में 754 रन जड़कर मुंबई की टीम में अपनी जगह पक्की कर ली और इसके बाद लगातार घरेलू क्रिकेट में रन बनाते रहे।

शार्दूल ठाकुर से लडे. और कप्तानी छोड़ दी

घरेलू क्रिकेट में सूर्यकुमार यादव की फिटनेस हमेशा सिर दर्द बनी रहती थी। 2014 में उनके साथी खिलाड़ी शार्दूल ठाकुर से लड़ाई हुई थी और अनुशासनहीनता की रिपोर्ट्स आने के बाद उन्होंने 2015 में अचानक घरेलू क्रिकेट में मुंबई की कप्तानी छोड़ दी की। सूर्यकुमार यादव ने 2013 में अंडर-23 एशिया कप खेला था। उनके साथ उस समय अक्षर पटेल, केएल राहुल, जसप्रीत बुमराह खेल चुके थे। ये सभी खिलाड़ी सूर्या से पहले भारतीय टीम के लिए डेब्यू कर चुके थे। वहीं, सूर्या का नाम चयनकर्ताओं के लिस्ट में ही नहीं आ रहा था।

शादी के बाद बदली किस्मत

2016 में सूर्या की शादी देविशा से हुई और सबकुछ बदल गया। उन्होंने हाल ही में ईएसपीएन क्रिकइन्फो को दिए एक इंटरव्यू में कहा था, '2018 तक मेरा चयन जब भारतीय टीम में नहीं हुआ तो मैं काफी परेशान रहने लगा। तब देविशा ने मुझे संभाला उसका कहना था कि तुम इन सब बातों पर ध्यान नहीं दो, बस खुद पर फोकस करो। धीरे-धीरे सब अच्छा होगा।

उसने मुझे कभी फ्रस्टेशन में नहीं आने दिया। सबसे अच्छी बात ये थी कि हम प्रॉब्लम नहीं सोल्यूशन ढूंढते थे कि कैसे मैं और बेहतर कर सकता हूं। वो मुझे केवल अपने भविष्य पर ध्यान देने को कहती और उसे बेहतर बनाने पर जोर देती। मैं जब भी घर पर रहता कभी निराश नहीं हुआ।

इस इंटरव्यू में सूर्या ने आगे कहा कि मुझे शादी से पहले तक पता ही नहीं था कि सही डाइट क्या होती है। मुझे जो पसंद आए वो खाता था। चाहे वो बिरयानी हो या फिर आइसक्रीम, लेकिन 2018 से मैं इस ओर ध्यान देने लगा और इसका सारा क्रेडिट मेरी पत्नी को जाता है।

जब डाइट ना करने से मेरे शरीर पर असर होने लगा तो मेरी बात देविशा से हुई। उसने मुझे समझाया कि प्रॉपर डाइट फॉलो कर के देखते हैं। उसके बाद सब सही हो गया। 2020 आते-आते मेरा शरीर पूरी तरह फिट हो चुका था और इसका पॉजिटिव असर मेरे क्रिकेट पर भी दिखने लगा।

टीम इंडिया में आने से पहले आईपीएल से बनाई पहचान

आईपीएल 2012 में ही सूर्या को मुंबई इंडियंस ने खरीदा। सूर्या अपने पहले मैच में 0 पर आउट हो गए इसके बाद पूरे सीजन कोई और मैच नहीं मिला। 2013 में वे आईपीएल नहीं खेले। 2014 से 2017 तक वो कुछ खास नहीं कर पाए थे।

फिर लगातार बेहतर होती फिटनेस से 2018, 2019 और 2020 में उनके खेल में मानो चमत्कार सा हो गया। इन तीन सालों में सूर्या ने 512, 424 और 480 रन बना दिए। 2018 के आईपीएल में वो सबसे महंगे अनकैप्ड खिलाड़ी बने। तब एमआई ने उन्हें 3.2 करोड़ रुपये में खरीदा था।

# अभा वैश्य महासम्मेलन का अन्नकूट व स्नेह मिलन आयोजित, शामिल रहे 50 हजार से अधिक लोग

## राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. गिरीश कुमार संघी ने किया महाराज भीष्मजी परमहंस बाबा ध्यानानंदजी महाराज का सम्मान

गुरूग्राम, 30 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य डॉ. गिरीश कुमार संघी की प्रेरणा से हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन ने गुरूग्राम में अन्नकूट महोत्सव एवं स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया। इस महोत्सव में हिन्दू समाज की सभी जाति एवं वर्ग के 50 हजार से अधिक लोग शामिल हुए। महोत्सव एवं स्नेह मिलन में शामिल होने वाले लोगों का प्रवेश द्वार पर वैश्य समाज की महिलाओं ने चंदन का तिलक लगाकर स्वागत किया।

गुरूग्राम के सेक्टर 29 में महाराणा प्रताप पार्क में आयोजित महोत्सव में आनंद पीठाधीश्वर आचार्य डॉ. बालकानंद गिरी, स्वामीनारायण मंदिर के आचार्य धर्ममूर्ति एवं आचार्य अक्षर चिंतन, दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के स्वामी नरेन्द्रानंद, महास्वामीजी तिजारा के जैनसंत सौरभसेन भट्टारक पट्टाचार्य, धड़ोहीधाम विसान के महाराज भीष्मजी परमहंस बाबा ध्यानानंदजी महाराज ने सभी को आशीर्वाद



दिया।

अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व राज्यसभा सदस्य डॉ. गिरीश कुमार संघी ने अन्नकूट एवं स्नेह मिलन महोत्सव में सभी संतों का स्वागत किया। राष्ट्रीय महामंत्री डॉक्टर गोपाल मोर, दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल, आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पंकज गुप्ता, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, महापौर मधु आजाद, संगठन की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष सुधीर एस हलवासिया, संगठन के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष बालकिशन अग्रवाल और आरएसएस के प्रचारक अभिनाश जायसवाल अन्नकूट महोत्सव में विशेष रूप से शामिल हुए। इस महोत्सव में भजन सम्राट कन्हैया मित्तल ने लोगों को अपने भक्ति रस के भजनों से सभी को मंत्रमुग्ध कर लिया। अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय महामंत्री एवं गुरूग्राम के पूर्व विधायक उमेश अग्रवाल ने सभी संतों के पैर पखार कर उनका आशीर्वाद लिया। इस महोत्सव की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन और ग्यारह सौ ब्राह्मणों के शंखनाद व खरताल के साथ हुई। महोत्सव के संयोजक संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री उमेश अग्रवाल और गुरूग्राम के जिलाध्यक्ष डॉ. मंदीप किशोर गोयल थे। हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री दुर्गादत्त गोयल ने मंच और दरबार की पूरी व्यवस्था को संभाल रखा था। उत्तर प्रदेश से राष्ट्रीय सचिव गिरीश बंसल, राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य सचिन अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मेरठ मंडल प्रभारी हेमंत सिंघल, प्रदेश महामंत्री भारत भूषण गुप्ता, गौतम बुद्धनगर जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता, गाजियाबाद जिला उपाध्यक्ष सुशांत गुप्ता, प्रदेश महिला महामंत्री ममता वार्ष्णेय, दिल्ली की श्रीमती सीमा गुप्ता सहित हरियाणा के गुरूग्राम जिला महासचिव देवेन्द्र गुप्ता, महिला जिलाध्यक्ष मीनाक्षी गुप्ता, ज्योति गुप्ता, महालक्ष्मी मंदिर समिति के अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल और महासचिव मुकेश सिंघल, युवा वैश्य महासम्मेलन के जिलाध्यक्ष विवेक गुप्ता, महावर वैश्य महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष रामानंद गुप्ता, महासचिव राजेन्द्र कलंत्री, धर्म ध्वजा यात्रा संघ के महासचिव हंसराज कसाना और राजस्थान के पदाधिकारी भी प्रमुख रूप से इस महोत्सव में शामिल हुए।

# तेलंगाना में भारत जोड़ो यात्रा के मद्देनजर ट्रैफिक डायवर्जन

हैदराबाद, 30 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। साइबराबाद ट्रैफिक पुलिस ने 'भारत जोड़ो यात्रा' के मद्देनजर रविवार से शुरू होने वाले चार दिनों के लिए कुछ ट्रैफिक डायवर्जन की घोषणा की है।

सोमवार को शादनगर में सुबह 6 बजे से दोपहर 3 बजे के बीच ट्रैफिक डायवर्जन रहेगा। पारगी से ट्रैफिक शादनगर एक्स रोड-बीएसएनएल ऑफिस-केशमपेट रेलवे गेट-एनएच-44 रोड पर डायवर्ट किया जाएगा। हैदराबाद से शादनगर टाउन की ओर यातायात एनएच-44 रोड-जेपी दरगा एक्स रोड-नंदीगामा (मेकागुडा)-दुस्कल एक्स रोड और केशमपेट एक्स रोड पर कोथुर वाई जंक्शन पर डायवर्ट किया जाएगा।

शादनगर से हैदराबाद की ओर जाने वाले ट्रैफिक को चटनपल्ली रेलवे स्टेशन रोड और केशमपेट रेलवे गेट पर डायवर्ट किया जाएगा। जडचेर्ला और शादनगर से वाहनों को केवल एक लेन और दूसरी लेन कोथूर एक्स रोड-तिम्मापुर-चेगुर टी जंक्शन-पालामकुला से जुलूस के लिए अनुमति दी जाएगी।

दोपहर 3 से 8 बजे के बीच, बेंगलुरू से शमशाबाद की ओर यातायात को पालमकुला गांव में जीवा अस्त्रमम-गोलुरु एक्स रोड-शंकरपुरम गांव-संगीगुड़ा जंक्शन-ओआरआर सर्विस रोड-पेड्डा गोलकोंडा टोलगेट-बहादुरगुडा गांव-गोल्लापल्ली-किशनगुडा फ्लाई ओवर की ओर डायवर्ट किया जाएगा। मंगलवार को सुबह 6 बजे से 10 बजे के बीच ट्रैफिक डायवर्जन के तहत बेंगलुरू से हैदराबाद की ओर यातायात को थोंडुपल्ली टोलगेट पर रैलगुडा सर्विस रोड-रल्लागुडा जंक्शन-एयरपोर्ट कॉलोनी जंक्शन-राजीव गृह कल्पा जंक्शन-ओआरआर अंडरपास-सिमप्लेक्स जंक्शन-सतमराय और गगनपहाड़ की ओर मोड़ दिया जाएगा।






# हथकरघा पर 5 फीसदी जीएसटी लगने के बाद बुनकर परेशान : केसीआर

## सीएम ने बुनकरों से किया भाजपा को सबक सिखाने का आग्रह



हैदराबाद, 30 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने कहा कि नरेंद्र मोदी के अलावा किसी अन्य प्रधानमंत्री ने हथकरघा पर जीएसटी नहीं लगाया। उन्होंने बुनकरों से भाजपा को सबक सिखाने का आग्रह किया। मुनुगोड़े में बोलते हुए, चंद्रशेखर राव ने कहा कि हथकरघा पर पांच प्रतिशत जीएसटी बुनकर समुदाय पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है, इसके अलावा उन पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ डाल रहा है। चंद्रशेखर राव ने कहा कि बुनकरों को लगाये गये जीएसटी पर सोचना चाहिए तथा धोखेबाजों के झांसे में नहीं आना चाहिए। मुनुगोड़े के सभी बुद्धिजीवियों, छात्रों, युवाओं, महिलाओं और कलाकारों को इन पहलुओं पर विस्तार से चर्चा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब तक भाजपा सरकार इस मांग पर विचार नहीं करती, तब तक प्रधानमंत्री से पांच प्रतिशत जीएसटी खत्म करने की मांग करने वाला पोस्टकार्ड आंदोलन जारी रहना चाहिए।

उपचुनाव में बुनकरों के परिवारों का एक भी वोट भाजपा के पक्ष में नहीं जाना चाहिए। देश में लोकतंत्र को बचाने के लिए टीआरएस वामदलों के साथ मिलकर संघर्ष कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अथक संघर्ष भविष्य में भी जारी रहेगा। लोगों को अपने वोट का उपयोग सावधानी से करना चाहिए और झूठे आश्वासनों के बहकावे में नहीं आना चाहिए। उन्होंने कहा कि वोट का इस्तेमाल समाज की भलाई के अलावा देश की समृद्धि और विकास सुनिश्चित करने के लिए एक हथियार के रूप में किया जाना चाहिए। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने भाजपा पर अपने विधायकों को खरीदने का आरोप लगाया। उन्होंने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि दिल्ली के दलाल हमारे विधायकों को रिश्वत देकर खरीदने का काम कर रहे हैं। तेलंगाना के एक फार्महाउस में हमारे 4 विधायकों को 100 करोड़ रुपए की पेशकश की गई, लेकिन केसीआर के विधायक बिकने वाले नहीं।

# जीएचएमसी ने रिकॉर्ड संपत्ति कर जमा किया, छह महीने के भीतर 1,000 करोड़

हैदराबाद, 30 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) का संपत्ति कर संग्रह छह महीने के भीतर 1,000 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर गया है, जो किसी भी वित्तीय वर्ष के पहले छह महीनों के लिए एक रिकॉर्ड संग्रह है।

जीएचएमसी में 30 सर्किल हैं और इस साल अप्रैल से 28 अक्टूबर के बीच, कुल 1,165.17 करोड़ रुपये एकत्र किए गए, जिसमें शेरिलिंगमपल्ली सर्कल 171.23 करोड़ रुपये के साथ चार्ट में अग्रणी रहा, इसके बाद जुबली हिल्स सर्कल (119.49 करोड़ रुपये) और खैरताबाद सर्कल (रु.92) का स्थान रहा। अधिकांश संपत्ति मालिकों ने इस वर्ष ऑनलाइन कर का भुगतान किया और कुछ ने मी सेवा केंद्रों के माध्यम से भुगतान किया। कई संपत्ति मालिकों से कर लेने वाले बिल लेने वालों के अलावा, कुछ ऐसे भी थे जिन्होंने जीएचएमसी नागरिक सेवा केंद्रों पर जाकर भुगतान किया।

जुलाई में शुरू की गई वन-टाइम स्कीम (ओटीएस) के साथ, 47,205 आकलनों के माध्यम से 92.78 करोड़ रुपये की राशि एकत्र की गई और यह राजस्व इस साल अप्रैल से 28 अक्टूबर तक उत्पन्न 1,165 करोड़ रुपये के राजस्व का हिस्सा है।

ओटीएस ने संपत्ति कर बकाया से जूझ रहे लोगों को राहत दी और यह योजना 31 अक्टूबर को समाप्त हो जाएगी। इस योजना के तहत, राज्य सरकार ने संपत्ति कर पर 90 प्रतिशत जमा बकाया ब्याज की छूट का आदेश दिया है। लेकिन, करदाता को एक बार में 10 प्रतिशत संचित ब्याज के साथ, 2021-22 तक बकाया कर की मूल राशि का भुगतान करना चाहिए। योजना ओटीएस के तहत एकत्र कर को और बढ़ाने की है और राजस्व सृजन गतिविधि के हिस्से के रूप में, जीएचएमसी आयुक्त ने आदेश दिया है कि 30 अक्टूबर यानी रविवार को इस राजस्व सृजन अभ्यास से जुड़े लोगों के लिए एक कार्य दिवस होगा। सोमवार को ओटीएस समाप्त होने के बाद, बिल संग्रहकर्ता रविवार को घरों का दौरा करेंगे और लोगों से बकाया ब्याज का भुगतान करने के लिए कहेंगे। जीएचएमसी के एक अधिकारी ने कहा कि गतिविधि की निगरानी निगम के वरिष्ठ अधिकारी भी करेंगे।

## सरदार सरवई पपन्ना की जयंती व पुण्यतिथि पर होंगे आधिकारिक समारोह

हैदराबाद, 30 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य सरकार अब से सरदार सर्वई पपन्ना की जयंती व पुण्यतिथि पर राजकीय समारोह के रूप में मनाएगी। यहां जारी एक आदेश में, बीसी कल्याण विभाग को 18 अगस्त को सरदार सर्वई पपन्ना की जयंती और 2 अप्रैल को उनकी पुण्यतिथि पर को हर साल राज्य समारोह के रूप में मनाने का निर्देश दिया गया है। सरदार पपन्ना को 17वीं शताब्दी में कई दलित वर्गों के लिए रॉबिन हुड की तरह माना जाता था, मुगलों के खिलाफ उनके वीर कारनामों के साथ, विशेष रूप से औरंगजेब तेलंगाना में लोककथाओं का हिस्सा थे।

## सौतेली बेटी के यौन उत्पीड़न और मौत के आरोपी गिरफ्तार

निजामाबाद, 30 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। नगर के नीलोफर अस्पताल में 20 अक्टूबर को अपनी सौतेली बेटी की मौत के बाद फरार हुए गोविंद राव नाम के एक शख्स को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने खुलासा किया कि राव ने बच्ची का यौन उत्पीड़न किया था और जब वह बेहोश हो गई तो उसे अस्पताल ले जाया गया था, जहां उसकी मौत हो गई थी। इसके बादे से वह मौके से फरार हो गया था और शनिवार को जब वह अपने गांव धर्मराम लौटा तो उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस के मुताबिक 20 अक्टूबर की शाम को गोविंद राव ने अपनी सौतेली बेटी को एक डॉक्टर के पास भेजा और लौटते समय मेंतराजपल्ली गांव के पास उसका यौन उत्पीड़न किया। नाबालिग बच्ची इस हमले को सहन नहीं कर सका और बेहोश हो गयी। राव पहले उसे निजामाबाद के सरकारी अस्पताल ले गए, जहां उसे नीलोफर अस्पताल ले जाने की सलाह दी गई, जहां उसकी मौत हो गई।






# सीएम जगन ने आंध्र प्रदेश को बर्बाद कर दिया : तेदेपा

अमरावती, 30 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। वरिष्ठ तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) के नेता यनमाला रामकृष्णुडु ने रविवार को आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी ने कभी विकास की राह पर चल रहे आंध्र प्रदेश को पूरी तरह बर्बाद कर दिया।

पूर्व वित्त मंत्री ने कहा कि जगन मोहन रेड्डी भ्रामक अभियानों का सहारा ले रहे हैं और अपनी विफलताओं से जनता का ध्यान हटाने के लिए ही राज्य के लोगों के बीच धार्मिक और क्षेत्रीय मतभेद पैदा कर रहे हैं। रामकृष्णुडु ने कहा कि उन्होंने इन साढ़े तीन वर्षों में राज्य को पूरी तरह से नष्ट कर दिया है, जिसे दूरदर्शी एन चंद्रबाबू नायुडू ने बहुत मेहनत से बनाया था।

टीडीपी पोलित ब्यूरो के सदस्य ने कहा कि पोलावरम परियोजना, जो आंध्र प्रदेश के लोगों की जीवन रेखा है, को रोकना जगन रेड्डी के अत्याचारी शासन का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने दावा किया कि लोग वाईएसआरसीपी शासन को अलविदा कहने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब भी चुनाव होंगे, यह तय है कि वाईएसआरसीपी उम्मीदवारों को उनकी जमा राशि भी वापस नहीं मिलेगी। टीडीपी नेता ने कहा कि राज्य में किसान असुरक्षित महसूस कर रहे हैं क्योंकि शून्य ब्याज और फसल ऋण जैसी योजनाओं को ठीक से लागू नहीं किया जा रहा है जिससे किसान निजी ऋण लेने के लिए मजबूर हो रहे हैं। उन्होंने महसूस किया कि कृषि पंप सेटों के लिए मीटर लगाए जा रहे हैं जो किसानों पर भारी बोझ बन गए हैं। यह याद करते हुए कि तेदेपा शासन के दौरान 12 लाख से अधिक किसानों को कृषि ऋण दिया गया था, यनमाला रामकृष्णुडु ने कहा कि अब दो लाख किसानों को भी ऋण स्वीकृत नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य से सबसे ज्यादा किसान आत्महत्याओं की सूचना मिली है और यह कृषि क्षेत्र को दी जा रही सहायता के बारे में बताता है। तेदेपा नेता ने आरोप लगाया कि जगन ने शिक्षा, चिकित्सा और खेती जैसे प्रमुख क्षेत्रों की पूरी तरह उपेक्षा की है। उन्होंने टिप्पणी की कि मुख्यमंत्री इन क्षेत्रों को विकसित करने की तुलना में संगठनों के नाम बदलने में अधिक रुचि दिखा रहे हैं।

आंध्र प्रदेश, जो 2017-18 में निति आयोग द्वारा जारी राष्ट्रीय स्वास्थ्य सूचकांक में चौथे स्थान पर है, अब 10वें स्थान पर आ गया है और राज्य के प्रमुख अस्पताल आरोग्यश्री कार्ड का सम्मान नहीं कर रहे हैं।

रामकृष्णुडु ने कहा कि वाईएसआरसीपी सरकार ऋणों और विकास के संबंध में झूठ को स्पष्ट रूप से पेश कर रही है, उन्होंने कहा कि चल रहे सिंचाई परियोजना के काम रुक गए हैं। उन्होंने कहा कि तेदेपा सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि राज्य के किसी भी हिस्से में राशन की दुकानों के सामने कतार न लगे, लेकिन अब स्थिति पूरी तरह से अलग है। उन्होंने कहा कि चावल के अलावा अब राशन की दुकानों से किसी अन्य उत्पाद की आपूर्ति नहीं की जा रही है।


स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com


Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.